RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 340
लखनऊ, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर



यह सही इतिहास लिखने का समय
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# विपक्षी दलों का रवैया विकास विरोधी: प्रधानमंत्री

## ● कहा, पूरी दुनिया भारत का गौरव गान कर रही है

**भाषा।** ग्वालियर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विकास विरोधी राजनीति के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि उनके (विपक्ष के) पास कोई सोच या रोडमैप नहीं है और मौजूदा सरकार के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति देखने से उन्हें नफरत है। मोदी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के विरोधी दलों को वैश्विक मंचों पर आजकल देश की हो रही प्रशंसा पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया भारत का गौरव गान कर रही है। आज दुनिया को भारत में अपना भविष्य दिखता है, लेकिन जो राजनीति में उलझे हैं और जिन्हें कुर्सी के सिवाय कुछ नजर नहीं आता है, उन्हें आज दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बजना भी अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने कहा, भारत नौ साल में 10वें नंबर से पांचवें नंबर की आर्थिक ताकत बन गया है, लेकिन विकास-विरोधी लोग ए सिद्ध करने में जुटे हैं कि ऐसा हुआ ही नहीं है। उन्होंने कहा, मोदी ने गारंटी दी है कि अगले कार्यकाल में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में एक नाम हमारे हिन्दुस्तान का होगा और इससे भी सत्ता के भूखे लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को मध्य प्रदेश में 19,260 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद ग्वालियर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। मध्य प्रदेश में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को डबल इंजन की सरकार (राज्य और केंद्र में भी भाजपा सत्ता में है) पर भरोसा है, क्योंकि इसने मध्य प्रदेश का डबल-विकास सुनिश्चित किया है। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू श्रेणी से बाहर निकाला है और विकास के मामले में इसे देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल कराया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष-शासित राज्यों में अपराध और भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर है, जबकि बुनियादी ढांचे और विभिन्न क्षेत्रों में विकास भाजपा-शासन की प्रमुख विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश का विकास वे लोग नहीं कर सकते जिनके पास न तो कोई सोच है न विकास का रोडमैप। इनका एक ही काम है, देश की प्रगति से नफरत, भारत की योजनाओं से नफरत। अपनी नफरत में ए देश की उपलब्धियों को भूल जाते हैं। मोदी ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मध्य प्रदेश देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हो। आपका एक वोट मध्य प्रदेश को देश में तीसरे नंबर पर ले जाएगा।



ग्वालियर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## मोदी का राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर हमला

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान सरकार की किसी योजना को बंद नहीं करने की गारंटी मांगने वाली मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की टिप्पणी को लेकर उन्हें सोमवार को आड़े हाथों लिया और कहा कि यह कहकर गहलोत ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर भाजपा जनहित की किसी योजना को बंद नहीं करेगी और यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने चित्तौड़गढ़ में जनसभा को संबोधित किया। यह राजस्थान में उनकी एक सप्ताह में दूसरी जनसभा थी जहां इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी राज्य के आगामी चुनाव में किसी को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश नहीं करेगी। मोदी ने कमल के निशान को ही पार्टी की उम्मीद व उम्मीदवार बताया। मोदी ने अपने संबोधन से पहले राजस्थान में एक अन्य कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने प्रसिद्ध सांवलिया मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री गहलोत ने हाल में कई बार कहा है कि मोदी को यह गारंटी देनी चाहिए कि अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार की योजनाएं बंद नहीं करेगी।

# हिंदुत्व से जुड़े हर अभियान का अहम हिस्सा रहे महंत दिग्विजयनाथ: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ ने वर्ष 1949 में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के प्रकटीकरण के जरिए तत्कालीन सरकार की कुत्सित मंशा को नाकाम किया और वह राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन समेत देश में हिंदुत्व से जुड़े लगभग सभी बड़े आंदोलनों का अहम हिस्सा रहे। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि एक संत का अपना व्यक्तिगत जीवन नहीं होता। वह देश व धर्म के लिए समर्पित होता है। देश और समाज की आवश्यकता ही संत की प्राथमिकता होती है। महंत दिग्विजयनाथ ऐसे ही संत थे। उन्होंने अपने समय की चुनौतियों के लिए संघर्ष किया। योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत सोमवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ का संबंध राजस्थान के मेवाड़ के उस राणा कुल से है, जिसने देश के स्वाभिमान के लिए लड़ते हुए अपना जीवन मातृभूमि को समर्पित कर दिया। उन्होंने यहां पर अनेक धार्मिक राजनीतिक अनुष्ठानों से जुड़कर कर समाज के लिए कुछ नया करने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों के आश्रमों में विज्ञान के शोध होते थे इसलिए राक्षसगण उस पर आक्रमण करते थे। महंत दिग्विजयनाथ ने गोरक्षपीठ से जुड़कर सबसे पहले शिक्षा पर जोर देते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। युवा पीढ़ी राष्ट्रभावना से ओत प्रोत हो, इसके लिए उन्होंने अपने संस्थानों का विस्तार किया। उनके द्वारा स्थापित शिक्षा परिषद एक विश्वविद्यालय की स्थापना में योगदान देने के साथ एक अपना विश्वविद्यालय स्थापित कर चुका है। साथ ही ही चार दर्जन शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करके राष्ट्र व समाज से जुड़े ज्वलंत चुनौतियों के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने का काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक नया भारत है। इसमें नेतृत्व का ही नहीं, हम सभी का दायित्व है कि हम देश के नेतृत्व के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। इसके लिए हमें शिक्षा पर ध्यान देना होगा । राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसके लिए एक संकल्प पत्र है। इसके आधार पर हम देश के साथ-साथ अपने जीवन के सपनों को साकार कर सकते हैं। महंत दिग्विजयनाथ न केवल शिक्षा में ही अपितु राजनीति के जरिए राष्ट्र के अभियान से जुड़े। उन्होंने बिखरे हुए नाथ योगियो को संगठित करने के लिए योगी महासभा का गठन किया। देश के उत्थान के लिए उन सभी आंदोलनों से जुड़कर उन्होंने कार्य कियाए जिनके द्वारा समाज व राष्ट्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हो।



ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ को श्रद्धासुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## क्विक न्यूज

### नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 12 शिशुओं समेत 24 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटे में 12 शिशु समेत 24 लोगों की मौत हो गई। एक शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के निदेशक डॉ. दिलीप म्हैसेकर ने पीटीआई-भाषा को बताया, पिछले 24 घंटे में, नांदेड़ सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज (जीएमसीएच) में 24 लोगों की मौत हुई है। इनमें 12 शिशु हैं जिन्हें कुछ स्थानीय निजी अस्पतालों से यहां भेजा गया था। शेष मृतक वयस्क थे, जिनकी विभिन्न कारणों से मौत हुई। उन्होंने बताया, छत्रपति संभाजीनगर (पहले औरंगाबाद) जिले की तीन सदस्ईय विशेषज्ञ समिति का गठन कर उसे मंगलवार दोपहर एक बजे तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। मैं स्थिति की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने के लिए अस्पताल जा रहा हूं। कांग्रेस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि जीएमसीएच के डीन ने उन्हें 24 लोगों की मौत के बारे में बताया है। अस्पताल के डीन से मिली जानकारी का हवाला देते हुए उन्होने कहा, जिन 24 लोगो की मौत हुई है, उनमें से 6-7 नवजात थे और कुछ गर्भवती महिलाएं थी।

# बिहार में जाति जगणना के आंकड़े जारी

## ● राज्य में ओबीसी-ईबीसी कुल आबादी का दो-तिहाई, लोकसभा सीटों का बिगड़ सकता है समीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली

**बिहार** में लोकसभा सीटों के समीकरण को 'बिगाड़ने' के नजरिये से नीतीश कुमार सरकार ने सोमवार को महीनों से अपने बहुप्रतीक्षित जाति सर्वेक्षण के निष्कर्ष जारी कर दिए। इसके मुताबिक ओबीसी और ईबीसी राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत हिस्सा हैं। जाति जनगणना पहली बार ब्रिटिश काल में 1872 में हुई थी और आखिरी जाति जनगणना 1931 में हुई थी। ये आंकड़े इस तरह अन्य जगहों पर जाति-आधारित जनगणना की मांग को बढ़ावा दे सकता है। यह मुद्दा विपक्षी गठबंधन इंडिया का एक प्रमुख एजेंडा भी है। यह नीतीश और गठबंधन को हिंदी पट्टी में आगामी चुनावों में मदद कर सकता है, जहां जाति की राजनीति एक प्रमुख भूमिका निभाती है।

इंडिया गठबंधन की प्रमुख घटक कांग्रेस ने इस घोषणा का स्वागत किया है, जबकि महागठबंधन के एक अन्य सहयोगी लालू यादव के नेतृत्व वाली राजद ने जाति जनगणना की पुरनी मांग पूरी होने पर खुशी व्यक्त की है। हालाँकि, विपक्षी भाजपा ने जाति सर्वेक्षण पर असंतोष व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि इसने वर्षो में 'बदली हुई सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं' का अंदाजा नहीं दिया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी ने इस कवायद के लिए 'अपनी सहमति दी है' और अब वह सार्वजनिक किए गए निष्कर्षों का आकलन करेगी।

विकास आयुक्त विवेक सिंह द्वारा यहां जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है, जिसमें से अत्यंत पिछड़ा वर्ग (36 प्रतिशत) सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है, इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग 27.13 प्रतिशत है। पिछड़ी जाति के नेता लंबे समय से दावा कर रहे हैं कि जिन जातियों का वे प्रतिनिधित्व करते हैं उनकी जनसंख्या 1931 की जाति जनगणना के आधार पर पारंपरिक ज्ञान से कहीं अधिक है, जो आखिरी बार की गई थी। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि यादव, ओबीसी समूह जिससे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव संबंधित हैं, जनसंख्या के मामले में सबसे बड़े हैं, जो कुल का 14.27 प्रतिशत है। दलित, जिन्हें अनु. जाति भी कहा जाता है, राज्य की कुल आबादी का 19.65 प्रतिशत हैं। साथ ही यह राज्य अनु. जनजाति के लगभग 22 लाख (1.68 प्रतिशत) लोगों का भी घर है। 'अनारक्षित' श्रेणी से संबंधित लोग, जो 1990 के दशक की मंडल लहर तक राजनीति पर हावी रहने वाली 'उच्च जातियों' को दर्शाते हैं, कुल आबादी का 15.52 प्रतिशत हैं। वहीं नीतीश ने कहा कि राज्य विधानमंडल में चुनावी उपस्थिति वाले सभी नौ राजनीतिक दलों की जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी और तथ्यों और आंकड़ों को उनके साथ साझा किया जाएगा।



पटना में सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मीडिया को जाति जनगणना के बारे में जानकारी देते हुए।

# दिल्ली में धरा गया मोस्ट वांटेड आतंकी

## ● शाहनवाज पर तीन लाख रुपये का था इनाम, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी इंजीनियर और बम बनाने में माहिर

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**पुणे** आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ मिली एक और सफलता में दिल्ली पुलिस ने इस्लामिक स्टेट के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शफी उज्जमा है, जिसके सिर पर तीन लाख रुपये का इनाम था। शाहनवाज राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोस्ट वांटेड सूची में था। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी इंजीनियर हैं और उन्हें बम असेंबल करने में महारत हासिल थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, तीनों विदेश स्थित हैंडलर्स से निर्देश लेकर उत्तर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) एचएस धालीवाल ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा, 'पिछले महीने एनआईए ने विस्फोट मामलों में कथित संलिप्तता वाले तीन लोगों पर पुरस्कार घोषित किया था। उनमें से मुख्य आरोपी मोहम्मद शाहनवाज को उसके दो साथियों दो सहयोगी--मोहम्मद रिज़वान अशरफ़ और मोहम्मद अरशद वारसी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।'शाहनवाज को रविवार रात दक्षिणपूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। अशरफ और अरशद को क्रमश: उत्तर प्रदेश के लखनऊ और मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया था। तीनों संदिग्ध आतंकवादियों को सुबह अदालत में पेश किया गया और उन्हें सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए धालीवाल ने कहा, 'शाहनवाज विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियर हैं और उसे ब्लास्ट मैकेनिज्म का ज्ञान है। वह झारखंड के हजारीबाग से हैं। उनकी पत्नी बसंती पटेल ने इस्लाम अपना लिया है और अब उसे मरियम के नाम से जाना जाता है। वह अभी फरार है।' धालीवाल ने कहा, शाहनवाज के ठिकानों से पाकिस्तान स्थित आकाओं द्वारा भेजा गया बम बनाने का साहित्य और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की गईं।



नई दिल्ली में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की गिरफ्त में पकड़े गए आतंकवादी

# देवरिया में जमीन विवाद में छह लोगों की हत्या

## ● योगी का सख्त कार्रवाई का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** देवरिया, लखनऊ

**देवरिया** जिले के रुद्रपुर क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताते हुए दोषियों को किसी भी कीमत पर ना बख्शने के सख्त निर्देश दिए हैं। वहीं, विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में आज सुबह करीब छह बजे जमीन के विवाद को लेकर सत्य प्रकाश दुबे (54), उसकी पत्नी किरण (52), बेटी सलोनी (18) और नंदिनी (10) तथा बेटे गांधी (15) की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले आज सुबह जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव (50) की सत्य प्रकाश दुबे के पक्ष के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। उसके बाद हुए संघर्ष में दुबे और उसके परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि यादव के समर्थकों ने दुबे के घर पर हमला कर दिया, जिसमें दुबे सहित पांच लोग मारे गए। इस बीच, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कुमार ने घटना स्थल का दौरा किया। घटनास्थल का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रमुख सचिव (गृह) ने कहा, आज सुबह यहां एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। हम (मैं और विशेष महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था) मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां आए हैं।

प्रथम दृष्टया यह घटना आपसी दुश्मनी के कारण हुई है। कुल मिलाकर छह लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा, घटना के तात्कालिक कारण क्या थे और किस कारण से यह घटना हुई, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। चूंकि, एक पक्ष के परिवार के सभी सदस्यों की मौत हो गई है और दूसरे पक्ष के भी कुछ लोग यहां नहीं हैं, इसलिए सारी जानकारी जुटाने में थोड़ा वक्त लगेगा। पूछताछ के लिए चौदह लोगों को हिरासत में लिया गया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) कुमार ने कहा, "यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जिसमें एक पक्ष के पांच लोग और दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद था, जिसे ज्ञान प्रकाश दुबे (सत्य प्रकाश दुबे के भाई) ने दूसरे पक्ष को दे दिया था और इसी बात को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने कहा, अभी तक 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले में ठोस और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। कुमार ने कहा, जैसा कि कहा जा रहा है कि थाने में आवेदन दिया गया था और उसमें शिथिलता बरती गई है तो ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# कोविड महामारी में जीवनदान देने वाले वैज्ञानिकों को नोबल

## ● कातालिन कारिको और वीसमैन को कोविड रोधी एमआरएनए टीकों के विकास में योगदान के लिए चिकित्सा क्षेत्र में दिया जाएगा यह सम्मान

**एजेंसी।** स्टाकहोम

**इस** बार चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन को कोविड-19 से लड़ने के लिए एमआरएनए टीकों के विकास से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया जाएगा। नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। हंगरी में जन्मी कारिको वहां की सेज्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं, वहीं पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाती हैं। अमेरिकी नागरिक वीसमैन ने पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में कारिको के साथ यह अनुसंधान किया। कारिको (68) चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली 13वीं महिला हैं। वह बायोएनटेक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष थीं। इसी कंपनी ने कोविड-19 के एक टीके के उत्पादन के लिए फाइजर कंपनी के साथ साझेदारी की थी।

पेन इंस्टीट्यूट फॉर आरएनए इनोवेशन में निदेशक और प्रोफेसर वीसमैन (64) की मुलाकात कारिको से संयोग से 1990 के दशक में अनुसंधान पत्रों की फोटोकॉपी करने के दौरान हुई थी। यह जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पेन टुडे में दी गई है। पुरस्कार समिति ने कहा, अपने अभूतपूर्व अनुसंधान के माध्यम से, जिसने एमआरएनए और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के संपर्क को लेकर हमारी समझ को मौलिक रूप से बदल दिया है, पुरस्कार विजेताओं ने आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के दौरान टीके के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया।

पर्लमैन ने बताया कि जब उन्होंने इस घोषणा से कुछ देर पहले दोनों वैज्ञानिकों से संपर्क किया तो वे पुरस्कार की खबर सुनकर प्रफुल्लित हुए। ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में चिकित्सा के प्रोफेसर डॉ. पॉल हंटर ने एमआरएनए टीकों को कोरोना वायरस महामारी खत्म करने में मदद करने के लिए क्रांतिकारी करार दिया। उन्होंने कहा, अगर एमआरएनए तकनीक नहीं होती तो कोविड महामारी और विकराल हो जाती। एक्सेटर यूनिवर्सिटी में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ भरत पंखानिया ने कहा कि एमआरएनए प्रौद्योगिकी का एक बड़ा फायदा है कि इन्हें बहुत बड़ी मात्रा में बनाया जा सकता है। नोबेल समिति सदस्य गुनिला कार्लसन हेडेस्टम ने कहा कि यह पुरस्कार इस तरह के काम के पीछे के दशकों के बुनियादी अनुसंधान को रेखांकित करता है। कारिको ने कहा कि पुरस्कार की खबर के लिए आए फोन कॉल को सुबह उनके पति ने उठाया और खबर सुनने के लिए उन्हें पकड़ा दिया। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। मैं आश्चर्य चकित थी। लेकिन मैं बहुत खुश हूं। शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा क्षेत्र में पिछले साल का नोबेल पुरस्कार स्वीडिश वैज्ञानिक स्वांते पाबो को मानव विकास की उन खोजों के लिए प्रदान किया गया था, जिन्होंने निएंडरथाल डीएनए के रहस्यों को उजागर किया था। इससे कोविड-19 के प्रति हमारी संवेदनशीलता सहित हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इससे पहले पाबो के पिता सुन बर्गस्ट्रोम को 1982 में चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।



चिकित्सा क्षेत्र में नोबल पुरस्कार विजेता काटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन। फाइल फोटो

# लोकतांत्रिक मूल्यों से बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता





## ● मुख्यमंत्री ने बापू व शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## ● गांधी आश्रम में चलाया चरखा, खरीदे वस्त्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर


**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। बापू के सत्य व अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के टाउनहॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर रामधुन के बीच माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सीएम योगी ने शास्त्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री गोलघर के गांधी आश्रम भी पहुंचे और चरखा चलाकर उन्हें याद किया। सीएम ने गांधी आश्रम में सूत कातने की विधि को देखने, जानकारी लेने, खादी व ग्रामोद्योग के उत्पादों का अवलोकन करने के बाद खादी के वस्त्र भी खरीदे।

गांधी आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है। बापू ने उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दियाए जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों व निकायों में स्वच्छांजलि का कार्यक्रम चल रहा है। स्वदेशी, स्वावलंबन, सत्य व अहिंसा का जो मार्ग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिखाया था, उसके साथ ही उनके लिए स्वच्छता का अभियान भी बहुत महत्वपूर्ण था। स्वच्छांजलि का कार्यक्रम बापू के इसी अभियान से प्रेरित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि जय जवान.जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता के प्रति आह्वान करने वाले शास्त्री जी बापू के परम अनुयायी भी थे। आज देश व समाज में उनके योगदान को नमन करने का भी अवसर है।

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## योगी ने की गोसेवा, खिलाया गुड़



**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सोमवार प्रात:काल मंदिर के गोसेवा केंद्र (गोशाला) में गोसेवा की। सीएम ने गोवंश को सभी दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

## अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री

### जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता



गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

सीएम योगी ने उक्त हिदायतें सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान दीं। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने जनपद समेत अन्य जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। दर्शन में इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं।

# इस वर्ष बाढ़ प्रभावित जिलों में काफी कम हुई जनहानि

## ● राहत आयुक्त का दावा, प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा बांटे गए साढ़े चार लाख लंच पैकेट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 465048 लंच पैकेट वितरित किए गए।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादात्तर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदलेखंड के जिले शामिल हैं। वहीं 31 जिलों में सामान्य यानी 80 से 40 प्रतिशत बारिश हुई है। उधर प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य से कम यानी 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में उन्होंने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनमानस और मवेशियों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए थे। इसके लिए पहले से पूरी पुख्ता तैयारियों रखने के आदेश दिया था ताकि जन हानि को शून्य किया जा सके। प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 37 जनपदों में राहत कार्यों के चलते जन हानि काफी कम रही।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के 37 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इनमें से 34 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे। वहीं प्रदेश के 20 जिले अत्याधिक बाढ़ प्रभावित रहे, जहां पर युद्धस्तर पर राहत कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि इन 20 जिलों में पश्चिम यूपी के 14 जिले मुजफ्फनगर, बिजनौर, फर्रुखाबाद, सहारनपुर, आगरा, अमरोहा, मेरठ, बागपत, मथुरा, शामली, बदायूं, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और गाजियाबाद शामिल हैं जबकि अवध के पांच जिले बाराबंकी, खीरी, हरदोई, गोंडा और सीतापुर बाढ़ से प्रभावित रहे हैं। वहीं पूर्वांचल का एक जिला बस्ती अत्याधिक बाढ़ से प्रभावित रहा है।

इन जिलों की 84 प्रभावित तहसील के 1287 गांव के करीब पांच लाख लोगों को राहत पहुंचाने के लिए 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। वहीं मेडिकल संबंधी समस्या से निपटने के लिए 2647 मेडिकल टीमों को एक्टिव किया गया। इसी तरह बाढ़ पीड़ितों को भोजन की समस्या न हो इसके लिए 69726 खाद्यान्न पैकेट सामग्री के बांटे गये। इस दौरान 465048 लंच पैकेट वितरित किये गये। अत्याधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में फर्रुखाबाद पहले स्थान पर रहा, जहां 116 गांवों के 75ए53 लोग बाढ़ की चपेट में आएं। यहां पर 52 बाढ़ चौकियों को स्थापित किया गया जबकि 1003 मेडिकल टीम को गठित किया गया।

# भाजपा के राजनीतिक एजेंडे में गांधी के विचारों को जगह नहीं: अखिलेश

## ● सपा मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित किए गए श्रद्धासुमन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी की ओर से सोमवार को राजधानी लखनऊ के प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जिला कार्यालयों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 154वीं जयंती मनाई गई तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने गांधीजी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संदेश में कहा कि अन्याय के विरूद्ध दक्षिण अफ्रीका से लेकर भारत तक में गांधीजी ने सत्याग्रह के जरिए शोषणकारी ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी। आज दुनिया गांधीजी की ओर देख रही है। उनके रास्ते से ही दुनिया में शांति और समाज में सद्भाव कायम किया जा सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के राजनीतिक एजेंडा में गांधी जी के विचारों को जगह नहीं है। उनके सपने कहाँ पूरे हुए। गांधी आश्रम, हजरतगंज लखनऊ में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, ट्रस्टी रामेश्वर नाथ मिश्र के अतिरिक्त प्रो. रमेश दीक्षित, पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, अताउर्रहमान विधायक, शशांक यादव पूर्व एमएलसी, डॉ. आरए उस्मानी पूर्व विधायक, विकास यादव पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, एसके राय कोषाध्यक्ष सपा उत्तराखण्ड, सुधीश यादव, सुरेन्द्र पवार, फैसल सलमानी, अनवर अली, डॉ. मरगूब कुरैशी, प्रवेश कुमार यादव, अरुण यादव, राधेश्याम सिंह, मनीष शाह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

गांधी आश्रम हजरतगंज लखनऊ के कार्यक्रम में अनुराग मिश्रए अतहर हुसैन अध्यक्ष कार्डए मधुकर त्रिवेदीए मणेन्द्र मिश्र, नवीन धवन बंटी, देवेन्द्र सिंह जीतू उपनेता पार्षद दल लखनऊ, देवी प्रसाद शर्माए कमलाकांत मिश्रा, राशिद, हाजी इमरान खानए दिलीप कमलापुरी, यशवंत सिंह, राकेश पाण्डेय, चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, सर्वजीत तिवारी, हरेन्द्र उपाध्याय, रामवृक्ष पाण्डेय आदि शामिल रहे है।

### अतर सिंह यादव के निधन पर सपा प्रमुख ने दुख जताया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अतर सिंह यादव के निधन पर दुख प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के भाई अतर सिंह यादव के निधन पर शोकसभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अतर सिंह जी का 101 वर्ष की परिपक्व आयु में निधन हो गया था। जनपद इटावा के सैफई में रहकर वे खेती किसानी में अंतिम क्षणों तक सक्रिय रहे।

# स्वच्छता मिशन को धरातल पर उतारने का काम कर रहे पीएम मोदी: ब्रजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता मिशन को धरातल पर उतारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़े में जन सामान्य को जोड़कर स्वच्छता का मिशन पूरा कर रहे हैं।

बापू ने राष्ट्र के लिए जो सपना देखा थाए उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने हजरतगंज जीपीओ पार्क में स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। इसके उपरांत उन्होंने बैठकर गांधी के प्रिय भजनों को सुना। ब्रजेश पाठक ने कहा कि श्रद्धेय बापू ने सत्य अहिंसा का मार्ग भारतवर्ष को दिखाया था। आज सारी दुनिया उसका अनुसरण कर रही है। ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी लोगों से अनुरोध किया कि हाथ से बने खादी वस्त्रों का प्रयोग करें। इससे गरीबों, वंचितों व मजदूरों को रोजगार मिलेगा और प्रत्येक भारतवासी में भारतीयता की भावना जागृत होगी। इसके बाद उप मुख्यमंत्री पाठक हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचे और भवन में बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और चरखा चला कर सूट काता। खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए गांधी आश्रम से कुर्ते के कपड़े भी खरीदे। उप मुख्यमंत्री शास्त्री भवन एनएफसी पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहां उपस्थित स्वच्छता कर्मियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और लखनऊ और प्रदेश को स्वच्छ बनाने में दायित्व निर्वहन के लिए आभार प्रकट किया।

# रामरज, अक्षत व हल्दी लेकर घर-घर जाएंगे आरएसएस व विहिप के कार्यकर्ता

## ● प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का देंगे निमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पूरे देश मे घर-घर जाकर रामरज, अक्षत, हल्दी देकर अयोध्या आने का निमंत्रण देंगे। निमंत्रण के तहत मूर्ति स्थापना के बाद आने का जिक्र शामिल रहेगा। साथ ही अयोध्या में भक्तों की ज्यादा भीड़ न हो, इसके लिए क्राउड मैनेजमेंट के तहत निश्चित तिथि के अनुसार प्रांतवार आने को कहेंगे।

वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरे देश में शौर्य जागरण यात्रा चल रही है। ऐसे में राम मंदिर की स्थापना के साथ पूरे देश में राम मय माहौल तैयार करने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहयोग से आरएसएस व वीएचपी के कार्यकर्ता पूरे देश में गांव-गांव और घर-घर जाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण देंगे। पूरे देश में 49 प्रान्त है। जबकि यूपी में 6 प्रान्त है। इनमें अवध, काशी, गोरक्ष, कानपुर, मेरठ और ब्रज शामिल है। इन प्रान्तों में कार्यकर्ताओं को गांव गांव भेजने की रणनीति तैयार की जा रही है।

ऐसी संभावना है कि माह के अंत तक कार्यकर्ताओं की तरफ से यह यात्रा शुरू हो जायेगी। अयोध्या से सामग्री को पहले देश भर में सृजित प्रांतों के मुख्यालयों पर भेजा जाएगा। इसके बाद जिले व फिर गांवों तक इनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। रामरज, अक्षत व रज को अयोध्या से भेजने के पहले इसके छोटे-छोटे पैकेट बनाये जाएंगे। इस कार्य योजना को संघ व उसके सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मूर्त रूप देंगे।

# महिला आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाली पद यात्रा

## ● ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसियों को रोका गया पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने सोमवार को विभाग की सांगठनिक बैठक करने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ राज्यपाल को ज्ञापन देने के लिए पद यात्रा निकाली। पद यात्रा के दौरान '2024 में महिला आरक्षण लागू करो' और 'ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दो' जैसे नारे गूंजे लेकिन आधे रास्ते में ही पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग करके रोका गया। मनोज यादव ने महिला आरक्षण बिल को 2024 में होने वाले चुनाव में लागू करने और ओबीसी, एससी, एसटी, अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं को भी इस आरक्षण में शामिल किए जाने की मांग किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पिछड़ों के हर मुद्दे पर आज अपनी स्पष्ट विचार है। राहुल गाँधी के नेतृत्व में पूरे देश में ओबीसी आबादी एकजुटता दिखा रही है। हाल ही में स्व. राजीव गांधी का सपना कहे जाने वाले महिला आरक्षण बिल को बीजेपी सरकार ने कानून बनाया। किन्तु बीजेपी ने इस कानून में जनगणना और परिसीमन, दो अनावश्यक किन्तु अनिवार्य शर्त जोड़कर देश की आधी आबादी महिलाओं को गुमराह करने का काम किया, और पिछड़े दलित आदिवासी और अल्पसंख्यकों के साथ भी धोखा किया। कांग्रेस पार्टी सहित सभी विपक्षी दलों ने भी ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग मज़बूती से सदन में रखा। महिला आरक्षण इस देश की आधी आबादी की राजनीतिक भागीदारी और उनके सशक्तिकरण का सबसे जरूरी माध्यम है। इससे देश की राजनीति, संसद और विधानसभाओं में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं आएंगी तथा नीति निर्माण में निर्णायक भागीदारी निभाएंगी।

# दलितों, शोषितों व वंचितों के लिए सिर्फ कांग्रेस सरकार ने किया काम: अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पासी समाज के मान, स्वाभिमान, अभिमान की रक्षा हमेशा कांग्रेस ने की है, और भविष्य में करती रहेगी। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सोमवार को देव सिंह खेड़ा गांव में पासी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं सहभोज में कही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में कांग्रेस पदाधिकारियों ने दलित बस्तियों में जाकर सहभोज किया। इसी अनुक्रम में राजधानी लखनऊ के देव सिंह खेड़ा कल्ली पश्चिम स्थित गांव में जाकर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सहभोज में सहभागिता की तथा पासी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्दर पासी, नन्हकऊ रावत, माता प्रसाद रावत, कल्लू रावत, रामसेवक रावत, आरडी निरमोही, रामनाथ पासी, राम लखन, महादीन पासी एवं जगमोहन पासी को माला पहनाकर सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र भेंट किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दलितों, शोषितों एवं वंचितों के लिए अगर किसी सरकार ने काम किया है तो वह सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस सरकार ने ही किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ5 किलो अनाज देकर भाजपा की यह संवेदनहीन सरकार अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेती है। युवाओं में बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई आम आदमी का जीना दूभर किये हुए है, सामाजिक ताना.बाना लगभग टूट सा गया है। जातिगत एवं धार्मिक विद्वेष चरम पर है मगर यह सरकार इन बातों से अनभिज्ञ सिर्फझूठे वादों में जनता को उलझाए हुए है। राय ने कहा कि पासी समाज हमेशा से कांग्रेस परिवार का हिस्सा रहा है और इस परिवार ने कांग्रेस को कई महान नेता दिये हैं। उन्होंने स्व. मसुरियादीन पासी एवं स्व. रामलाल राही जैसे पासी समाज के नेताओं को नमन करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पासी समाज को उनका जायज हिस्सा दिया है और आगे भी इस समाज की भागीदारी पार्टी में बढ़ चढ़कर रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेसजनों में संगठन सचिव अनिल यादव, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, कौशलेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, अनामिका यादव, मुकेश सिंह चौहान, ललन कुमार, प्रवक्ता मनीष हिंदवी, अमित राय सोमेश सिंह चौहान सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# गांधी और शास्त्री जैसे महापुरुषों से लें प्रेरणाः राज्यपाल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर नमन किया और सभी को बधाई दी। जयंती के अवसर पर राजभवन के गाँधी सभागार में राजभवन अध्यासितों के बच्चों ने बापू के प्रिय भजन प्रस्तुत किये तथा सह-प्रस्तुतियां भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय लखनऊ के कलाकारों ने दीं।

राज्यपाल ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति की प्रशंसा की और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार वैश्विक स्तर पर समझे और सराहे गये। उनके विचारों ने देश और विदेश के लोगों ने प्रेरणा प्राप्त कर जीवन में सफलता पायी। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि शास्त्री अपने सादा जीवन, उच्च विचार तथा जन.जन के हित साधक के रूप में हमेशा याद किये जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी जैसे महान सन्त पुरूषों से प्रेरणा प्राप्त करते रहना चाहिए जो जीवन के हर ही कार्यक्षेत्र में भी आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता की शिक्षा देकर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि आज नशा उन्मूलन और कुष्ठ रोग दिवस भी है। उन्होंने नशा को एक सामाजिक बुराई बताया और लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर उन्होंने कुष्ठ रोग के उन्मूलन हेतु कहा कि कुष्ठ रोगियों के प्रति स्नेह भाव रखें। उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता विषय पर बोलते हुए कहा कि कचरे का स्थान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कचरे का नियमित तौर पर निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने स्वच्छता को जीवन शैली में आत्मसात करने के निर्देश दिए। स्वच्छता को आदत बनाएं तथा उसे दैनिक कार्यों में शामिल करें। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन परिसर में नवनिर्मित बोसाई गार्डन का लोकार्पण किया।

उन्होंने गार्डन का निरीक्षण करते हुए उसके सौन्दर्यीकरण तथा विविध कैक्टस प्लांट्स लगाये जाने तथा राजभवन भ्रमण पर आने वाले आगंतुकों हेतु बोसाई गार्डन खोले रखने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर प्रमुख सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह सहित राजभवन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## महापौर ने ध्वजारोहण कर दी बापू के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा

● हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** की स्वतंत्रा की लड़ाई में जिनकी भूमिका को कभी भुलाया नही जा सकता ऐसे अहिंसावादी राष्ट्रपिता मोहनदास कर्मचन्द गांधी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर 2 अक्टूबर को आज महापौर सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी उपस्थिति में नगर निगम मुख्यालय अंतर्गत बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महापौर के द्वारा ध्वजारोहण कर सभी के साथ राष्ट्रीयता और एकता के प्रतीक राष्ट्रगान गाया गया।

सोमवार को लालबाग नगर निगम मुख्यालय में जन्मदिवस पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल देश में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मदिवस को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे। सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आज महात्मा गांधी को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाता है। इस दिन पूरे देश में अवकाश होता है। गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। गांधी जी की विचारों से केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लाखों लोग प्रभावित हैं और उनसे प्रेरणा लेते रहे हैं। आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फमानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। यही वजह है कि दुनिया भर में 2 अक्टूबर गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वहीं 1 अक्टूबर गांधी जयंती की पूर्व सांध्य पर स्वच्छांजलि कार्यक्रम के सफ ल आयोजन के लिए नगर निगम के समस्त अधिकारियों सहित नगर वासियों का धन्यवाद कर शुभकामनाएं भेंट की। उन्होंने कहा कि हमारी जी तोड़ मेहनत का ही नतीजा है कि पूरे प्रदेश में स्वच्छांजलि कार्यक्रम में लखनऊ प्रथम स्थान पर रहे है। साथ ही महात्मा गांधी जी के विचारोंए नीतियों एवं सिद्धांतो को अपने वास्तविक जीवन में लागू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हैं जो हमारे देश में ऐसी महान विभूतियों ने जन्म लिया और यही वजह है कि आज हमारा देश अमृतकाल तक पहुंच चुका है।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सभी को संबोधित कर कहा साथ ही गांधी जी की नीतियों व विचारों को सभी से साझा कर उनके पदचिन्हों पर चलने की अपील करने के साथ ही देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांतों को आम जन के साथ ही पब्लिक सर्विस के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को खासतौर पर अपनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने उनके संघर्षों एवं योगदान पर प्रकाश भी डाला। साथ ही उन्होंने कल सेवा पखवाड़े के तहत नगर में लगभग 632 जगहों पर 3000 से अधिक ऊपर स्वच्छांजलि कार्यक्रम के साफ सफ ाई गतिविधियों के सफ्लता पूर्वक एक वृहद उत्सव के रूप में संपन्न कराया गया। इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय नगर आयुक्त जी ने महापौर को दिया और उनके कुशल नेतृत्व की प्रशंसा कर भविष्य में उनके मार्गदर्शन में बेहतरीन कार्य किये जाने की बात कही। इस दौरान पार्षद दल के नेता सुशील कुमार तिवारी पम्मी, पार्षद गीता देवी, नगर आयुक्त, समस्त अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सैनिक हमारे देश का गर्वः डॉ. राजेश्वर सिंह

● सरोजनीनगर विधायक ने शहीदों के नाम पर समर्पित पार्कों का किया अनावरण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महात्मा** गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर औरंगाबाद खालसा स्थित अलकनंदा एस्टेट में अलकनंदा ए स्टेट रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित अमर शहीदों को समर्पित पार्कों का अनावरण कार्यक्रम एवं संगीत संध्या में सरोजनीनगर विधायक डॉण् राजेश्वर सिंह ने सहभागिता कर शहीदों की स्मृति में नवनिर्मित पार्कों का अनावरण किया तथा उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गांधी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को स्मरण किया गया। डॉण् राजेश्वर सिंह ने शहीदों की वीरांगनाओं व उनके परिजनों को सम्मानित किया। डॉण् राजेश्वर सिंह ने शहीद हर्षवर्धन सिंह की पत्नी शमा देवीए शहीद नरेंद्र कुमार तिवारी की पत्नी सविता तिवारी और शहीद टिंकू कुमार के पिता सुंदर सिंह को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत उन्होंने शहीदों की स्मृति में बने नवनिर्मित पार्कों का अनावरण किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कलाकार मिथलेश लखनवी और पंण् रत्नेश मिश्र की टीम ने मंत्रमुग्ध करने वाले भजन व देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए।

संगीत संध्या में प्रतिभाग लेने वाले कलाकारों को भी विधायक ने सम्मानित किया। विधायक को सरसिज कुमार त्रिवेदी द्वारा 'अवध की शान' पुस्तक भेंट की।

## प्रमुख सचिव व सूचना निदेशक ने गांधी और शास्त्री को किया नमन






पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद एवं निदेशक सूचना शिशिर ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी रजनीकान्त वर्मा, सयुक्त निदेशक यशवर्धन तिवारी, प्रभारी संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता, उपनिदेशक ललित मोहन, प्रभात शुक्ला, मधु तांबे, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुराने बस्ती में किया जनसंपर्क, योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बस्ती संपर्क अभियान के तहत चिनहट क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से जनसंपर्क किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। चिनहट प्रथम वार्ड के सभासद अरुण राय ने बताया कि प्रदेश महामंत्री की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने चिनहट क्षेत्र के बुद्ध बिहार पुरानी बस्ती में जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अनुसूचित समाज के लिए किए गए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बस्ती में सभी कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया।

## पुलिस मुख्यालय में सादगी के साथ मनाया गया समारोह



**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गाधी की जयन्ती के अवसर पर पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर, लखनऊ विस्तार में सादगी के साथ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस महानिदेशक डॉ. विजय कुमार ने राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बैंड द्वारा रामधुन बजाई गई तथा गांधी के लोकप्रिय भजन गाए गए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस मुख्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उपहार भेंट किया गया।

## शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का लिया संकल्प



**लखनऊ।** आज गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर श्री बालाजी शक्तिपीठ भूतनाथ इंदिरा नगर के सामने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव लाल बहादुर शास्त्री को लखनऊ जनकल्याणकारी समिति के महामंत्री दिलीप श्रीवास्तव ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभी ने अपने लखनऊ को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया। दिलीप श्रीवास्तव ने लखनऊ नगर निगम से शिबरी प्लांट पर कूड़े के पहाड़ समाप्त करने की अपील की। वास्तव में ये कार्य लखनऊवासियो के लिए स्वच्छता की दृष्टि से उपहार होगा।

## एलडीए उपाध्यक्ष ने अर्पण किए श्रद्धासुमन



**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की उपस्थिति में प्राधिकरण भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद कर्मियों में मिष्ठान वितरिण किया गया। सोमवार को गांधी जयंती के मौके पर उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार समेत अन्य अधिकारियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## उप मुख्यमंत्री ने रोपोसो खादी स्टोर फ्रंट का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खादी** उद्योग, कारीगरों और उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए गांधी जयंती पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा रोपोसो खादी स्टोर फ्रंट लांच किया गया। यह स्टोर स्वदेशी उत्पादों, विविधता में एकता और देश की कारीगर अर्थव्यवस्था को मज़बूत करेगा। पाठक ने कहा कि स्टोर फ्रंट को ग्लांस द्वारा संचालित रोपोसो प्लेटफार्म पर होस्ट किया जाएगा, जो भारत के पहले यूनिकॉर्न इनमोबी ग्रुप की सहायक कंपनी है। रोपोसो देश के अग्रणी ईकॉमर्स प्लेटफ ार्मों में से एक है और इसने ईकॉमर्स में लाइव कॉमर्स जैसी नई श्रेणियां पेश की हैं। रोपोसो का लक्ष्य अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10,000 सफल उद्यमियों को तैयार करना है, जो छोटे और मध्यम व्यवसायों, विशेषकर महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को 360 डिग्री सहायता प्रदान करता है। लॉन्च के मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इनमोबी ग्रुप की ग्लोबल एसवीपी डॉ सुबी चतुर्वेदी और पूरी रोपोसो टीम को बधाई दी और उनकी प्रगति और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह एक खादी क्रांति है जहां एक स्वदेशी उत्पाद एक अभिनव स्वदेशी मंच पर बेचा जाएगा एआई संचालित सॉफ्टवेयर पर हाथ से बना और हाथ से बुना गया उत्पाद बिकेगा।

डॉ सुबी चतुर्वेदी, वैश्विक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी, इमोबी ग्रुप ने कहा कि ग्लांस रोपोसो सभी स्तरों पर सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे संस्थापक और सीईओ नवीन तिवारी कानपुर, यूपी से हैं और अपनी जड़ों और समुदाय को वापस लौटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। खादी कारीगरों के साथ सहयोग करके, विशेष रूप से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाकर, हमारा उद्देश्य प्रधान मंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। हमारी प्रारंभिक योजना अगले 2 वर्षों में मंच पर 10,000 नए उद्यमियों को जोड़ने की है। विभिन्न राज्यों के साथ सहयोग करते हुए, हम कारीगरों को व्यापक प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे अपने शिल्प को वैश्विक दर्शकों के सामने ऑनलाइन प्रदर्शित करने और बेचने में सक्षम होंगे। एक सॉफ्टवेयर के रूप में जिसे गर्व से भारत में बनाया गया है, ग्लांस द्वारा संचालित रोपोसो, उत्तर प्रदेश से खादी उत्पादों को दुनिया भर में ले जाएगा और हमारे हाथों का उपयोग करके सेवा (नौकरी सृजन), कौशल, सेवा की विजयी त्रिमूर्ति होगी। रोपोसो के महाप्रबंधक मानसी जैन ने कहा कि श्रोपोसो के साथ, हमारा लक्ष्य इंटरनेट को जीवंत बनाना और अधिक प्रासंगिकता और अर्थ देना है, रुझानों को जल्दी पकड़ना, उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और व्यापक दर्शकों तक पहुंचने में मदद करना है।

## विवि में कुलपति व शिक्षकों ने दी दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर सोमवार को पूरे विश्वविद्यालय परिवार के साथ दोनों महानुभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांस्कृतिकी की निदेशिका प्रो मधुरिमा लाल के निर्देशन में विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने गांधी जी के अहिंसा परमों धर्मः विषय पर रंगारंग ओपन थिएटर प्रस्तुति दी और सांस्कृतिकी ऑर्केस्ट्रा बैंड का भी शुभारंभ किया गया। जिसने पाश्चात्य ऑर्केस्ट्रा पर देशभक्ति के गीतों से सारा परिसर गुंजायमान कर दिया। टैगोर वाटिका में खुले आकाश के नीचे गांधी जी की स्वतंत्रता लड़ाई में नमक आंदोलन का सजीव नाट्य रूपांतर ने सभी को मुग्ध कर दिया। वैष्णव जन तो तेने कहिए जे, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल, वन्दे मातरम् आदि कई देशभक्ति गीतों ने सभी में देशभक्ति के भावो की सृजन कीं। कार्यक्रम में गांधी जी के तीन बंदरों ने बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो और बुरा मत बोलो का सजीवात्मक संदेश दिया जिसने सभी का मन मोह लिया। गांधी जी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात कुलपति प्रो. राय पदयात्रा करते लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास पहुंचे, जहां उन्होंने समस्त शिक्षकों एवं छात्रावास सदस्यों के साथ शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान कुलपति की इच्छानुसार वहां उपस्थित सभी को गांधी जी के जीवन पर आधारित पुस्तक भी भेट की गई।

## दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरतः प्रो. जेपी पांडे



**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर दोनों के व्यक्तित्व पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने कहा कि दोनों का पूरा जीवन देश और समाज के लिए अर्पित रहा। हमें इन दोनों महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और क्षमता के साथ करना चाहिए। वही कुल सचिव रीना सिंह ने कहा कि हमें गांधीजी और शास्त्री जी के जीवन को अपना आदर्श बनना चाहिए। उन्होंने कहा की हमें सबसे पहले खुद में सुधार करना चाहिए। एक टीम भावना के साथ सभी को लेकर चलने की कोशिश करनी होगी। गोष्ठी का संचालन डॉक्टर अनुज कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वही परिसर स्थित फार्मेसी विभाग में भी जयंती मनाई गई।

## डीएम ने पुष्प अर्पित कर गांधी व शास्त्री को किया याद



**लखनऊ।** जिलाधिकारी द्वारा गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर पुष्प अर्पण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस मौके पर दोनों महापुरुषों के जीवन और उपदेशों को अपनाने क ी बात कही। सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर ध्वजा रोहण कर लोगों को गांधी जी के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। गांधी जी के जीवन को ही उनका संदेश समझना चाहिए। इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ एफएसडीए के खाद्य अधिकारी एसपी सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में इससे पूर्व साफ कर जनता को स्वच्छता का भाव जीवन में लाने का संदेश भी दिया।

## कम संसाधनों के बावजूद 1965 के युद्ध में देश को शास्त्री ने विजय दिलाईः जेपी



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ मे भारत के तीन महापुरूषों राष्ट्र पिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री तथा के. कामराज की जयंती सोमवार को समर्पण वृद्ध आश्रम आदिल नगर मे मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सदस्य जेपी सिंह का स्वागत मेजर वी के खरे ने को पुष्प गुच्छ व माला पहना कर किया। कार्यक्रम के दौरान एके सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधन हेल्पैज इंडिया ने गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की उपलब्ध पर प्रकाश डालते हुए नई पीढ़ी को उनके अनुकरण तथा राष्ट्र निर्माण मे सहभागिता हेतू प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि जे पी सिंह ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अहिंसा से विजय व विनम्रता से जनसेवा पर विस्तृत व्याख्या करते हुए सभा को बताया कि लाल बहादुर शास्त्री ने कम संसाधनों के बावजूद 1965 के पाक युद्ध मे अपने रणकौशल व दृढ़ इच्छा.शक्ति से भारत को विजय प्रदान करते हुए विश्व मे परचम लहराया।

## आज अहिंसा के संदेश की प्रासंगिकता पहले से ज्यादाः प्रो. धीमन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। उत्सव की शुरुआत दोनों महान नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान लोगों को अहिंसा की शपथ भी दिलाई गयी। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो..आरके. धीमन ने कहा कि आज के समय में अहिंसा के संदेश की प्रासंगिकता पहले से भी ज्यादा हो गयी है।

कार्यक्रम के दौरान सीएमएस प्रो संजय धिराज ने बताया कि जनसंचार की आधुनिक दुनिया में, किसी भी अनुचित या असत्यापित संदेश को पोस्ट करने से पूर्व सोशल मीडिया पर अधिक सतर्क रहना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। अतिरिक्त निदेशक प्रो नारायण प्रसाद ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के अहिंसा और आत्मनिर्भरता के मूल्यों को याद रखना चाहिए। अस्पताल प्रशासन के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. हर्षवर्धन ने कहा कि हमें एक व्यक्ति के रूप में महात्मा गांधी के बारे में पढ़कर उनके बारे में सीखते हुए उनके दर्शन को आत्मसात करके उनके बारे में जानने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही, हमें एक स्वास्थ्य प्रदाता के रूप में उनकी सीखों को शामिल करने के तरीकों के बारे में भी सोचना चाहिए।

डीन प्रो. शालीन कुमार ने अहिंसा की अवधारणा पर प्रकाश डालकर लोगों को प्रबुद्ध किया, जिसकी व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है कि आप अपने पर्यावरण के साथ पूर्ण सामंजस्य में हैं और किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। इस दौरान निदेशक ने उपस्थित सभी लोगों को अहिंसा की शपथ दिलाया।

## नवयुग में मनाई गई जयंती, परिसर में चलाया सफाई अभियान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति द्वारा गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भजन प्रस्तुत किए गए। प्रो. सृष्टि श्रीवास्तव, प्रो. शोभा मिश्रा, प्रो. ज्योतिका राठौर, प्रो. संगीता शुक्ला, अवनिका, प्रो. अर्चना आदि ने भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एनएसएस द्वारा अहिंसा विषय पर एक समूह चर्चा और विचार भी छात्राओं ने व्यक्त किए। महाविद्यालय प्रांगण की सफाई में प्रवक्ताओं ने भागीदारी की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.मंजुला उपाध्याय ने कहा कि आज हमारे देश के दो महान महानायकों का जन्म दिवस है। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री, जिन्होंने देश को एक नई दिशा दी। गांधी जी ने अहिंसा की राह पर चलकर स्वतंत्रता दिलाई और लाल बहादुर शास्त्री ने जब देश अकाल से जूझ रहा था तब देश की जनता से जुड़कर उस संकट से बाहर निकलने का रास्ता बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताएं और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# जलवायु परिवर्तन की विभीषिका से बचने के लिए प्रकृति से जुड़ाव जरूरी: दुर्गा शंकर

● मुख्य सचिव ने ललित कला अकादमी में वाइल्ड लाइफ फोटो प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने ललित कला अकादमी में वाइल्ड लाइफ फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन कर चित्रों का अवलोकन किया। इस बीच उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि फोटो प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की प्रकृति को दर्शाया गया है। इस प्रदर्शनी में जीवजन्तु की हर तरह प्रकार की फोटो एग्जीविशन में उपलब्ध है। यह कैमरे की कला होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति अन्य प्रदेशों से बड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विदेशों में उत्तर प्रदेश के प्रति सकारात्मक माहौल बना है। उत्तर प्रदेश विविधताओं एवं संभावनाओं का प्रदेश है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रकृति प्रेमी बनना चाहिए, प्रकृति से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज के समय में जलवायु परिवर्तन की जो विभीषिका हम लोग देख रहे हैं, उससे बचने के लिए हम सभी को प्रकृति से जुड़ना होगा। मानव जीवन जिन तत्वों से बना है उनकी रक्षा और उनमें परस्पर संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

वेदों में भी सभी तत्वों के संतुलन पर बल दिया गया है। किसी भी तत्व का विकराल रूप लेना मानव जीवन के लिए हानिकारक है। पर्यावरण संरक्षण इस संतुलन को बनाए रखने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों के लिए एक क्विज कंपटीशन कराया जाए। बच्चों को तस्वीरों से बहुत कुछ सीखने और समझने को मिलेगा। इस अवसर पर एमडी यूपी को आपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड श्री संजय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## मरीजों की कम आमद वाले स्वास्थ्य केंद्र होंगे चिन्हित

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों की कम आमद वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चिन्हित करने का निर्णय लिया है। इस बावत प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी सीएमओ को आदेश जारी कर दिये हैं। दरअसल, विभाग की तमाम पीएचसी और वेलनेस सेंटर ऐसे हैं जहां स्वास्थ्य मेलों में खासी भीड़ रहती है। मगर तमाम जगह मरीज नहीं पहुंचते। अब विभाग इन स्वास्थ्य केंद्रों को चिन्हित कर यह पता लगाएगा कि मरीजों के वहां न जाने के क्या कारण हैं। उन कारणों का पता लगाकर फिर उनका निदान खोजा जाएगा। इसके लिए चिन्हित अस्पतालों की सूची मांगी गई है। वहीं इस बावत अधिकारियों का कहना है कि जिन स्थानों पर स्टाफ की कमी के चलते मरीज न आते हों, वहां पर उसकी व्यवस्था की जायेगी। दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। इसके अलावा हर सप्ताह लगने वाले आयुष्मान मेलों में मेडिकल कॉलेजों से विशेषज्ञ चिकित्सक भी भेजे जाएंगे ताकि लोगों को उनके घर के निकट ही अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को को गोरखपुर में प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने शिष्टाचार भेंट की।

# समाज कल्याण मंत्री ने पुलिस रेडियो मुख्यालय में प्रदर्शनी का किया भ्रमण

● नवीनतम दूरसंचार उपकरणों के बारे में हासिल की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पुलिस** रेडियो मुख्यालय में आयोजित स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन सोमवार को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जगदीश चंद्र बोस प्रदर्शनी का भ्रमण किया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर नवीनतम दूरसंचार उपकरणों, सीसीटीवी आदि के बारे में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान डॉ. संजय तरडे, पुलिस महानिदेशक दूरसंचार द्वारा प्रदर्शनी का भ्रमण कराया गया तथा तकनीकी स्पष्ट की गई।

इसके पश्चात असीम अरुण ने 'पुलिस रेडियो कर्मियों और संचार उपकरणों का यूपी-112 एवं सेफ सिटी में योगदान एवं भूमिका' विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन में मॉडरेटर के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पैनल के सदस्यों में अशोक कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशकए यूपी 112, एसपी सिंह एवं सुनीता शर्मा, उपमहानिरीक्षक सम्मिलित रहे। प्रस्तुतीकरण एवं पैनल डिस्कशन से पूर्व डॉ. संजय तरडे पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा पैनल के सदस्यों एवं सभागार में उपस्थित दर्शकों को 'स्थापना दिवस' के सम्बन्ध में ब्रीफ किया गया तथा उप्र में वर्ष 1938 से हुए वायरलेस संचार परीक्षण होने से अभी तक की यात्रा पर एक लघु फि ल्म प्रदर्शित की। राघवेन्द्र द्विवेदी राज्य रेडियो अधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। पैनल के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए 1961 में कन्ट्रोल रुम की स्वीकृति से लेकर यूपी 112 के गठन एवं वर्तमान तक की स्थिति को स्पष्ट किया गया। अशोक कुमार सिंह अपर पुलिस महानिदेशक यूपी 112 द्वारा यूपी-112 के उच्चीकरण हेतु प्रस्तावित फेज. ।। योजना में ओला, उबर जैसी रीयल टाइम पीआरवी ट्रेकिंग सुविधा कॉलर को उपलब्ध होने का उल्लेख किया गया। साथ ही सवेरा योजना, महिला पीआरवी, फ ायर, जीआरपी, एम्बुलेन्स 108, महिला हेल्प लाइन 181, 1090, साइबर क्राइम आदि सेवाओं के यूपी 112 में इन्टीग्रेशन की जानकारी दी गयी। असीम अरुण द्वारा आपातकालीन सेवाओं में सुधार हेतु बसों में लगाये गये पैनिक बटन की डिजाइन का अध्ययन करने, 112 लिंक सेवा, पीआरवी रिस्पांस समय और कम करने, ओला टैक्सी में 112 सेवा हेतु इमरजेन्सी बटन की व्यवस्था, जोमेटो, स्वीगी जैसी सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को जागरुक करने एवं एक्सीडेंट डाटा कलेक्शन करने, गूगल द्वारा एन्ड्रायड ऑपरेटिंग प्रणाली की कॉल का लोकेशन उपलब्ध कराने, नागरिक सुविधाओं हेतु प्रस्ताव तैयार करने, पुलिस व्हीकल्स का कस्टमाइज्ड डिजाइन तैयार करने, 112 सेवा की सीआरपीसी में कानूनी वैधता स्थापित कराने जैसे उपायों पर विचार करने के सुझाव प्रस्तुत दिए गए। असीम अरुण द्वारा अपने उद्बोधन में पुलिस रेडियो द्वारा कॉवड़ यात्रा 2023 में पुश टू टॉक ओवर सेल्युलर (पीओसी) प्रणाली के सफल प्रयोग की सराहना की गयी तथा वाराणसी में इसके प्रयोग के आशातीत परिणामों की अपेक्षा की। ৵ उन्होंने यूपी पुलिस में विभिन्न पदों एवं पुलिस रेडियो विभाग में पुलिस महानिरीक्षक पद पर दी गयी अपनी सेवाओं का उल्लेख करते हुए पुलिस कन्ट्रोल रूम की प्रभावशीलता एवं उसमें रेडियो कार्मिकों द्वारा दिए गए प्रभावशाली एवं उत्कृष्ट योगदान का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। अरुण द्वारा समाज कल्याण विभाग की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु एक कन्ट्रोल रूम बनाये जाने का उल्लेख करते हुए उसमें पुलिस रेडियो अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग की अपेक्षा की। पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भी काफ ी संख्या में प्रदर्शनी भ्रमण किया गया। ज्ञातव्य हो कि 1 अक्टूबर को मुख्यमंत्री द्वारा जगदीश चन्द्र बोस की स्मृति में आयोजित प्रदर्शनी का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को भी भ्रमण कराने के निर्देश दिए गए थे।

# वन्यजीवों की तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने राष्ट्रीय पशु बाघ (पैन्थेरा टिगरिस) की हड्डियों का ढांचा (स्कलटोन) की तस्करी में वांछित गिरोह के सरगना अनिल कुमार निवासी ग्राम कोठिया थाना मझगयीं को लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया।

विगत कुछ दिनों से राष्ट्रीय पशु बाघ के लिए सरंक्षित वन्य जीव अभ्यारणों से इन्हें मारकर इनकी खाल, हड्डी, नाखून इत्यादि की तस्करी करने वाले गैंगों के सदस्यों के जनपद लखीमपुर खीरी व पीलीभीत के आस-पास सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों व टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में एसटीएफ ने वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग से समन्वय स्थापित कर



अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी । मुखबिर द्वारा ज्ञात हुआ कि निघासन, जनपद लखीमपुर खीरी के कुछ व्यक्ति एक टाइगर को मारकर उसकी खाल व नाखून बेच चुके हैं व अब उसकी हड्डियों को किसी नेपाली तस्कर को बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ की गठित टीम एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर टाइगर पोचर गैंग के सरगना अनिल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर बताया अनिल ने बताया कि बरामद की गई राष्ट्रीय पशु बाघ की हड्डियों का ढांचा की बिक्री नेपाल व चीन में होती है जहां इनकी हड्डियों का चूर्ण बनाकर इनसे विभिन्न प्रकार की शक्तिवर्धक औषधियों का निर्माण किया जाता है ।

# नाटक 'आहत' का किया गया मंचन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय सांस्कृतिक संस्थान द्वारा प्रस्तुत नाटक 'आहत' का गांधी जयंती नाट्य महोत्सव 2023 के अवसर पर राजेंद्र तिवारी के लेखन एवं निर्देशन में गांधी भवन कैसरबाग में मंचन किया गया।

यह नाटक भेदभाव, ऊंच-नीच, आदिवासियों पर अत्याचार के मुद्दों पर आधारित है। कबीले का एक लड़का सोम, कबीले की ही एक लड़की छुटकी के प्यार में है। छुटकी सोम के इंतजार में पहाड़ी पर अपने सहेलियों के साथ हंसी मजाक कर रही है। तभी वहां उस राज्य के राजकुमार अपराजय आता है और उन कन्यायो के साथ बदतमीजी करने लगता है। परंतु छुटकी राजकुमार के गले पर कटार से प्रहार करके वह से निकल जाती है। यह सब गुप्तचर महाराज को जाकर सूचित करता है। इधर अपराजय बदले की भावना से छुटकी के साथ बर्बरता व्यावहार करके उनके माता



पिता को मार देता है और पूरा कबीला जला देता है। ऐसी अवस्था में छुटकी दूसरे कबीले के मुखिया के पास सहायता के लिए जाती है। मुखिया की पुत्री चांदनी के साथ भी राजकुमार ने ऐसा ही किया होता है। दोनो मिलकर अपराजय से बदला लेने की योजना बनाते हैं। कबीले वालेए छुटकी एवं सोम मिलकर एक षडयंत्र के तहत अपराजय को मार देते हैं। इधर महाराज को जब ये सूचना प्राप्त होती है तो अपने बेटे की मौत का बदला लेने छुटकी और कबीले वाले को मारने आते हैं। छुटकी और चांदनी मिलके अपनी तरह के सभी लड़कियों की व्याख्या महाराज को बताती है। महाराज को अपने बेटे की गलती का एहसास होता है और सभी लड़कियों की सहायता करने का निर्णय लेता है। इसमें मुख्य कलाकारों में देविका, दीपक, ऐश्वर्य, अंकिता, शिक्षा तिवारी, मोनिका, प्रदीप श्रीवास्तव, जेडी, द्विव्यांश, अक्षरिका, शिवम, कौशिक, जय, दीपज्योति, विवेक पांडे, अर्णव शर्मा, अनुज, जैन, संजय यादव, रजनीश, ललित पांडे आदि कलाकार शामिल हैं। यह कार्यक्रम अंजना तिवारी, अशोक सचिन, संदीप सिंह, अमित तिवारी, केके अवस्थी, ललित पांडेयए दिलकश रिज़्वीए गणेश रावत, राकेश वर्मा, राकेश तिवारी, रोशन आदि के सहयोग से एवं अश्विनी शुक्ला व निष्ठा तिवारी के प्रबंधन में संपन्न हुआ।

# विभिन्न दलों के नेता, कार्यकर्ता व समाजसेवी कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था रखते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवियों और शिक्षकों ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने उनके गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और कांग्रेस का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। ज्वाइनिंग पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज गांधी जयंती के अवसर पर गांधीवादी विचारधारा के अनुयायी गांधी के विचारों से प्रभावित होकर आए हैं आप सभी के सहयोग से 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनेगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में



जनपद गाजियाबाद से जय भीम सेना के राष्ट्रीय महासचिव पुष्पांकर देव के साथ जनपद बरेली से शिव कुमार पाठक, शमसुलद्दीन एवं जनपद शाहजहांपुर से समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिल सचिव रामजी अवस्थी एडवोकेट, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बब्लू वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवजन सभा शोभित मिश्रा, फिरोज अली, जितेन्द पाल, भाजपा से गौरव मिश्रा, अनुराग मिश्रा, आलोक शर्मा, पवन मिश्रा, जनपद लखनऊ से जगदीश नारायण दोहरे, जागेश्वर यादव, गुड़िया गौतम तथा जनपद मुरादाबाद से मो. जाकिर, मेंहदी हसन, हाफिज मोहम्मद उस्मान शामिल रहे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बैंक** ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ अंचल द्वारा बीते रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। लखनऊ के ऐतिहासिक स्थल घंटाघर परिसर में विश्वजीत मिश्र, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह, उत्तर प्रदेश एवं आंचलिक प्रबन्धक मनोज कुमार श्रीवास्तवा, वैभव आनंद, उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह उत्तर प्रदेश की अगुवाई में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत को स्वच्छ बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाना है। विश्वजीत मिश्र ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा देशव्यापी अभियान है। गांधी जी स्वच्छता के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने देशवासियों को स्वच्छता के संबंध में उत्कृष्ट संदेश दिया था। इसलिए उनके जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुवात



की। आज का कार्यक्रम स्वच्छता के विचार को जन-जन तक पहुंचाने एवं गांधी जी के सपनों को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से किया गया है। इसलिए बैंक ने लखनऊ के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल घंटाघर के पास मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंच सके। बैंक द्वारा स्वच्छता संबंधी जन-जागरूकता के प्रसार के लिए घंटाघर के पास रैली भी निकाली गई। इस रैली में विश्वजीत मिश्र, मनोज कुमार श्रीवास्तवा, वैभव आनंद, जगन्नाथ आरे, विवेक तिवारी, बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी, संगठन के पदाधिकारी, शाखा प्रबन्धक एवं स्टाफ ने भाग लिया। इसके साथ ही बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# लखनऊ में डेंगू के 28 नए केस मिले, 335 घरों में हुआ सर्वेक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में डेंगू के रोगियों को मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को जनपद में डेंगू के 28 रोगी सामने आये हैं। इनमें ऐशबाग में 2, अलीगंज में 3, चन्दरनगर में 4, चिनहट में 3, इंदिरानगर में 4, सरोजनीनगर में 2, सिल्वर जुबिली में 3, रेडक्राम में 2 डेंगू के रोगी शामिल है। आज लगभग 335 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 5 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया।

# नादानी के बदले मिली ठोकरें, भुखमरी की समस्या लेकर भटक रही युवती

● मासूम बच्चे के साथ भुखमरी झेल रही युवती ने पुलिस कमिश्नर से लगाई मदद की गुहार

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कम** उम्र में नादानी की कीमत एक बेबस युवती और उसके मासूम बच्चे को दर.दर की ठोकरें खाकर चुकानी पड़ रही है। युवती का आरोप है कि उसे न तो ससुराल में आसरा मिल रहा और मायके वालों ने भी मुंह मोड़ रखा है। परेशान युवती ने पुलिस कमिश्नर से मदद की गुहार लगाई है।

मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी दो साल पूर्व एक युवक के झांसे में आकर उसके साथ चली गई। आरोप है कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। जबकि गर्भवती किशोरी को राजकीय बालगृह भेज दिया गया। जेल से छूटे युवक ने बालिग हो चुकी युवती और उसके बच्चे को अपने घर ले गया। युवती का आरोप है कि कुछ माह से उसे ससुराल में भी आसरा नही मिल पा रहा है। जबकि मायके के दरवाजे भी उसके लिए बन्द हो चुके हैं। ऐसे में मासूम बच्चे का पालन.पोषण और खुद के पेट भरने का इंतजाम करना उसके लिए काफ ी मुश्किल हो गया है। जिससे मासूम बच्चे के साथ उसे भुखमरी झेलनी पड़ रही है। युवती का आरोप है पुलिस चौकी और थाने में भी उसकी सुनवाई नही हो सकी। लिहाजा थकहार कर युवती ने पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर से मदद की गुहार लगाई है।

### मैसेज वायरल होते ही एक्शन में आई पुलिस

**युवती** ने कुछ परिचितों की मदद से अपनी पीड़ा सोशल मीडिया पर जाहिर कराई। मैसेज वायरल होते ही मोहनलालगंज पुलिस एक्शन में आ गई। अफ्सरों ने पुलिस टीम भेजकर युवती की मदद करने के निर्देश दिए। हालांकि जांच के बाद सारे पहलू सामने आने के बाद पुलिस समझौते और प्रशासन की मदद से समाधान की कोशिशों में जुटी हुई है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इंस्पेक्टर** संतोष कुमार आर्य ने बताया युवती का पति हादसे में जख्मी होने के बाद गंभीर हालत में बिस्तर पर है। सास भाइयों की मदद के सहारे गुजारा कर रही है। युवती के मायके वालों ने भी किनारा कर रखा है। चचेरे भाई ने युवती को शरण दी है। युवती और उसके बच्चे के गुजारे के लिए पुलिस हरसंभव मदद की कोशिश में जुटी हुई है।

# अंधेरे में गुजर रहे दिन-रात, सीएम से मांगी रोशनी की सौगात

● मोहनलालगंज में दहियर गांव के गरीब कमलेश के परिवार ने लगाई गुहार

संवाददाता। मोहनलालगंज

**गरीबी** में जिन्दगी गुजार रहे भूमिहीन परिवार को प्रशासन की मदद से सिर छिपाने की छत तो मिली लेकिन रोशनी के अभाव में अंधेरे में जिन्दगी गुजारनी पड़ रही है। 21 माह से बेबस परिवार इसी तरह घुप अंधेरे में टार्च के सहारे दिन-रात काट रहा है लेकिन उसे अब तक रोशनी की सौगात नही मिल सकी है।

मोहनलालगंज के दहियर गांव निवासी कमलेश कुमार अपनी पत्नी रीता और इकलौते बेटे हिमांशु के साथ घर में ही साइकिल पंक्चर बनाकर परिवार का गुजारा करता है। दो साल पूर्व तक इस भूमिहीन परिवार के पास सिर छिपाने की छत भी नसीब नही थी। बारिश में टूटी-फूटी टीनशेड भी ढह गई तो तत्कालीन एसडीएम डॉ. शुभी सिंह



की पहल पर जिला प्रशासन से मिली आर्थिक मदद के सहारे कमलेश के परिवार को पक्की मिल सकी। निर्माण कार्य में गरीब परिवार के पास पूंजी कम पड़ गई तो तत्कालीन राजस्व निरीक्षक पूर्णिमा तिवारी और लेखपाल राजेन्द्र बहादुर ने शटरिंग का इंतजाम कराकर छत डलवाई।

गरीब कमलेश कुमार घर में ही साइकिल पंक्चर बनाकर किसी तरह परिवार का पेट भरने का इंतजाम कर पाता है। उसके पास बिजली कनेक्शन लेने और बिल चुकाने के लिए फूटी कौड़ी नही है। रोशनी के अभाव में दिन में भी घर की कोठरी में टार्च लेकर जाना पड़ता है। वहीं भीषण गर्मी में परिवार रात में सांप-बिच्छू का खतरा उठाकर घुप अंधेरे के बीच किसी तरह रातें बिता रहा है।

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए बेबस कमलेश का परिवार घर के बाहर सड़क पर मोहल्ले के मकानों की छांव में रहकर दिन बिताता है। हालांकि रात में परेशानी काफी बढ़ जाती है लेकिन गरीब परिवार के पास सोलर पैनल खरीदने के लिए भी रुपए जुटाने का कोई जरिया नही है। लिहाजा बेबस परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाई है।

# अपराध नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक की नहीं, कार्रवाई की जरूरत: संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर मोदी योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों का नाम अहिंसा, प्रेम और भाईचारे के लिए जाना जाता है। दुखद है कि आज ही के दिन देवरिया में छह लोगों की नृशंस हत्या कर दी गयी। बस्ती में पति के सामने ही पत्नी का सामूहिक दुष्कर्म कर दिया गया। पति-पत्नी दोनों न घटना से दुखी होकर जहर खाकर जान दे दी। उसके पहले सुलतानपुर में एक डाक्टर की ड्रिल करके नृशंस हत्या हो गई। बरेली में भाई-बहन पर एसिड अटैक किया गया। अभी-अभी प्रयागराज में एक पुजारी की हत्या हो गई। संभल में महिला के साथ पुलिसवालों ने ही छेड़खानी कर दी। प्रदेश में गांधी के राज्य में आखिर क्या हो रहा है।



मुख्यमंत्री के कानून-व्यवस्था के तमाम दावे फेल हैं। वह हर दिन कानून-व्यवस्था के बेहतर होने का दावा करते हैं। क्या मुख्यमंत्री को यही कानून=व्यवस्था चाहिए। मुख्यमंत्री रोज समीक्षा बैठक करते हैं कल भी की लेकिन अब प्रदेश में समीक्षा बैठक की नहीं कार्रवाई की जरूरत है। डबल इंजन की सरकार होने के बाद हर दिन अखबार के पन्ने अपराध से भरे हुए हैं।

मुख्यमंत्री को चाहिए कि अधिक अपराध वाले जिलों के कप्तानों पर कार्रवाई करनी चाहिए। यह प्रदेश के लिए चिंता की बात है। सिर्फनिर्देश से काम नहीं चलेगा। संजय सिंह ने कहा कि देवरिया में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को कार्रवाई करनी चाहिए।

# अहिंसा दिवस मनाया गया

● पूर्व प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री के जयंती पर विचार गोष्ठी

● प्रत्येक नागरिक को भय व स्वार्थ से मुक्त होने तथा मानवता की रक्षा हेतु संकल्पित होना चाहिए : कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**संपूर्णानंद** संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय परिचर्चा का समायोजन किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा जी ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए प्रत्येक नागरिक को भय व स्वार्थ से मुक्त होने तथा मानवता की रक्षा हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया इसी क्रम में महात्मा गांधी के विराट व्यक्तित्व एवं राष्टीय अवदान को भी स्मरण किया तथा पूर्व प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जयंती पर कहा कि भागीरथी के तट पर जन्म लेने वाले शास्त्री जी माँ गंगा की तरह निर्मल और शीतल रहे ,सदैव जनहित मे समर्पित रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर रामपूजन पांडेय जी द्वारा गांधी प्रतिपादित आदर्श जीवन के सूत्रों की व्याख्या तथा सत्य और अहिंसा के रूप में स्थापित उनके मानकों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया।

आचार्य सुधाकर मिश्र ने महात्मा गांधी के विशिष्ट व्यक्तित्व को धर्म रक्षक का स्वरूप देते हुए उनके विलक्षण व्यक्तित्व को इंगित किया।

अचार्य शैलेश कुमार मिश्र जी ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महात्मा गांधी के विश्व राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव एवं उनके सिद्धांतों तथा व्यवहार पक्षों का समयसामयिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला तथा मनसा वाचा , कर्मणा तीनों प्रकार के अहिंसा स्वरूप की व्याख्या भी विस्तार से प्रतिपादित की । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक व पौराणिक मंगलाचरण के पश्चात महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ तथा अतिथियों का वाचिक स्वागत प्रोफेसर रमेश प्रसाद द्वारा किया गया?। कार्यक्रम का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफ़ेसर हरिप्रसाद अधिकारी जी द्वारा किया गया।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस पहली तिमाही में लाइफ इंश्योरेंस क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर है

**वाराणसी।** वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं।कंपनी क्लेम सेटलमेंट अनुपात आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.90 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस 96.70 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 95.80 प्रतिशत,बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस 93.50 प्रतिशत, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस 86.30 प्रतिशत, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस 77.30 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना पब्लिक डिसक्लोज़र्स से की गई है, जो संबंधित कंपनियों की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है।

# गांधी जयंती पर विशेष स्वच्छता अभियान

● पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने डाककर्मियों को स्वच्छता और फिटनेस के लिए किया प्रेरित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**डाक** विभाग द्वारा गाँधी जयंती के पावन पर्व पर वाराणसी परिक्षेत्र में %विशेष स्वच्छता अभियान 3.0% का शुभारंभ किया गया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कैण्ट प्रधान डाकघर में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके द्वारा देखे गए स्वच्छ भारत और स्वच्छता ही सेवा की परिकल्पना को सार्थक बनाने हेतु डाक विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुये स्वच्छता अभियान का आह्वान किया, जो कि 31 अक्टूबर तक चलेगा।

इस अवसर पर वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई एवं बेहतर स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वच्छता का सन्देश देते हुए इस स्वच्छता पखवाड़े का हिस्सा बन कर अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने कहा कि यदि हम अपने आस-पास स्वच्छता के प्रति सजग होंगे तो हमारा पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। इस अवसर पर निदेशक डाक सेवाएँ, प्रयागराज गौरव श्रीवास्तव, सहायक निदेशक ब्रजेश शर्मा और डाक अधीक्षक विनय यादव, सहायक लेखाधिकारी संतोषी राय, डाक निरीक्षक श्रीकांत पाल, इंद्रजीत पाल, कैंट पोस्टमास्टर अरविन्द शर्मा, राहुल वर्मा, आनंद प्रधान, राकेश कुमार, मनीष कुमार, अनुराग शुक्ला, ज्ञान सागर, सहित डाक विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

# कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ व युवा कांग्रेसियों ने धूम से मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**गांधी** जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज वर्मा मनु के नेतृत्व में आज टाउन हाल स्थित महात्मा गांधी व मा कस्तूरबा की प्रतिमा,एवं लोहटिया। स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और रामधुन का भजन किया गया।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रांतीय चैयरमैन श्री दुर्गाप्रसाद गुप्त, एवम् सर्वश्री हाजी मो0इस्लाम, मंगलेश सिंह, संदीप वर्मा, कृष्णा तिवारी, डा0अमीन अहमद राजदीप जायसवाल, केदार यादव,अंशुमान वर्मा ,विजय दुबे(बाबा), शंभुनाथ मिश्रा व संजीव गुप्ता इत्यादि की उपस्थिति रही।

वाराणसीद्धमहात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्ग लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर खजूरी स्थित पार्षद कार्यालय में पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मयंक चौबे के नेतृत्व में गांधीजी वी शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता मयंक चौबे ने कहा कि गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री के बताए हुए मार्ग पर चलना ही देश का भला है इ न्ही के बताए हुए मार्ग पर हम सब स्वच्छता अभियान चलते हैं लेकिन वही वर्तमान की केंद्र व प्रदेश सरकार जहां गांधी जी व शास्त्री जी द्वारा बनाया गया राजघाट पर स्थित सर्व सेवा संघ को गिराया गया।

उसके बावजूद गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती पर पक्ष किस तरह जयंती मना रहा है, शर्म आनी चाहिए।ईस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित सतीश चौबे ,मनीष चौबे, विनीत चौबे, पूर्व पार्षद प्रीति चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी डिवीजन इंश्योरेंस एंप्लॉइज एसोसिएशन का 56 वां महाधिवेशन संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**VDIEA**, वाराणसी मंडल का 56 वां महाधिवेशन दिनांक 30 सितंबर व 1 अक्तूबर



को ख्नुष्ट भेलुपूरा वाराणसी के प्रांगण में संपन्न हुआ द्य दो दिवसीय इस महाधिवेशन में नार्थ सेंट्रल ज़ोन के अध्यक्ष व महामंत्री संजीव शर्मा और राजीव निगम उपस्थित रहे, पुरानी पेंशन सभी को मिले, नया वेज रिवीजन जल्द हो, ख्नुष्ट में नई भर्ती फिर से प्रारंभ हो, श्रम कानून में जबरदस्ती बदलाव खत्म हो, ख्नु का निजीकरण बंद हो, पब्लिक सेक्टर यूनिट को स्वतन्त्र रूप से काम करने दिया जाय द्य रेलवे, बीएसएनएल, बैंक का निजीकरण बंद हो यह सब प्रस्ताव पारित हुआ द्य आगामी सत्र 2023 - 25 के लिए नए पदाधिकारी का चुनाव हुआ जो इस प्रकार हैं। रविवार को एलआईसी मंडल कार्यालय के सभागार में चुनाव अधिकारी परमेश्वर बनर्जी की देखरेख में 2023 24 चुनाव संपन्न हुआ जो जो पदाधिकारी चुने गए वह निम्न प्रकार हैं अध्यक्ष नारायण चटर्जी, उपाध्यक्ष डीसी सिंह, सुमंत कुमार, श्यामा चरण शुक्ला एवं राम जी तिवारी, महामंत्री पर बि नोद कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र मेहरोत्रा सह कोषाध्यक्ष भानु श्रीवास्तव एवं अभिरुचि चटर्जी तथा संयुक्त मंत्री पद पर पंकज गुप्ता, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, विमल राज संगम एवं सुजीत कुमार चुने गए तथा कार्यक्रम में मंडली अध्यक्ष नारायण चटर्जी, डीसी सिंह, विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रियंका पाठक ,पंकज द्विवेदी, श्वेता सिंह आदि ने दिवसीय महा सम्मेलन में अपने प्रमुख विचार रखें।

# आज भी प्रासंगिक है गांधी और शास्त्री जी के आदर्श

**सोनभद्र।** हिण्डाल्को मनोरंजनालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती एवं हिण्डाल्को पुस्तकालय की स्थापना दिवस पूरे श्रद्धा के साथ मनाया गया। रंगबिरंगे फूलों से सुसज्जित मनोरंजनालय हॉल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलुमिना प्लांट प्रमुख एन.एन. राय एवं विशिष्ठ अतिथि रिडक्शन प्लांट हेड जे.पी. नायक ने गांधीजी व शास्त्रीजी के चित्रों पर माल्यार्पण कर तथा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मनोरंजनालय प्रभारी वेद प्रकाश ने गांधीजी व शास्त्रीजी के जीवन पर प्रकाश डाला और हिण्डाल्को पुस्तकालय, वाचनालय, प्राकृतिक चिकित्सालय और खिलाड़ियों की उपलब्धियों की जानकारी साँझा की। मुख्य अतिथि श्री राय एवं श्री नायक ने कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी के आदर्श आज भी प्रासंगिक है और हम सभी को इन महापुरुषों के दिखाएं रास्ते का सदैव अनुशरण करना चाहिये। कार्यक्रम में भजन गायक उदय मिश्रा ने अपने सुमधुर भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी राजीव झुनझुनवाला, कर्नल से.नि. संजीव खन्ना सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा मान्यता प्राप्त श्रम संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर गांधीजी व शास्त्रीजी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में एस.के. ब्रह्मचारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## क्विक न्यूज

### जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को करना चाहिए रक्तदान : डॉ अनिल



**मुग़लसराय/चन्दौली ।** जाके पांव न परे बेवाई वो का जाने पीर पराई इस दोहे का अर्थ खून के महत्व पर सटीक बैठता है। खून की कीमत सिर्फ वही समझ सकता है जो उसकी कमी या जरूरत से गुजरा हो। इसी का महत्व समझाने और आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशन में चन्दौली पुलिस द्वारा जन सेवा के उद्देश्य से स्वैच्छिक रक्तदान की एक नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत चन्दौली पुलिस द्वारा प्रत्येक माह में एक दिन जनपद के अलग-अलग सर्किल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर शुरू हुए अभियान का पहला शिविर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पीडीडीयू नगर में क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह की देख रेख में आयोजित हुआ। जहाँ 118 लोगो ने रजिस्ट्रेशन करवाया था जिसमे से 101 लोगो ने रिकॉर्ड तोड़ रक्तदान किया । इसके पहले शिविर का उद्घाटन करते हुए पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन की रक्षा में सहायक होता है। यह एक पुण्य का कार्य है। रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। समाज के एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। नियमित रूप से रक्तदान करने से शरीर में संचित आयरन की मात्रा में कमी आती है। जिससे हार्ट अटैक का जोखिम कम होता है साथ ही शरीर में नई कोशिकाएं बनने में मदद मिलती है। रक्तदान करने के 48 घंटे के भीतर शरीर बोनमैरो के साथ मिलकर नया रक्त पुनः बना लेती है।

### देश में 5 जी सेवाओं की शुरुआत को हुआ एक वर्ष पूरा

वाराणसी। एयरटेल 5 जी प्लस के लॉन्च के 1 साल के भीतर, भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की कि उसके नेटवर्क पर 50 मिलियन से अधिक अद्वितीय 5जी ग्राहक हैं। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं देश के सभी जिलों में उपलब्ध हैं। पिछले वर्ष 1 अक्टूबर को वाराणसी से देश में 5जी सेवा की शुरुआत भारती एयरटेल ने की थी। इसे देश में सबसे तेज़ रोलआउट में से एक बनाते हुए, एयरटेल 5जी प्लस सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, भारती एयरटेल के सीटीओ, रणदीप सेखों ने कहा, हम अपने लाखों ग्राहकों द्वारा 5जी को अपनाने की गति से रोमांचित हैं और हम योजना से पहले इस मील के पत्थर तक पहुंच रहे हैं।

### सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की विशेष पहल

वाराणसी। वित्तीय वर्ष 2023 के लिए राजस्व के मामले में फुल ट्रक लोड (एफटीएल) वर्टिकल में बाजार नेतृत्व के साथ भारत में एक विविध लॉजिस्टिक्स कंपनी सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (स्रोत-क्रिसिल रिपोर्ट) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 रुपए प्रत्येक) के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है।

### धमाल मचाने की तैयारी

कानपुर। लंदन स्थित कंज्यूमर टेक ब्रैंड, नथिंग हाल ही में लॉन्च किया गया। फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ सेल 8 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। प्लस मेंबर्स को नथिंग के इस विशेष मूल्य की पेशकश की सुविधा एक दिन पहले मिल सकेगी। फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान नथिंग फोन 2 की खरीद पर ग्राहकों को कई शानदार सुविधाएँ मिलेंगी।

### जीजीआईसी की प्रधानाचार्या व छात्राओं को स्वच्छता सम्मान

अमेठी। आज स्वच्छता ही सेवा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 23 तक गौरीगंज जनपद अमेठी में आयोजित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के सुअवसर पर आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत अनवरत स्वच्छता एवं अन्य कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने हेतु राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी की प्रधानाचार्या/जिला आयुक्त गाइड अमेठी को स्वच्छता सम्मान से नवाजा गया,साथ ही विद्यालय की तीन छात्राओं ईशा, कशिश, आंचल वर्मा को निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन पंकज कुमार, जिला अधिकारी अमेठी, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी के द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया ।

## राष्ट्रपिता और शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लें : डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने हमें सत्य, अहिंसा और कर्तव्य निष्ठा का संदेश दिया। हमें अपने कार्य क्षेत्र में भी इस भावना को शामिल करना चाहिए। जिससे कि इन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि मिल सके जिलाधिकारी, नोडल अधिकारी के साथ जीवीपी पॉइंट पर भी गई और वहां पर उन्होंने नोडल अधिकारी के साथ स्वच्छता संबंधी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौध रोपण किया और संदेश दिया कि सभी लोग पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए और अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिला अधिकारी वित्त पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र के अतिरिक्त सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# याद किए गए गांधी व शास्त्री





**संवाददाता।** अमेठी

**जनपद** में देश के दो महापुरुषों की जयंती आज भव्य पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जहां गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया वही लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता एवं शालीनता का, इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम गाया गया।

इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमश: अशोक कुमार द्विवेदी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान यादव, वीरेंद्र प्रताप तिवारी, रामनिवास मिश्रा, देवी प्रसाद तिवारी, देवराज सिंह, पूजा, सुरेंद्र बहादुर सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# अजय राय का किया गया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**रविवार** को सिगरा स्थित बंजारा लाइन में आयोजित कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का सम्मान समारोह समारोह जिला अध्यक्ष राजेश्वर पटेल एवं महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने पुष्प हर अंग वस्त्रम पहनकर वह गधा बैठकर स्वागत किया। अध्यक्षता पूर्व सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने किया। सम्मान समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा दुर्भाग्य की बात है कि आज आज केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने सत्ता और बहुमत की परिभाषा ही बदल दी है। श्री राय ने कहा बीजेपी वालों के आवास में उनकी अपनी बंदूक से हत्या हो रही है लेकिन योगी सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है। सामान्य व्यक्ति से कोई गलती हो जाती है तो उसके घर को बर्बाद कर दिया जाता है ।क्या यही राम राज्य या तालिबानी राज है। उन्होंने कहा कि अब बनारस में का राजा का हाल-चाल है ना कि केम छो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा कि नव वर्षों से काशी स्वच्छ नहीं हुई इसका मतलब है कि काशी व प्रदेश स्वच्छ नहीं है स्वच्छंदली शब्द पर भी आपत्ति जताई कहा कि स्वच्छता अभियान स्वच्छता पखवाड़ा तो ठीक था यह स्वर यह श्रद्धांजलि शब्द नया गढ़ दिया। मोदी पहले अपने मन साफ करें फिर गांधी जी को श्रद्धांजलि द। एक तरफ प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, विनोबा भावे, डॉ राजेंद्र प्रसाद, द्वारा स्थापित किया गया सर्व सेवा संघ राजघाट को गलत कराह देते हैं वहीं दूसरी तरफ गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हैं और वह स्वच्छता अभियान करते हैं वह दो मुहवा बात ना किया करें। क्योंकि गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री व डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे महान हस्तियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ सर्व सेवा संघ का निर्माण कराया गया था जो भाजपा सरकार द्वारा ध्वस्त कर दिया गया ।यही मोदी द्वारा द्वारा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व प्रवक्ता बीएचयू के छात्र संघ उपाध्यक्ष कमलाकर त्रिपाठी, इंटके के प्रदेश महासचिव डॉक्टर एसपी श्रीवास्तव, आनंद चौबे, नेहरू पांडे, सतीश चौबे, प्रजनाथे शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, फांसाहट हुसैन बाबू ,प्रमोद वर्मा, मनीष मोरोलिया, पंकज चौबे, अनुराधा यादव आदि शामिल रहे।

# सत्य अहिंसा व प्रेम का संदेश देता है बापू का जीवन : चौबे

**संवाददाता।** सोनभद्र



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी व सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी के जयन्ती पर भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल की अध्यक्षता मे नगर पालिका कार्यालय में दोनो महापुरुषों के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व सदर विधायक भूपेश चौबे ने माल्यार्पण कर गोष्ठी को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी की अहिंसक नीतियों, नैतिक आधारों, अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने और अधिक लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। उन्होंने सभी धर्मों को एक समान मानने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, पुरुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा देने और दलितों-गैर दलितों के बीच की युगों से चली आ रही खाई को पाटने पर जोर दिया। स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि सभी लोग देश व समाज को स्वच्छ और स्वस्थ्य रखने के लिए स्वच्छता को प्राथमिकता दें अपने आस पास साफ सफाई रखें साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे व स्वच्छता हेतु अपना पूर्ण सहयोग करें नये भारत के निर्माण मे भागीदार बनें। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा रचनात्मक और सामाजिक काम करते है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित है।

इस अवसर पर मलिन बस्ती मे जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने स्वच्छता करते हुए जनसंपर्क किया व खादी ग्रामोद्योग से खादी का वस्त्र सभी कार्यकर्ताओं के साथ खरीदा। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं सत्य अहिंसा व प्रेम का संदेश देता बापू का जीवन समरस समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय राजनीति को मानवीय मूल्यों एवं लोकतांत्रिक आदर्शो से अभिसिंचित करने वाले जननायक जय जवान जय किसान उद्घोषक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी को उनके जयन्ती पर कोटिश: नमन।

## ऊर्जा मंत्री कल करेंगे पावर हाउस का शिलान्यास : सिंह

**रायबरेली।** जिला पंचायत सभागार में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा नेवाजगंज में होने वाले पावर हाउस के शिलान्यास से बिजली की किल्लत से जूझ रहे सदर तहसील व महराजगंज तहसील के लोगों को अब राहत मिलेगी उद्यान मंत्री ने जिला पंचायत सभागार के प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को बताया कि 4 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्री द्वारा इस पावर हाउस का शिलान्यास किया जाएगा। आपको बता दे कि रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला पंचायत सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उनके निज आवास थाना हरचंदपुर के निवासगंज में 4 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्री द्वारा पावर हाउस का शिलान्यास किया जाएगा जिसको लेकर विशाल जनसभा को भी आयोजित किया जाएगा साथ ही इस पावर हाउस के बनने से सदर तहसील के महाराजगंज तहसील के लोगों को बिजली की समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा।

# महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री नपाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** मीरजापुर

**नपाध्यक्ष** श्यामसुंदर केशरी सोमवार की सुबह लालडिग्गी स्थित नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पहुँचे ।जहा सभासदो,पालिका के अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों,कर्मचारियों के साथ महात्मा गाँधी और लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी ।नपाध्यक्ष ने पालिका के प्रधान कार्यालय पर ध्वजारोहण कर सभी के साथ राष्ट्रगान भी गाया ।इसके साथ ही नगर के शहीद उद्यान पहुंचकर शहीदों के प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पण कर उन्हें भी नमन किया ।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गाँधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया था ।जहां महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री ने देश को आज़ादी दिलाने के लिये अहिंसक आंदोलन कर ब्रिटिश सत्ता को भारत से उखाड़ फेंकने में योगदान दिया था ।वही लाल बहादुर शास्त्री ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में देश के अंदर अभूतपूर्व कार्य भी किये ।वे अपनी ईमानदारी और निष्ठा के लिये जाने जाते थे ।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महात्मा गाँधी के उन्हीं सपनो को साकार कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे है ।पूरे देश में गांधी जी 154वी जयंती के अवसर चल रहे महासफाई अभियान के अंतर्गत एक अक्टूबर को देश के तमाम लोगो ने एक घंटा श्रमदान कर गांधी जी के स्वच्छ भारत को नया रूप दे रहे हैं ।लोग अब स्वच्छता के प्रति जागरूक भी हो रहे है ।लोग कूड़ा फेकने के लिए डस्टबिन ढूंढते है और एक दूसरे को सफाई रखने के लिए प्रेरित भी करते है ।गांधी जयंती के अवसर पर भी नगर के जंगीघाट पर श्रमदान किया गया है ।लोग भी स्वच्छता के मुहिम से जुड़े अभियानों में शामिल होकर स्वच्छ भारत के सपने को साकार कर रहे है।

# सर्वम सेवा संस्था टीवी के मरीजों के लिए संजीवनी बूटी का काम कर रही है सतीश

**संवाददाता।** मीरजापुर

**जनहित** में स्वास्थ्य सेवा को मद्देनजर रखते हुए तमाम लोगों को मदद और सहयोग पहुंचाने वाली सर्वम सेवा संस्था वाराणसी द्वारा विगत डेढ़ माह के अंदर दो चक्र में जनपद मिर्जापुर में टीबी रोग से प्रभावित 602 मरीजों को गोद लेने का सराहनीय कार्य किया जा चुका है, संस्था द्वारा मिर्जापुर में अपने स्तर से आयोजित कराए गए 28 सितंबर के 501 टीबी रोगी गोद कार्यक्रम में जनपद मिर्जापुर में पुन: 1100 टीबी रोगियों को शीघ्र गोद लेने की घोषणा भी की गई है, जो जनपद के टीबी रोगियों के मदद में एक बहुत बड़ा पहल होगा, सर्वम सेवा संस्था द्वारा ऐसे जनहित रूपी कार्यों को खुद से पूरा खर्च वहन करते हुए ऐसे तमाम समाज सेवी कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर मिर्जापुर से लेकर आसपास के कुछ अन्य जनपदों में भी किया जाता है। उपरोक्त सहयोगी क्रम में ही संस्था द्वारा 1 अक्टूबर 2023 को जौनपुर जिले के विकासखंड जलालपुर स्थित टिकरीडिह गांव में हेल्थ मेगा कैंप का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉक्टर टीम द्वारा नेत्र रोग, बाल रोग, ऑर्थो तथा महिला रोग आदि से प्रभावित तमाम समस्या ग्रस्त लोगों के बीच जांचोंप्रांत दवा तथा चश्मा आदि उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में संस्था संयोजन श्री संजय भट्टाचार्या एवं सचिव सूरज मौर्या के साथ साथ दीपक मौर्य, अखिलेश मौर्या, संजय शुक्ला, प्रभु पटेल, रवि प्रजापति, हिमांशु तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## भारत का दृष्टिकोण

### भरपूर आत्मविश्वास

**भारत** भरपूर आत्मविश्वास के साथ पश्चिम से आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए अमेरिका से संबंध मजबूत करने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का 'आरोप' भारत पर लगने से काफी राजनयिक हायतोबा मची। लेकिन भारत ने वैश्विक मंच पर पूरी प्रतिबद्धता व आक्रामकता के साथ अपना दृष्टिकोण सामने रखा। वाशिंगटन में भारतीय पत्रकारों से बात करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की आलोचना करते हुए कहा कि उसने हमारे राजनयिकों और राजनयिक मिशनों के खिलाफ हिंसाा, धमकियों व उत्पीड़न का 'सामान्यीकरण' किया है। खालिस्तानी अतिवादी निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है। जयशंकर ने आतंकवाद और अतिवाद के प्रति कनाडा की 'ढिलाई' तथा प्रत्यर्पण प्रार्थनाओं की अनदेखी का सवाल उठाया। उन्होंने जोर दिया कि मुद्दे को व्यापक दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है तथा 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के नाम पर धमकियों व उत्पीड़न को अस्वीकार किया जाना चाहिए। वाशिंगटन में भारतीय समाज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध बहुत मजबूत हैं। उन्होंने जोर दिया कि देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत-अमेरिका संबंधों का अभूतपूर्व मार्ग रेखांकित करते हुए उन्होंने इसे 'इच्छित, अधिकतम व सहज' बताया। एस. जयशंकर ने आशा प्रकट की कि द्विपक्षीय संबंधों का भविष्य भारत के ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन की तरह उज्जवल है। उन्होंने जी20 सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने में अमेरिका के 'अमूल्य समर्थन' की प्रशंसा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी आगे बढ़ते हुए 'संभवत: चंद्रमा से भी आगे' जाएगी।



राजनयिक चर्चाओं में उन्होंने ट्रूडो के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता 'भारत की नीति से असंगत' है। जयशंकर का दृष्टिकोण इस मुद्दे पर भारत की स्थिति स्पष्ट करना था। अमेरिकी रक्षा सचिव लायड आस्टिन के साथ अलग से एक बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने पर जोर दिया जिसमें रक्षा उत्पादों का सह-उत्पादन शामिल है। इस बीच एटलांटिक पार भारतीय समाज के साथ भारतीय उच्चायुक्त की एक बैठक में कुछ लोगों ने बाधा डाली जिनकी 'राष्ट्र-विरोधी' पहचान है। इससे जयशंकर का यह दावा मजबूत होता है कि कट्टरपंथी भारत-विरोधी तत्वों ने पश्चिम में अपनी जड़ें जमा ली हैं और वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। पश्चिम को यह समझ लेना चाहए कि ऐसे तत्व किसी अधिकार या स्वतंत्रता के लिए संघर्ष नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनके पास भारी अवैध संपत्ति है और भारत के खिलाफ संघर्ष को 'न्यायोचित लक्ष्य' बता कर उन्होंने काफी शक्ति अर्जित की है। लेकिन सच्चाई यह है कि उनकी विचारधारा पृथक्करण, उत्पीड़न व हिंसा पर आधारित है तथा उनका भारत में कोई समर्थन आधार नहीं है। एक आम पंजाबी उनके दृष्टिकोण से सहमत नहीं है और उनके साथ उसका कोई जुड़ाव नहीं है। पश्चिम को उनकी उपस्थिति तथा गतिविधियों की चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि यह उनके अपने लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के खिलाफ है। भारतीय विदेश मंत्रालय ऐसे तत्वों का मुखौटा उतार कर ठीक काम कर रहा है। उसने दुनिया को दिखा दिया है कि वे केवल स्वतंत्रता सेनानियों के वेश में छिपे बदमाशों के गिरोह भर हैं।

# विश्व शांति और गांधीवादी दृष्टिकोण

**घृणा की आंधियों व गुटों के टकराव वाले आधुनिक विश्व में महात्मा गांधी का अहिंसा का विचार एक प्रकाश स्तंभ की तरह है। यह वर्तमान समस्याओं के साथ भावी समस्याओं के समाधान का रोडमैप है।**

राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)





आज की दुनिया टकराव और विभाजन की शिकार है। इन परिस्थितियों में संपूर्ण मानवजाति की इच्छा स्थाई शांति की है, लेकिन यह सपना बनी हुई है। मानवजाति के पूरे इतिहास में अनेक नेता, विचारक व एक्टिविस्ट लगातार विश्व शांति की खोज करते रहे हैं। विश्व शांति की खोज करने वाले ऐसे महान लोगों में महात्मा गांधी का विशेष स्थान है। गांधीजी के अहिंसा के सिद्धान्त ने सारी दुनिया में लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है। आज भी उनका अहिंसा का सिद्धान्त सारी मानवजाति के लिए आशा की किरण की तरह है। अहिंसा के रास्ते पर चल कर ही टिकाऊ शांति प्राप्त की जा सकती है। 2 अक्टूबर को सारी दुनिया ने 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया जो महात्मा गांधी का जन्मदिवस है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें इस दिवस पर आयोजनों से आगे बढ़ कर विश्व शांति के प्रति एक पवित्र प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए। सारी दुनिया के नेताओं को यह स्वीकार करते हुए प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि पूरी मानवजाति के लिए गांधीजी का अहिंसा का सिद्धान्त अपरिहार्य है। गांधीजी का अहिंसा का सिद्धान्त बदलते समय के अनुसार निरंतर परिवर्तनशील है, वर्तमान में इसका महत्व सभी स्वीकार कर रहे हैं तथा भविष्य में भी यह दृष्टिकोण अपना कर हम उस समय की उथल-पुथल से निकल सकेंगे।

गांधीजी ने अहिंसा के साथ ही 'सत्याग्रह', यानी सत्य के प्रति आग्रह पर जोर दिया था जिसे गांधी दर्शन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह या सत्य की शक्ति और प्रेम से टकरावों का समाधान निकालने तथा समाजों के आमूल परिवर्तन की अवधारणा पेश की थी। महात्मा गांधी का जन्म भले ही भारत में हुआ हो, पर उनका प्रभाव भारत की सीमाओं से बहुत आगे तक था। उन्होंने शांति के लिए संघर्ष की राह में सारी दुनिया पर अमिट छाप छोड़ी है। गांधीजी के महत्व को रेखांकित करते हुए इतिहासकार एकनाथ ईश्वरन ने लिखा था, 'अहिंसा की गांधीजी की शिक्षा तथा न्याय के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता कोई अतीत की विरासती वस्तु नहीं है। यह हिंसा और अन्याय से संघर्ष कर रही सारी दुनिया के लिए सदा महत्वपूर्ण रहने वाली एक अमूल्य धरोहर है।'

अहिंसा की सार्वभौकिता की जड़ें मानव गरिमा तथा शांति की साझा इच्छा में निहित हैं। ये अवधारणायें दुनिया के सभी धर्मों और विश्वासों का मूलाधार हैं। विभिन्न धर्मों और दार्शनिक परंपराओं से प्रेरणा प्राप्त कर महात्मा गांधी ने 'अहिंसा' और 'सत्याग्रह', यानी किसी को नुकसान न पहुंचाने तथा सत्य पर डटे रहने को सामाजिक व राजनीतिक परिवर्तन का शक्तिशाली औजार बना दिया था। गांधीजी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अहिंसक प्रतिरोध की अवधारणा की प्रभावशीलता प्रदर्शित की थी। दुनिया के अनेक देशों ने भी अपने स्वतंत्रता संग्राम में अहिंसक प्रतिरोध का सफलतापूर्वक प्रयोग किया था। गांधीजी के विचारों तथा खासकर सत्य, अहिंसा व सत्याग्रह की उनकी अवधारणाओं का प्रभाव सारी दुनिया में दिखाई पड़ा। अमेरिका में नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले प्रेरणादायक व्यक्ति मार्टिन लूथर किंग जूनियर गांधीजी के विचारों से प्रभावित थे और उन्होंने इनको अपने संघर्ष में प्रमुख स्थान दिया था। अहिंसक प्रतिरोध के प्रति मार्टिन लूथर किंग की प्रतिबद्धता की जड़ें गहराई तक उनके ईसाई धर्म के विश्वास तथा गांधीजी की शिक्षाओं में निहित थीं। मार्टिन लूथर किंग ने अपनी प्रख्यात रचना 'लेटर फ्राम बरमिंघम जेल' में लिखा था कि 'अन्याय कहीं भी हो, वह हर जगह न्याय के लिए खतरा है।'

इस प्रकार इस प्रख्यात नागरिक अधिकार कार्यकर्ता ने मानवता तथा अन्याय के मुकाबला करने के लिए अहिंसक कार्रवाई के बीच परस्पर संबंध को बहुत अच्छी तरह रेखांकित किया था। अहिंसा को युद्धनीति की तरह व्याख्यायित करते हुए उन्होंने लिखा था, 'अहिंसा एक शक्तिशाली और न्यायोचित हथियार है जो इसे धारण करने वाले को बिना किसी चोट-चपेट के विजय प्रदान करता है।'

इसी प्रकार अफ्रीका के महान राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी, रंगभेद-विरोधी योद्धा तथा जन-नायक नेल्सन मंडेला का अहिंसा की शक्ति पर असंदिग्ध विश्वास था। उन्होंने कहा था, 'गांधीजी का अहिंसा और सत्य का दर्शन हमारे पास एकमात्र स्थाई विरासत है। बाकी सभी राजनीतिक व्यवस्थायें विफल हो गई हैं। हमारा एकमात्र ऐसा दृष्टिकोण है जो विश्वशांति की गारंटी दे सकता है क्योंकि यह एकमात्र दृष्टिकोण है जो यह गारंटी करता है कि मानवजाति को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति दिलाई जाएगी।' दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ संघर्ष करने वाले डेसमंड टूटू ने भी अहिंसा की परिवर्तनकारी शक्ति रेखांकित की थी। टूटू ने इस बात पर भी जोर दिया था कि अहिंसा केवल रणनीति न होकर एक जीवनशैली है।

उन्होंने कहा था, 'क्षमा और सुलह-समझौता न केवल भौतिक, बल्कि आध्यात्मिक चीजें हैं। उनके मजबूत व व्यावहारिक प्रयोग हैं।' महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस उनके दर्शन के वैश्विक महत्व को रेखांकित करता है। टकरावों के समाधान तथा शांति को बढ़ावा देने में अहिंसा का महत्व स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। संरा. ने टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में शांति व टिकाऊ विकास के बीच महत्वपूर्ण अंतर्निहित संबंध स्वीकार किया है। जटिल भू-राजनीतिक तनावों का सामना करने वाली दुनिया में टकरावों के समाधान के लिए अहिंसा की प्रभावशीलता को कम नहीं आंका जा सकता है। शांति एक्टिविस्ट तथा महात्मा गांधी की प्रपौत्री इला भट्ट ने भी इस संबंध को रेखांकित किया है। उनका विश्वास था कि 'बिना शांति विकास असंभव है और बिना विकास के शांति भी नहीं प्राप्त की जा सकती है।' हालिया वर्षों में दुनिया के विभिन्न भागों में अहिंसक आंदोलन शक्तिशाली बल के रूप में विकसित हुए हैं। बस में सीट मिलने से इनकार के खिलाफ संघर्ष करने वाली रोज़ा पार्क्स से लेकर हिंसा के खिलाफ लड़कियों की शिक्षा के पक्ष में खड़ी होने वाली मलाला युसुफजई तक अनेक नेताओं ने गांधीजी की विचारधारा स्वीकार की है। मध्यपूर्व में 'द अरब स्प्रिंग' से लेकर हांगकांग में 'द अम्ब्रेला मूवमेंट' तथा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक संघर्ष करने वाली ग्रेटा थुनबर्ग तक ने उदाहरण पेश किए हैं कि समकालीन वैश्विक संघर्षों में अहिंसक आंदोलन कैसे महत्वपूर्ण बने हुए हैं। लोकतंत्र, सामाजिक न्याय व पर्यावरण सरोकारों की इच्छा से प्रेरित विरोध आंदोलनों ने नेताओं को नींद से जगा दिया है। उन्होंने दिखाया है कि अहिंसा की सामूहिक शक्ति से स्थापित मानकों को चुनौती देकर परिवर्तन की मांग की जा सकती है।

महात्मा गांधी का जन्मदिवस तथा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस कार्रवाई का आह्वान करते हैं। विविधताओं से भरी चुनौतियों का सामना करने वाली दुनिया में महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित तथा प्रयोग की कसौटी पर खरे उतरे अहिंसा के सिद्धान्त न केवल हमारे इतिहास की विरासत हैं, बल्कि ये भविष्य का रोडमैप भी पेश करते हैं। गांधीजी ने स्वयं कहा था, 'अहिंसा मानजाति को मिली सबसे बड़ी शक्ति है।' बिना किसी अतिरंजना के कहा जा सकता है कि शिक्षा आदिम युग से परिवर्तन कर अहिंसा के मूल्य सारे समाज में प्रतिस्थापित करने का उपकरण है। नेल्सन मंडेला ने अपनी प्रख्यात रचना 'लांग वाक टु फ्रीडम' में कहा था कि लोगों को घृणा करना सीखना चाहिए, पर उनको प्रेम करना भी सिखाया जाना चाहिए। इससे शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति रेखांकित होती है। ऐसी शिक्षाओं वाले पाठ्यक्रम को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिससे संवेदना, टकरावों के समाधान तथा ज्यादा शांतिपूर्ण व सहिष्णु दुनिया की नीव रखने की समझ पैदा हो।

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता

> "दुनिया भर में लगभग हर पांचवां व्यक्ति अपने जीवनकाल के दौरान किसी न किसी समय मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है।"

आरसी जिलोहा
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



वर्ष 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हेल्थ ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में अधिक मुखर होने की आवश्यकता को पहचाना क्योंकि मानसिक बीमारी से पीड़ित लोग अक्सर सामाजिक कलंक, समझ की कमी और भेदभाव के डर से चुपचाप पीड़ित होते हैं।

दुनिया भर में लगभग हर पांचवां व्यक्ति अपने पूरे जीवनकाल के दौरान किसी न किसी समय मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है। जबकि अवसाद और चिंता विकार सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां हैं, आत्महत्या असामयिक और असामयिक मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए समय पर हस्तक्षेप करना एक गंभीर चिंता का विषय है। कोटा (राजस्थान) में छात्र आत्महत्याओं की घटनाएं स्थिति की गंभीरता और मुद्दे के समाधान की तत्काल आवश्यकता को बयां करती हैं।

मानसिक स्वास्थ्य का तात्पर्य समग्र मानसिक कल्याण से है, एक समग्र अवधारणा जो शारीरिक और सामाजिक कल्याण के बारे में भी है। मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों को समझने, समर्थन और पहुंच के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना मानसिक बीमारी को कलंकित करने और इसके आसपास के नकारात्मक दृष्टिकोण और विश्वासों को तोड़ने के लिए महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से, हाल के वर्षों में सार्वजनिक स्वास्थ्य विकास ने बुजुर्गों और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर समान रूप से प्रतिकूल प्रभाव डाला है। बच्चों को यह समझाना महत्वपूर्ण हो जाता है कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य उनके भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि जब से ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 महामारी शुरू हुई है, पहले से कहीं अधिक बच्चे चिंता और अवसाद के उच्च स्तर की रिपोर्ट कर रहे हैं। यह अब इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा करके मानसिक बीमारी से जुड़े कलंक को तोड़ने का सही समय है।

हाल की संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले लोग और मनोसामाजिक विकलांगता वाले लोग खराब शारीरिक स्वास्थ्य और कम जीवन प्रत्याशा की अनुपातहीन रूप से उच्च दर का अनुभव करते हैं। समुदाय, परिवार, स्कूलों और कार्यस्थल में भेदभाव, हानिकारक रूढ़ियां और कलंक सार्थक रिश्तों, गुणवत्तापूर्ण सामाजिक संपर्क और मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों की भलाई के लिए आवश्यक समावेशी वातावरण को रोकते हैं। ये मुद्दे व्यक्ति की जीवन स्थितियों से निपटने की क्षमता को नुकसान पहुंचाते हैं।

एक ऐसे समाज का निर्माण करने के लिए जनता को शिक्षित करने की आवश्यकता है जहां हर कोई बिना किसी पूर्वाग्रह और भेदभाव के मदद और समर्थन मांगने में सहज महसूस करे। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना राज्य और वैश्विक संगठनों की जिम्मेदारी और दायित्व है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। बेहतर रहने की स्थिति, सुरक्षा, भोजन, आश्रय और आवास तक पहुंच सभी मानवाधिकार मुद्दे हैं जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। मानसिक स्वास्थ्य दुनिया के सभी नागरिकों का एक सार्वभौमिक अधिकार है और वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हेल्थ (डब्ल्यूएफएमएच) के 1948 के संस्थापक सिद्धांतों के अनुरूप है।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल की गई प्रतिबद्धताओं और की गई कार्रवाई की पुष्टि करता है। जबकि पिछले साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम 'सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को वैश्विक प्राथमिकता बनाएं' थी, 2023 की थीम सामुदायिक दयालुता की शक्ति का जश्न मनाना है। मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 लोगों और समुदायों के लिए %मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है% विषय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का एक अवसर है, ताकि ज्ञान में सुधार किया जा सके, जागरूकता बढ़ाई जा सके और सार्वभौमिक मानव अधिकार के रूप में सभी के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने वाले कार्यों को चलाया जा सके। मानसिक स्वास्थ्य को मौलिक मानव अधिकार के रूप में सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य की आकांक्षा को फिर से स्थापित करने के लिए मानव अधिकार ढांचे में रखा जाना चाहिए।

ऐसा करने से एक बेहतर, अधिक स्वीकार्य और सहायक समाज बनाया जा सकता है जहां मानसिक रूप से बीमार लोग आराम और आत्मविश्वास के साथ बड़े समाज में शामिल रहेंगे। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों जैसे सैर, दौड़, कार्यशालाएं या पैनल चर्चा में सक्रिय भागीदारी जागरूकता पैदा करने और गलत धारणाओं को स्पष्ट करने में मदद करती है जो अक्सर लोगों को उपलब्ध सहायता लेने से रोकती है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को संसाधन और सहायता प्रदान करने वाले संगठन या चैरिटी को दान अवश्य देना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाले कल्याणकारी संगठनों के साथ समय समर्पित करना और निवेश करना और स्वेच्छा से काम करना एक समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करने में काफी मदद कर सकता है। इन गतिविधियों को पूरा करने के लिए धन की आवश्यकता होती है जिसके लिए किसी कार्यक्रम का आयोजन करके या धन जुटाने की चुनौती में भाग लेकर धन जुटाया जा सकता है।

किसी को किताबें पढ़ने, कार्यशालाओं में भाग लेने, या बस दूसरों के साथ बातचीत करने या वास्तविक जानकारी प्रदान करने वाले कुछ सोशल मीडिया खातों का अनुसरण करके मानसिक स्वास्थ्य और इससे जुड़े विभिन्न मुद्दों के बारे में आत्म-शिक्षित करने की भी आवश्यकता है।

इस वर्ष की थीम विभिन्न हितधारकों और वैश्विक नागरिकों को एक साथ काम करने के लिए कई मुद्दों पर प्रकाश डालती है ताकि एक स्पष्ट संदेश दिया जा सके और 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 का समर्थन करने के लिए एक प्रभावी अभियान चलाया जा सके, खासकर जब हम डब्लूएफएमएच की 75वीं वर्षगांठ वर्ष मनाते हैं।

## आप की बात

### भारत-विरोधी शक्तियां

**ब्रिटेन** के ग्लास्गो में भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोकना तथा कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान का हवाला देना अचानक नहीं हो रहा है। किसी गहरी साजिश के चलते योजनाबद्ध तरीके से ऐसी बेजा हरकतें की जा रही हैं। खालिस्तानी आतंकवादियों की पीठ पर भारत के दुश्मन देश का हाथ है। कश्मीर में आतंकवादियों का नेटवर्क तोड़े जाने के बाद यह दुश्मन देश खालिस्तानी आंदोलन को हवा देकर भारत के पंजाब व अन्य क्षेत्रों में अशांति फैलाने के साथ-साथ भारतीय दूतावासों व प्रवासी भारतीयों को निशाना बना रहा है। केंद्र सरकार ऐसे खालिस्तानी तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय दुनिया के सभी देशों में राजनयिक तरीके से सरकार का पक्ष रख रहा है। खालिस्तान-समर्थक दुष्ट तत्वों के साथ ही विदेशों में बैठे अन्य भारत-विरोधी तत्वों की पहचान कर उनका भारत से संपर्क काटना तथा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के प्रत्यर्पण की मांग करना जरूरी हो गया है। देश में सभी राजनीतिक दलों का सक्रिय समर्थन सरकार को मिलना चाहिए ताकि विदेशों में 140 करोड़ भारतीयों की आवाज देश-विरोधी शक्तियों का षडयंत्र नाकाम करने में सफल हो सके।

—**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### संघ का समर्थन

**महिला आरक्षण** को लेकर संघ हमेशा से प्रयासरत रहा है और संघ में तो तरह-तरह की महिला शाखाएं हैं। साथ ही दुर्गा वाहिनी के रूप में संघ द्वारा महिलाओं को अपनी रक्षा करना और लठ्ठ व तलवारबाजी करना सिखाया जाता है। पुरुष स्वयंसेवकों का पथ संचलन तो घोष के साथ निकलता ही है। मगर आप महिला सेविकाओं का पथ सन्चलन देख लेंगे तो अभिभूत हो जाएंगे और नारी शक्ति का प्रकट रूप देख पाएंगे। अब 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाने के बाद संघ को महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में आने के लिए भी प्रशिक्षण देकर प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही जनसेवा में अग्रणी महिलाओं को रसूखदार परिवारों की महिलाओं के मुकाबले टिकट वितरण में प्राथमिकता दिए जाने का सुझाव भी बीजेपी को देना चाहिए। भले ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। मगर इससे शत प्रतिशत महिलाओं का हौसला और आत्मविश्वास बढ़ा है। उम्मीद करनी चाहिए कि अब संघ को गैर-हिंदू महिलाओं के बीच भी अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने का मौका मिलेगा जिसका चुनावी लाभ निश्चित रूप से भाजपा को मिलेगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### वन संपदा

**वन सम्पदा** में गिरावट आज चर्चा में है। भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार 1999 में सघन वन 11.48 प्रतिशत थे जो 2015 में घटकर मात्र 2.61 प्रतिशत रह गए। कुमार चेलप्पन ने अपने लेख- तेजी से विलुप्त होते पवित्र उद्यान में समस्या को संस्कृति के आलोक में देखा है। उन्होंने इस समस्या की वजह हमारे परम्परागत विश्वासों में आ रही कमी बताई है। भारत की आदि चेतना प्रकृति पूजक रही हैं। वेदों का ज़्यादातर हिस्सा प्रकृति से की गई प्रार्थनाओं का ही दस्तावेज़ हैं। ईशोपनिषद का सूत्र है त्याग पूर्वक भोग करो। ईशा वास्यमिदं सर्वं का सार है कि जड़-चेतन प्राणियों वाली यह समस्त सृष्टि परमात्मा से व्याप्त है। हम नागर संस्कृति के प्रभाव में वन सम्पदा को अनदेखा क्यों कर रहे हैं? उपभोक्तावाद आज प्रकृति के कण-कण से मुनाफा चाहता है। इसलिए अब पेड़ लग भी रहे हैं तो घर की सुंदरता के लिए। वन संपदा को बढ़ावा देने के लिए हमें औपनिवेशिक विरासत की विकृतियों से मुक्ति पा कर प्राचीन भारतीय परंपराओं की ओर देखना होगा जो प्रकृति-संरक्षण व जीवनयापन में संतुलन रखती थीं।

– **आशुतोष तिवारी,** अलीगढ़

### महिला-विरोधी सोच

**राजद नेता** अब्दुल बारी सिद्दीकी का यह कहना कि आरक्षण के नाम पर लिपस्टिक और बॉब कट महिलाएं ही संसद में आएंगी एक अमर्यादित व विवादित टिप्पणी है, जिसकी निंदा करनी चाहिए। बीजेपी ने इस मुद्दे पर सख्त टिप्पणी की है। दरअसल नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के पास होने के साथ ही देश भर में चर्चा हो रही है कि इस बिल में अजा-अजजा महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, पर ओबीसी महिलाओं को स्थान नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि 27 वर्ष पूर्व जब महिला आरक्षण बिल संसद में लाया गया था तब भी ओबीसी के नाम पर महिला-विरोधी टिप्पणियां की गई थीं और यह बिल लटक गया था। ओबीसी समाज को आरक्षण का मुद्दा 2024 के बाद बनने वाली सरकार तय कर सकती है। देखना होगा कि ओबीसी के तथाकथित पैरोकार विधानसभा व लोकसभा चुनावों में कितनी ओबीसी महिलाओं को टिकट देते हैं? सवाल यह भी है कि ओबीसी पैरोकारों के राजनीतिक दलों में महिलाओं की कितनी सहभागिता है और क्या वहां वे पुरुषों के मुकाबले खड़ी हो कर अपनी बात कह सकती हैं?

—**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता: प्रो सीमा सिंह

- प्राणियों के प्रति दया भाव रखना ही अहिंसा : प्रो. पीपी दुबे
- गांधी जयंती पर मुक्त विश्वविद्यालय ने ली अहिंसा की प्रतिज्ञा

संवाददाता। प्रयागराज




**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती और अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर भारतीय संस्कृति में अहिंसा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो प्रेम प्रकाश दुबे निदेशक कृषि विद्या शाखा ने कहा कि मन में किसी का अहित न सोचना ही अहिंसा है। इसी प्रकार कटु वाणी द्वारा दूसरों को नुकसान न पहुँचाना तथा सभी प्राणियों के प्रति दयाभाव रखना ही अहिंसा है। प्रो दुबे ने कहा कि सत्य ही विधान है और उसको लागू करने का सही तरीका अहिंसा है। उन्होंने अहिंसा शब्द का प्रतिपादन करने वाले महर्षि पाणिनी से संबंधित प्रसंग का जिक्र किया एवं कहा कि महात्मा गांधी के अनुसार जो हमारे मन में प्रथम भावना आती है वही सत्य है। बाद में जो विचार आता है वह असत्य का होता है। गांधी जी को सत्य एवं अहिंसा के प्रति दो नाटकों से प्रेरणा मिली। जिसमें प्रथम नाटक श्रवण कुमार एवं द्वितीय राजा हरिश्चन्द्र से संबंधित था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समन्वयक प्रो सत्यपाल तिवारी निदेशक मानविकी विद्या शाखा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका थी। गांधी जी अहिंसा को बहुत बड़ी शक्ति मानते थे। अहिंसा को वीरों का आभूषण माना जाता है। उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में करो या मरो का नारा दिया। गांधी जी ने सनातन धर्म के दस गुणों में से अहिंसा को ग्रहण किया एवं उसका अनुसरण किया। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारत की अस्मिता को बचाने के लिए अपने शरीर तक को न्योछावर कर दिया। उन्होंने भारत में हरित क्रान्ति को बढ़ावा दिया जिससे भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। वाचिक स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ सतीश चन्द्र जैसल ने कहा कि सत्य सर्वोच्च कानून है तो अहिंसा सर्वोच्च कर्तव्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर संयोजक उप निदेशक मानविकी प्रो विनोद कुमार गुप्ता ने गांधी रिसर्च फाउंडेशन जलगांव की अपेक्षा के अनुरूप कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अहिंसा की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ साधना श्रीवास्तव तथा आभार ज्ञापन डॉ अतुल कुमार मिश्र ने किया। कुलपति प्रो सीमा सिंह के निर्देश पर आयोजन सचिव डॉ दयानन्द उपाध्याय ने अन्य संकाय सदस्यों के साथ कराया। इस अवसर पर परिसर को साफ सुथरा तथा हरा भरा रखने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर विश्वविद्यालय के प्रयागराज लखनऊ बरेली वाराणसी गोरखपुर झांसी आगरा मेरठ नोएडा कानपुर आजमगढ़ तथा अयोध्या क्षेत्रीय केन्द्र पर अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में निकाली गयी साइकिल रैली

- रेलवे मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित

संवाददाता। प्रयागराज



**उत्तर** मध्य रेलवे मुख्यालय में सोमवार को साइकिल रैली निकाली गई। बता दें कि 16 सितंबर से दो अक्टूबर तक उत्तर मध्य रेलवे में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इसी क्रम में सोमवार को गांधी जयंती के मौके पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के समापन के अवसर पर अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे चंद्र प्रकाश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन हुआ। समापन समारोह में सर्वप्रथम अपर महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान अपर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने पम्पलेट जारी किया और उसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए उपस्थितजनों में वितरित किया गया। इसी क्रम में एक साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। यह रैली उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से प्रारंभ हो कर रेल गाँव रेलवे कॉलोनी के स्टेडियम तक जाकर समाप्त हुई। रैली में अपर महाप्रबंधक सहित बड़ी संख्या में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और उनके परिवारिजन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता प्रहरियों के साथ डिप्टी सीएम ने किया संवाद

- उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर किया नमन

संवाददाता। प्रयागराज

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर बालसन चौराहा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। साथ ही पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत बालसन चौराहे के पास स्थित पार्क में स्वच्छता प्रहरियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव ने कहा कि हमें आज यह संकल्प लेना है कि हम सभी लोग अपने नगर प्रदेश और देश को कूड़ा कचरा से मुक्त कर स्वच्छ बनायेंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए जो प्रयास किया था। आज वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक जनआंदोलन का रूप ले रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।



# वाहन चोर गिरोह के 3 अभियुक्त पांच मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्रांची सिंह के द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा निर्भय नरायण सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय पुलिस टीम, रात्रि गस्त के दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली की दो अलग अलग मोटर साइकिल पर 3 ब्यक्ति मथुरा बाजार की तरफ से लक्ष्मनपुर चौराहे की तरफ आ रहे है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकते है इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान लक्ष्मनपुर चौराहे से मथुरा बाजार जाने वाली सड़क पर गढ़ी तिराहे पर पहुंचे और तिराहे की नाकाबन्दी कर दोनो मोटर साइकिलो के आने का इन्तजार करने लगे दो मोटर साइकिले एक साथ मथुरा बाजार की तरफ से आती हुई दिखायी पड़ी पुलिस द्वारा आ रही मोटर साइकिलो को रुकने का इशारा किया तो अचानक मोटर साइकिले रोककर पीछे की तरफ मुड़कर भागना चाहे कि हमराहियान की मदद से घेर कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियो ने अपना नाम पता छम्मे उर्फ राजू पुत्र छब्बन मनिहार निवासी ग्राम अकबरपुर कला दा0 मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर मेराज पुत्र इदरीश निवासी ग्राम विजयपुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच अलीमुद्दीन पुत्र महसर अली निवासी जोकवा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती बताया।

पकड़े गये तीनो व्यक्तियो से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभि0गण उपरोक्त ने बताया कि इन दोनो मोटर साइकिलो के अलावा तीन और मोटर साइकिले चोरी करके कुन्नपुर नौशहरा काशीराम कालोनी भिनगा के पास गुलाम मोहम्मद के मुर्गी फार्म की बाउण्ड्री के अन्दर पीछे की तरफ छुपा कर रखा है। अभियुक्तगण की निशानदेही पर बताये गये स्थान पर खड़ी फटे पुराने बोरो और कपड़ो से ढकी हुयी तीन मोटर साइकिले बरामद हुई तथा बरामद मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर की पहचान छिपाने के लिये असली नम्बर प्लेट हटाकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाये थे जिससे कि गाड़िया पकड़ी न जा सके। बरामदगी के आधार पर थाना को0 भिनगा पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 411 413 414 420 467 468 471 भादवि0 की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## 15 हजार का ईनामिया 1 किलो 600 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष इन्द्रसेन सिंह थाना हरदत्तनगर गिरन्ट मय पुलिस टीम द्वारा 2 अक्टूबर को निकट वन चौकी अवशान कुण्डी से अभियुक्त राजेश यादव उर्फ भेड़ा यादव पुत्र लालजी यादव निवासी ग्राम वल्दीपुरवा दा0 चमरपुरवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 1 किलो 600 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार कर थाना हरदत्तनगर गिरन्ट पर मु0अ0स0 0231/2023 धारा 8/20 हृष्ठक्क्ररू ष्ह्ल. पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की गयी।

# डीआरएम ने कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

- प्रयागराज मंडल में स्वच्छता पखवाड़े के समापन समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता। प्रयागराज



**प्रयागराज** मंडल द्वारा 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सोमवार को प्रयागराज जंक्शन पर स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक में उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी के द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद प्रयागराज मंडल के स्काउट एवं गाइड्स की टीम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चंपारन आंदोलन पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। इसी क्रम में एक और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को रेल यात्रा के दौरान रेल परिसर में गंदगी न फैलाने एवं पॉलिथीन का प्रयोग न करके थैले कपड़े का झोला का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन ए के राय वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह रख रखाव प्रबंधक प्रयागराज आलोक केसरवानी वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर कैरिज एंड वैगन शिव सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्टेशन डायरेक्टर प्रयागराज मण्डल वी के द्विवेदी ने किया।

# जन-जन के सहयोग से हर गांव-हर घर रहेगा स्वच्छ-डीएम



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की 154वी एवं ईमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वी जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं हर्षोल्लास के वातावरण मे कलेक्ट्रेट में मनायी गयी। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने ध्वजारोहण किया। तदुपरान्त जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों एवं छात्र/छात्राओं के साथ राष्ट्रगान गाते हुए देश की एकता, अखण्डता एवं अहिंसा की शपथ दिलायी। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जय प्रकाश सहित सभी अधिकारीगणों, कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों नें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुये पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर कलेक्टेउ्र में आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों, समाजसेवियों, पत्रकारों को गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर बधाई एवं उनके पधारने का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर नें अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के सिद्धान्तों एवं आदर्शों के व्यहारिक पक्ष को आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने गांधी जी के अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, विचारधारा, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति एवं शास्त्री के आत्मबल तथा साहस पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों से इन महापुरुषों की जीवन शैली एवं कार्यशैली से सीख लेकर उसे अपनी आदत में सुमार करने हेतु प्रेरित किया।

# आयुक्त व डीएम ने दिव्यांगजनों को उपकरण व ट्राईसाइकिल बांटी

संवाददाता। श्रावस्ती



**भिनगा** – रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र पर आयुक्त देवापाटन मण्डल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने 79 दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के उपकरण/ट्राईसाईकिल वितरित की। गांधी जयंती के अवसर पर अपने जनपद भ्रमण के दौरान आयुक्त द्वारा जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा एक बार पुनः 79 दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के उपकरण देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। इस दौरान 47 बड़ी ट्राईसाईकिल 12 छोटी ट्राईसाईकिल 05 व्हील चेयर बड़ी 02 व्हील चेयर छोटी 01 सीपी चेयर 08 कान की मशीन व सुगम्य केन 04 का वितरण आयुक्त द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डी0डी0आर0सी0 भ्रमण करने के दौरान आयुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यन्त सुन्दर व सार्थक प्रयास बताया तथा रेडक्रास सोसायटी को इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि रेडक्रास सोसायटी द्विव्यांगजनों के लिए वरदान के समान है इससे पूर्व भी राज्यपाल महोदया द्वारा दिव्यांगजनों को इस संस्था द्वारा 2247 उपकरण दिये गये थे तब भी मेरा आना हुआ था। आज पुनः गांधी जयंती के अवसर पर 79 दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगातार दिव्यांगजनों की सेवा में विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है। जनपद के इस सेंटर द्वारा अबतक 3314 दिव्यांगजनों को राहत पहुंचायी गई हैं व लगभग 2400 दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के उपकरण देकर उनके जीवन को आसान बनाया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा डी0डी0आर0सी0 संचालक सचिव रेडक्रास अरूण कुमार मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 रामगोपाल रेडक्रास सदस्य पवनेश शुक्ला सहित लाभार्थियों के परिजन उपस्थित रहें।

# धूमधाम से मनाई गई शास्त्री-गांधी जयंती



**गाजीपुर।** जनपद में गांधी जी वह लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सत्यदेव ग्रुप का कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती को पूर्ण आदर व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेजेस के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉक्टर आनंद सिंह थे। सर्वप्रथम आदरणीय मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गयाए उसके बाद मुख्य अतिथि ने गांधी जी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया तथा उनके जन्म से लेकर मैट्रिक परीक्षा के बाद उनकी बैरिस्टर बनने तक के सफर को साझा किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को भारतीयों पर हुए भेदभाव का सामना करना पड़ा तभी दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर हो रहे अन्याय को देखते हुए गांधी जी ने अंग्रेजी साम्राज्य के अंतर्गत देशवासियों के सम्मान तथा देश में स्वयं अपनी स्थिति के लिए प्रश्न उठाए। अंग्रेजी साम्राज्य के अंतर्गत देशवासियों के सम्मान तथा देश में स्वयं अपनी स्थिति के लिए प्रश्न उठाने के साथ ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों पर विचार व्यक्त किया। वही मुख्य अतिथि ने लाल बहादुर शास्त्री के संघर्षपूर्ण जीवन से अवगत कराते हुए बताया की छोटे कद होने के बावजूद देश के लिए लोहा लेना और एकता की बात करते हुए देश में अनाज की तंगी में स्वयं से शुरुआत कर भारत देश में हरित क्रांति जैसे अनेक बदलाव लाना आम आदमी के कल्पना से परे है। अंत में मुख्य अतिथि ने प्यारे छात्रों और सम्मानित शिक्षकों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने का संदेश दिया।

## रोटरी व इनर व्हील क्लब ने मंडलायुक्त के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान रैली में लिया भाग



**गाजीपुर।** गाँधी जयंती के अवसर पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आह्वान पर मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अगुवाई में जनपद में कार्यरत समाजसेवी संस्थाओं रोटरी क्लबए इनर व्हील क्लब व रोटरेक्ट क्लब द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के भिन्न.भिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को साफ़सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम वातावरण के संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर रो0 कुमार परिमल ;मुख्य प्रबन्धक दृ भारतीय स्टेट बैंकद्ध ने गोरा बाज़ार स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर पार्क के सुन्दरीकरण करने के उद्देश्य से गोद लेने की घोषणा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जनपद के मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी सुबह से स्वच्छता को लेकर तत्पर थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

# स्वच्छ भारत अभियान में ब्लूमिंग बड्स के बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वी जयंती के अवसर पर ब्लूमिंग बड्स एकेडमी खलीलाबाद एवं प्रभादेवी महाविद्यालय के तत्वाधान में शासन एवं प्रशासन की मंशा के अनुरूप स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिलाधिकारी कार्यालय पर विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों संस्था के पदाधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का हरी झंडी दिखाकर बच्चों के कार्यक्रम को जीवनतंता प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा बच्चों के मनोबल बढ़ाते हुए स्वच्छता के संबंध में बहुत सारी जानकारी प्रदान की गयी। जिसमें स्वच्छता अभियान स्वच्छता के नियम, स्वच्छता को लेकर जागरूकता इत्यादि पर विशेष बल दिया। इस सफल कार्यक्रम से उत्साहित संस्था की प्रबंध निदेशिक श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व्यक्ति के सामाजिक एवं चारित्रिक विकास को सफलता प्रदान करते हुए, हमे हमेशा एक दूसरे के साथ सौहार्द को बढ़ाने में मदद करता है। इस अवसर प्रबंधक निदेशिक द्वारा जिलाधिकारी को मेमोंटो भेंट किया गया। कोऑर्डिनेटर शिशु पाल राय द्वारा जिलाधिकारी को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्राचार्य शैलेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बालक के संपूर्ण विकास में विद्यालय की अहम भूमिका होती है जिससे नैतिक गुणो का विकास एवं मानवीय मूल्यों को समझने एवं उन्हें क्रियान्वित करने में सचेतता आती है। इस अवसर पर राजेश पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाए एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# गांधी और शास्त्री जयंती की धूम रही





**अयोध्या।** राष्टपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जयंती समारोह पूरे मण्डल एवं जनपद में मनाया गया। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर गुजरात में हुआ था। भारत को स्वतंत्रता दिलाने में गांधी जी का अद्वितीय योगदान था। इनकी जयंती को राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है।सभी सरकारी कार्यालयों में गांधी जी के चित्र पर अनावरण एवं माल्यार्पण किया गया। इसके पूर्व में शासकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। जिसमे मंडलायुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा गांधी चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया। उक्त अवसर पर गांधी जी के साथ भारत रत्न द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को भी याद किया गया। अपर आयुक्त ने बधाई देते हुये गांधी जी के विचारों को बताते हुये कहा कि हमें अपने कर्मो से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाना ही गांधी जी व शास्त्री जी को सच्ची श्रद्वांजलि होगी। मण्डल के पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या क्षेत्र श्री प्रवीण कुमार ने अपने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा महात्मा गांधी जी को याद करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा भी सत्र न्यायाधीश कार्यालय में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अपिर्त करते हुये उन्हें याद किया गया। उक्त अवसर पर अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे।

**श्रद्धासुमन अर्पित:**अयोध्या। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा ने शक्ति केन्द्रोंए मण्डलोंए तथा सिविल लाइन व सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय पर दोनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यापर्ण का श्रद्धासुमन अर्पित किए। सिविल लाइन गांधी पार्क स्थित गांधी प्रतिमा पर भाजपा के कार्यकताओं ने माल्यापर्ण किया।इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी हमारी जीवनशैली को और बेहतर करने में सहायक है। स्वतंत्रता आन्दोलन में महात्मा गांधी के योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा देश की अखंडता तथा सुरक्षा में किए गए कार्य उनके द्वारा दिया गया जय जवान जय किसान का नारा आज लोगों के जेहन में देश भक्ति का भाव जाग्रत करता है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य व अहिंसा के रास्ते अंग्रेजों को परास्त किया था।

# याद किए गए गांधी व शास्त्री, जयंती पर रही धूम

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर सोमवार की प्रातः डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। फिर राष्ट्रगान हुआ और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जय घोषों से परिसर गूंज उठा। डीएम ने राष्ट्रगान गाने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। सर्वप्रथम डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एडीएम संजय सिंह ने गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों ;मनोज श्रीवास्तवए ध्रुव पुरीए मनीष धवनए नंदकुमार मिश्राए ब्रह्मऋषि नागरद्ध को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी व शास्त्री विचारधारा का अनुकरण करना चाहिएए इनके विचारों से समाज में परिवर्तन आयेगा। क्योंकि गांधी गीरी एक भावना हैं। हम सबको गांधी जी के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। इन दो विभूतियों ने देश को गौरवान्वित किया हैए गांधी जी ने सत्यए अहिंसा के बल पर भारत को स्वतंत्र कराया। जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने देश को विश्व पटल पर पहचान दिलायी। गांधी जी ने नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया। वे सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर थे। गांधी व शास्त्री ऐसे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थेए जो सदियों तक प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। हमें उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए।

एडीएम ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा एवं नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का अतुलनीय योगदान रहा है। सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्वलित की। देश की राजनीतिकए सांस्कृतिकए सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो कर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने शास्त्री जी के भी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने गांधी व शास्त्री के विषय में सारगर्भित विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कलेक्ट्रेट कर्मी ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पत्रकार एनके मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर एसटीओ अमित कुमार रायए डीएसओ अंजनी कुमार सिंहए डीपीओ संजय निगमए डिप्टी कलेक्टर विधेशए राजीव निगमए प्रशासनिक अधिकारी एवं नाजिर मोण् सलीम सहित कलेक्ट्रेट कैम्पस के कार्यालयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

लखीमपुर खीरी। गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर में स्थित गांधी बालोद्यान कन्या जूनियर हाईस्कूल विघालय में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की नर्सरी की छात्रा ने डीएम का माल्यार्पण किया। विद्यालय के छात्राओं ने रामधुन सहित तमाम देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्षा डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा तथा शांति के संदेश की प्रासंगिता और अधिक बढ़ गयी है। ऐसे में गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमें तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए नये सोपानों को प्राप्त करें। आप सभी बाल्यकाल में है और देश में आने वाले भविष्य है। बापू के बताए रास्ते पर चलकर गांधी जी के मूल्यों और आदर्शों को अपनाये।मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर तहसील सभागार एनगर पालिकाएआबकारी विभागए कोतवाली एमएबीएएमेमोरियल स्कूल सहित अन्य सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालय में जयंती मनाई गईएऔर झंडारोहण किया गयाए इसके उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर और नगर पालिका के माध्यम से स्वच्छता अभियान के तहत एक रैली निकाली गई इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार एसडीएम न्यायिक अमृता यादव तहसीलदार नीलम तिवारी एनायब तहसीलदार हर्ष निषाद एपालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्राए अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता एपीआरओ शिवनंदन रस्तोगीए प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह एआबकारी विभाग रुद्र कुमार मिश्राए विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद अब्बास नकवी एविनोद तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर युवा प्रेस क्लब की एक आपातकालीन बैठक एमएबीएएमेमोरियल स्कूल में अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कस्बा ओयल क्षेत्र में 2 अक्टूबर का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया! राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पंडित लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को याद किया गया। चौकी ओयलए युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयलए नगर पंचायत ओयल ढकवाएराजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयए जिला अस्पताल मोतीपुर सभी प्राथमिक विद्यालयों पर 2 अक्टूबर का पर्व मनाया गयाए मिठाइयां भी बाटी गई! नेशनल पब्लिक स्कूल में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती गांधी के विचारों को विद्यालय की सहायक अध्यापक का मानसिकता ने बहुत ही अच्छे से वर्णित किया जिससे कि बच्चों के मन भाव में गांधी विचारधारा समाहित हो सके।












## गांधी के आदर्श आज भी प्रासांगिक : रईस अंसारी

संडीला;हरदोईद्ध। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए नगर पालिका परिषद संडीला के चेयरमैन हाजी मो0 रईस अंसारी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों के अनुरूप चल कर ही देश को खुशहालए आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम मे ंचेयरमैन हाजी मो0 रईस अंसारीए अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ताए इरफान हमीद अंसारी समेत नगर पालिका परिषद कर्मचारियों और सभासदों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने संसार को जो सत्य और अहिंसा का अस्त्र दिया था वह जितना उस समय प्रभावकारी थाए उससे कहीं अधिक आज है। आज राष्ट्रों को गांधी जी के सिद्धांतों पर चलकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करना चाहिए। चेयरमैन मो0 रईस अंसारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत के आमजन को लेकर अहिंसक ढंग से उस शक्तिशाली ब्रिटिश एंपायर के विरुद्ध स्वाधीनता आंदोलप छेड़ा जिसमें कभी सूर्यास्त नहीं होता था। उनके सार्थक प्रयास से अंग्रेजों को भारत छोड़न पड़ा और भारत एक प्रभुतासंपन्न राष्ट्र के रूप में संसार के मानचित्र पर उभरा। उन्होंनें कहा कि स्व0 प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रयासों से ही यह देश खाद्यान के मामले में आत्मनिर्भर बना। यही नहीं शास्त्री जी ने पाकिस्तान को भी 1965 में जो मुंहतोड़ जवाब दिया वह इतिहास के पन्नों में दर्ज है।

## धूमधामं से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

गुरसहायगंज (कन्नौज)। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज एवं नगर पंचायत समधन सहित निजी शिक्षण संस्थानों में भी ध्वजारोहण कर उन्हें याद किया गया। लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के जन्मदिन पर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सोमवार को नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में चेयरमैन मुन्नी गुप्ता एवं उनके प्रतिनिधि मयंक गुप्ता अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह नें सभासदों एवं कर्मियों के साथ गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का माल्यार्पण किया करनें के बाद अस्थाई गौ संरक्षण केंद्र में गौवंशों को गुड चना खिलाकर गौसेवा की गई। वहीं अच्छा कार्य करने वाले सफ़ाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, मनोज तिवारी सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे। वहीं समधन में अध्यक्ष आसमा बेगम एवं उनके प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी आदि ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उधर एबी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी ने प्रधानाचार्य फ़रहीन एजाज एवं शिक्षिकाओं के साथ महात्मा गांधी के जन्मदिन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## गाँधी के आदर्शों को जीवन में उतारने का लें प्रण-अमित

गुरसहायगंज (कन्नौज)। 02 अक्टूबर का दिन गाँधी जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। गाँधी जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का प्रण लेना चाहिए। अपने आस पड़ोस को साफरखने का प्रयास करना चाहिए। ताकि हम सभी बीमारियों से बचें रह सकें। यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। सोमवार को तेराजाकेट जी टी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में गाँधी जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ ही तिरंगे को सलामी दी गई।

## जेल अधिकारियों ने नमन किया

गुरसहायगंज। राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम नियत समय के अनुसार कारागार के मुख्य द्वार पर जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा कारागार के समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया गया।ध्वजारोहण के उपरान्त राष्ट्रीय गान का वाचन किया गया। तत्पश्चात कारागार के अन्दर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा गॉधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पण किये गये। उक्त अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा गया। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रीय एकता बनाने पर विशेष बल दिया गया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जो अहिंसा के पुजारी थेः बिंदु

बरेली । राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान एवं राष्ट्रीय अखिल भारतीय गौ रक्षा ब्रज क्षेत्र की क्षेत्रीय अध्यक्ष बिंदु की अध्यक्षता में संस्था के समस्त पदाधिकारी ने आज भारत के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 जयंती तथा वीर सपूत भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरित कर बड़े धूमधाम से मनाया संस्था की अध्यक्ष बिंदु ने बताया की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जो अहिंसा के पुजारी थे जिन्होंने भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाने वह पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़सनेवाले महानायक भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी थे वह जिन्होंने अपने संकल्प के आगे अंग्रेजों को झुकाया था हमारे भारत के दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी जिनके साहस व संकल्प से ही तो 1965 के युद्ध में पाकिस्तान सैनिकों को धूल चटाई थी शास्त्री जी ने ही जय जवान जय किसान का नारा देने वाले प्रथम स्वतंत्रता सेनानी तथा भारत के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित थे।

## शास्त्री जी देशभक्त ईमानदार और बफादार नेता थेः अजय

बरेली । महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में राष्ट्रपिता एवं महात्मा स्वर्गीय मोहनदास करमचंद गांधी जी की जयंती पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती एवं प्रसिद्ध स्वाधीनता संग्राम सेनानी व पूर्व सांसद स्वर्गीय मसूरिया दिन पासी की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई एवं इन सभी के चित्रों पर माला अर्पण के पश्चात पुष्पांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर हुई विचार गोष्ठी में बोलते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि महात्मा गांधी का देश के प्रति योगदान सर्व विदित है भारत देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी उनके योगदान की सराहना की जाती है। उन्होंने आजीवन देश की एवं जनता की भलाई के लिए और देश को आजादी दिलाने के लिए अनेक आंदोलन किए।

## कलेक्ट्रेट में सजी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, आज से होगी शुरुआत

**लखीमपुर खीरी।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उप्र द्वारा जनपद खीरी में उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंए नीतियोंए उपलब्धियोंए विकास कार्यक्रमों के प्रचार.प्रसार हेतु एवं सबका साथ.सबका विकास सबका.विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में 03 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से होगाए जिसका शुभारंभ जनप्रतिनिधि और डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह करेंगे।सूचना विभाग की ओर से केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 03 से 05 अक्टूबर के मध्य होगा। इस प्रकार की प्रदर्शनी से जनता विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकर उनका बेहतर लाभ ले सकती है। इस प्रदर्शनी में प्रदेश में हुए विकास की झलक दिखेगी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी में सभी विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। लोगों से अपील है कि प्रदर्शनी को देखें और अपना ज्ञानवर्धन करें। सूचना विभाग समय.समय पर योजनाओं के प्रचार.प्रसार के लिए प्रदर्शनियां लगाता है। सोमवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में 03 अक्टूबर से शुरू होने वाली केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंए नीतियोंए उपलब्धियोंए विकास कार्यक्रमों के प्रचार.प्रसार हेतु एवं ष्सबका साथ.सबका विकास सबका.विश्वास सबका प्रयासष् विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी की तैयारी का जायजा लियाए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## खेत की रखवाली कर रहे युवकों को कार ने रौंदा, मौत

बरेली । रात के समय खेत के पास सड़क किनारे बैठे दो युवकों को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी दोनों की मौके परी मौत हो गई दुर्घटना के बाद कार में सवार ड्राइवर भी घायल हो गया उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस में मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे ।सिरौली थाना क्षेत्र के गांव हरदास पुर निवासी 35 वर्षीय पुरुषोत्तम शर्मा पुत्र राम प्रसाद शर्मा और उनके पड़ोस में ही रहने वाले रिश्ते के भाई विशाल पुत्र प्यारेलाल की बीती रात गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि विशाल और पुरुषोत्तम दास बीती रात लगभग 9 अपने खेत पर गए थे जहां पर उनको आवारा पशुओं से खेत की रखवाली करनी थी लेकिन जब वह खेत के किनारे बैठे थे तभी अचानक तेजी से आ रही बेकाबू कार ने उनको टक्कर मार दी दोनों की मौके पर मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार पलट गई और उसका चालक भी घायल हो गया रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना युवकों के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने घायल कर चालक को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें विशाल पांच भाइयों में सबसे छोटा था जबकि पुरुषोत्तम दास चार बच्चों का पिता था।

## एंबुलेंस में हुआ प्रसव, नवजात की मौत

ब्रेली । गर्भवती को सीएचसी ले जा रही एंबुलेंस जाम मे फंस गई जिससे तीन किलो मीटर की दूरी तय करने में 46 मिनट लग गए और एंबुलेंस में गर्भवती ने बेटे को जन्म दिया समय पर इलाज न मिलने से नवजात की मौत हो गई प्रसूता को गंभीर हालत में फरीदपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के सितारगंज गांव के गोविंद की पत्नी प्रेमवती को रविवार तड़के तीन बजे प्रसव पीड़ा हुई परिजन सरकारी एंबुलेंस से फरीदपुर सीएचसी के लिए रवाना हुए सुबह पांच बजे एंबुलेंस पितांबरपुर क्रॉसिंग पर पहुंची लेकिन क्रॉसिंग बंद होने के कारण जाम लगा हुआ था और एंबुलेंस जाम मे फंस गई इस दौरान ट्रेनें निकलती रहीं और प्रेमवती प्रसव पीड़ा से तड़पती रही परिजनों ने गेटमैन से एंबुलेंस निकालने की गुहार लगाई, लेकिन उसने असमर्थता जता दी इस बीच एंबुलेंस में प्रेमवती ने बेटे को जन्म दिया बच्चे के जन्म के बाद जच्चा-बच्चा की हालत बिगड़ गई जब तक फाटक खुला तब तक नवजात की मौत हो चुकी थी तीन किलोमीटर की दूरी तय करने में 46 मिनट लग गए महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया ।स्थानीय लोगों ने बताया कि पितांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का एक अप्रैल को शिलान्यास हो चुका है लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ डीआरएम मुरादाबाद ने इसकी फाइल बड़ौदा हाउस भेज दी है लेकिन अब तक इसे रेलवे की कार्य योजना में शामिल नहीं किया जा सका है लोगों में काफी रोष व्याप्त है और यहां रोजाना कई घंटे जाम लगता है इस घटना को लेकर लोगों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश है।

## चोरी किए छह एंड्राइड मोबाइल फोन संग एक गिरफ्तार

निघासन.खीरी। सोमवार को पढुआ पुलिस ने चोरी किये हुए छरू अदद एंड्राइड मोबाइल फोन संग एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसओ हनुमंतलाल तिवारी ने बताया कि सोमवार सुबह दरोगा अजीत कुमार सिंह हमराही अबरार हुसैनए मोण् अलीए अतीश कुमार व योगेन्द्र कुमार के संग गजियापुर बस स्टैण्ड पर संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बैग में कुछ छिपाने लगा। पुलिस टीम? ने उसकी जामा तलाशी ली तो उसके कब्जे से चोरी किये हुए 06 अदद एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद हुये। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम नबी शान पुत्र कदीर खान निवासी पचौधा थाना ढवेरुआ जिला सिद्धार्थ नगर बताया। नबी शान के विरुद्ध मामला पंजीकृत जेल भेजा गया है।

## वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

बरेली । दो भाइयों से वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख की ठगी कर ली गई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पुलिस से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई मामले की शिकायत एक्स (ट्वीटर) पर कर आरोपी को रुपये देने का वीडियो वायरल कर दिया गया ।शीशगढ़ निवासी ओमवती ने बताया कि उनके बेटे अनिल और नेमचंद्र बेरोजगार है इज्जतनगर के अदलखिया निवासी उनके रिश्तेदार ने दोनों भाइयों की नौकरी वन विभाग में लगवाने का झांसा दिया तो झांसे में आई ओमवती ने बेटों की नौकरी लगवाने की बात आगे बढ़ाई तो आरोपी ने छह लाख रुपये खर्च बताया वह आठ मई की शाम करीब सात बजे अपने बेटे के साथ आरोपी के घर पहुंची यहां आरोपी, उसका साला और एक महंत बैठे थे ओमवती से रुपये लेने के बाद आरोपी ने अपने साले से गिनवाकर महंत को दे दिए ।रुपये एक काले रंग के बैग में रखे गए इस दौरान ओमवती के बेटे ने रुपये देते हुए अपने मोबाइल से वीडियो बना ली आरोपी ने 15 मई तक कॉल लेटर देने की बात कही और फर्जी कॉल लेटर व्हाट्सएप कर दिया समय बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो महिला ने रुपये वापस मांगे लेकिन आरोपियों ने रुपये देने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी 27 अगस्त को महिला ने थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तब सोमवार को एक्स (ट्वीटर) पर शिकायत की गई ।

## क्लेम सेटलमेंट के साथ ग्राहक सेवा में अव्वल

गोरखपुर। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफइंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं।कंपनी क्लेम सेटलमेंट अनुपात आईसीआईसीआई प्रू डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.90 प्रतिशत एएचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस 96.70 प्रतिशत एएसबीआई लाइफइंश्योरेंस 95.80 प्रतिशत, बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस 93.50 प्रतिशत एमैक्स लाइफ इंश्योरेंस 86.30 प्रतिशत एटाटा एआई, लाइफ इंश्योरेंस 77.30 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना पब्लिक डिसक्लोज़र्स से की गई है, जो संबंधित कंपनियों की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स

## सांसद राजेश वर्मा ने की अथर्व भारत फाउंडेशन के एडुहेल्थ पद्धति की सराहना



सीतापुर। गैर सरकारी संगठन अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति ने सीतापुर सांसद राजेश वर्मा को क्षेत्र में चल रहे संस्था के कार्यों के विषय में अवगत कराया। सांसद राजेश वर्मा ने संस्था के कार्यों की समीक्षा करते हुए एक पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नयी शिक्षा नीति के अनुरूप इस नयी एडुहल्थ पद्धति की सराहना की और केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान व स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय के समक्ष संस्था की परियोजना को रखने के लिए नवंबर 2023 में यथासंभव सहयोग देने का आश्वाशन भी दिया। संस्था केंद्रीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष संपूर्ण भारत के समस्त सरकारी विद्यालयों में एडुहल्थ किट एवं एडुहल्थ सेवाएँ को लागू करने की परियोजना का प्रस्ताव रखेगी। उक्त प्रक्रिया के लिए सांसद राजेश वर्मा को एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाएगा जिसको केंद्र में भेजने के उपरांत संस्था की कार्यकारिणी समिति की बैठक के साथ प्रायोजित किया जायेगा।इस दौरान अथर्व भारत फाउंडेशन के सचिव कैप्टन प्रियव्रत त्रिवेदी,श्रेयांश सिंह,कैप्टन लक्ष्मेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सैन्य अफसरों के बच्चों के एडमिशन के नाम पर 34.70 लाख की ठगी

**बरेली** ।सूबेदार मेजर के बेटे और जूनियर कमीशन अफसर की बेटी का एडमिशन कराने के नाम पर लाखों की ठगी कर ली गई मिनिस्ट्री के कथित आईएएस अफसर और पठानकोट में तैनात सूबेदार समेत तीन लोगों पर ठगी का आरोप लगा दोनों अलग-अलग मामलों में आरोपी एक ही है दोनों रिपोर्ट एसएसपी के निर्देश पर दर्ज कर ली गई ।कैंट थाना क्षेत्र में सेना के जीई इस्ट में तैनात सूबेदार मेजर विक्रम दत्त त्यागी ने बताया कि उनका बेटा आर्यन बीटेक की तैयारी कर रहा है इस दौरान उनकी पठान कोर्ट में सीडब्लूई मामून कैंट में तैनात सुबेदार मेजर सोहन प्रसाद भट्ट से बातचीत हुई उन्होंने बताया कि उनके ऑफिस में सुबेदार संदीप सिंह है जिसकी मिनिस्ट्री में काफी जान पहचान है वह कई बच्चों का सरकारी कॉलेज में एडमिशन करा भी चुका है जिसके बाद सुबेदार मेजर विक्रम ने सुबेदार संदीप सिंह से बातचीत की जिस पर संदीन ने बताया कि एजुकेशन विभाग डायरेक्टर आईएएस हर्ष कुमार गोयल के पीए रिशी यह सब काम करते हैं इसके बाद तीनों ने सरकारी कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर सूबेदार मेजर से 14.25 लाख रुपए की ठगी कर ली ।इसी तरह लाल फाटक कांधरपुर निवासी ओमपाल सिंह ने बताया कि वह सेना में जूनियर कमीशन अफसर है उनकी बेटी का सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर 20 लाख 45 हजार रुपए की ठगी की गई है आरोपियों ने ओमपाल को तो दिल्ली के वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज का फर्जी लेटर भी भेज दिया था ठगी का एहसास होने पर पैसा वापस मांगने पर फोन किया तो फोन की घंटी जा रही है दोनों पीड़ितों की शिकायत पर एसएसपी ने कैंट पुलिस रिपोर्ट दर्जकर कारवाई करने के आदेश दिए तब पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी ।

## कर्नल के बाद व्यापारी से ठगी, साइबर क्राइम इंस्पेक्टर बताकर लिए रुपये

**बरेली।** रिटायर्ड कर्नल के बाद अब हनी ट्रैप गैंग ने कोतवाली के एक किराना व्यापारी को अपने जाल में फंसा लिया पहले महिला ने अश्लील वीडियो कॉल की ठग ने कॉल कर खुद को साइबर क्राइम इंस्पेक्टर बताकर मामला रफादफा करने के बदले रुपये ऐंठे जब अधिक रुपये की मांग की जाने लगी तब व्यापारी को धोखाधड़ी का एहसास हुआ उसने थाने में रिपोर्ट जज कर दी ।कोतवाली के बिहारीपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि क्षेत्र में ही उनकी किराना की दुकान है उनकी फेसबुक पर लड़की की एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई एक्सेप्ट करने के बाद मैसेंजर पर मैसेज आया और कुछ देर बाद एक वीडियो कॉल आई कॉल पर एक महिला बिना कपड़ों के अश्लील हरकतें कर रही थी यह देख उन्होंने कॉलअकाट दी इसके बाद उनके व्हाट्सएप पर मैसेज आया और कहा कि वह यह अश्लील वीडियो यू-ट्यूब, फेसबुक और इंस्ट्राग्राम पर अपलोड कर रही है अज्ञात नंबर से कॉल करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम से बताया उसने बताया कि आपकी वीडियो अपलोड हुई है यू ट्यूब से डिलीट करवाने के लिए उसने प्रक्रिया समझाई इसके बाद 21500 का पेमेंट बताया आरोपी ने एक नंबर देकर रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा परेशान होकर उन्होंने थाना पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की लेकिन एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मोदी 2024 में जीत की लगाएंगे हैट्रिकः दीक्षित



**बरेली** ।पीएम मोदी की जन्म कुंडली का ज्योतिष अनुसंधान कर आराध्य ज्योतिष केंद्र संचालक आचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कोई नहीं रोक पाएगा मोदी का विजय रथ स - 2014 में चन्द्रमा और गुरु ने चमकाई किस्मत,2024 मे मंगल और गुरु करेंगे मंगल । लोकसभा चुनाव अगले वर्ष 2024 मे है । जिसको लेकर विपक्ष भी जोरदार तैयारी कर रहा है । बीजेपी के खिलाफ लगभग सभी विपक्षी दल एक हो गए है। ऐसे मे 2024 मे होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी की चिंता थोड़ी जरूर बढ़ गई है। भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को दोपहर अभिजीत मुहूर्त मे 11 बजकर 9 मिनिट पर गुजरात के मेहसाना में हुआ था। वहीं लग्न कुंडली के अनुसार मोदी की कुंडली वृश्चिक लग्न की है और इनकी कुंडली के स्वामी मंगल देव है। मोदी की लग्न व जन्म राशि वृश्चिक ही है। जो एक अच्छा संयोग है। वहीं जन्मकुंडली मे लग्नेश मंगल नवमेश चंद्रमा के साथ विराजमान हैं। इसलिए जैसे ही पीएम मोदी की कुंडली मे चंद्रमा की दशा शुरू हुई। उसके बाद ही वह राजनीति मे चमकने लगे। साथ ही उनका वर्चस्व पार्टी मे भी बढ़ने लगा। -शुक्र की महादशा में बने थे गुजरात के मुख्यमंत्री पीएम मोदी की जन्मकुंडली में शुक्र राज्य प्राप्ती के दशम (कर्म) भाव मे स्थित है। साथ ही शुक्र की दशा मे वे 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने। साथ ही उस समय बुध की अंतर्दशा भी थी। बुध दशमेश सूर्य के साथ अपनी उच्च राशि में एकादश भाव में बैठे हुए है। ज्योतिष के अनुसार पीएम मोदी की कुंडली मे मंगल व चंद्रमा लग्न मे विराजमान है, जहां मंगल देव रोचक नाम का पंच महापुरुष योग बनाकर विराजमान हैं। साथ ही चंद्रमा के साथ नीच भंग राजयोग भी बनाते हैं। वहीं पीएम मोदी की जन्मकुंडली मे एकादश स्थान मे सूर्य व बुध की युति भी है। जिससे बुधादित्य राजयोग का निर्माण हुआ है। इसलिए पीएम मोदी हमेशा एक लोकप्रिय नेता जीवनपर्यंत बने रहेंगे। वह सदैव मान- सम्मान को प्राप्त करेंगे। ऐसे में मंगल और गुरु का आपस में मित्रता का भाव है। इसलिए नरेंद्र मोदी चुनाव में शानदार विजय प्राप्त कर हैट्रिक लगाते हुए एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। हालांकि इस दफा वर्ष 2014 और 2019 जैसे परिणाम शायद ही आये। वहीं अप्रैल 2024 से जून 2025 तक पीएम मोदी देश हित मे बड़े फैसले ले सकते है। जून 2025 से मई 2026 तक पीएम की सेहत मे

## भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

तिकुनियां.खीरी। ग्राम पंचायत बनवीरपुर में आयोजित भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। बनवीरपुर स्थित अम्बिका राइस मिल में आयोजित इस सम्मेलन मे मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि आजादी के बाद से जिस गति से विकास होना चाहिए था वह नही हुआ जो हम लोगो का दुर्भाग्य था। लेकिन बीते 9 वर्षो से देश मे जो विकास हुआ वह नजर आ रहा है। आज देश की योजनाए आम आदमी की पहुंच में है। हमारी सरकार विना भेदभाव के काम कर रही है आज देश को लेकर कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष तारीफकर रहे है जो कि पहली बार हो रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने विपक्षी दलों पर भी हमला बोलते हुए कहा कि उन लोगो को देश की नही अपनी कुर्सी की चिंता है। सम्मेलन को सदर विधायक योगेश वर्माए जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंहएडॉ अभिमन्यु मिश्रा सहित अन्य लोगो ने संबोधित किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमनदीप सिंहए वीरेंद्र शुक्लाए जीतू त्रिपाठीए अम्बरीष सिंहए दीपक तलवारए कनक पाल सिंह राणाए वीरेंद्र मिश्राए विनायक प्रसादए प्रधान आकाश मित्तल शफीक अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चर्चित फर्जी बैनामा कांड के मुख्य आरोपी समेत दस लोग गिरफ्तार

## ●सोने की चेन सहित लाखों रुपये की नकदी बरामद

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**एसपी** जालौन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक की देखरेख व क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी के नेतृत्व में चल रहे फर्जी बैनामा कांड की जांच का कालपी कोतवाली में खुलासा किया गया। सीओ कालपी डा. देवेंद्र पचौरी ने कहा कि मुकदमा धारा 419, 420, 467, 468, 471 व 120 बी में लिखा जा चुका है और युद्ध स्तर पर की गई कार्यवाई के क्रम में दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की कार्यवाही के साथ 17 लाख 80 हजार रुपये नगद और करीब डेढ़ लाख की सोने की एक चेन भी बरामद की गई है।

सीओ कालपी ने खुलासा करते हुये बताया कि मुख्य आरोपी संदीप पुत्र राम सुमिरन निवासी आलमपुर कालपी, नमन पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी आलमपुर कालपी, महेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह उर्फ काका ठाकुर सहित करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने धोखाधड़ी व कूटरचित ढंग से फर्जी दस्तावेज तैयार करके अज्ञात महिला को विद्यावती बताते हुये करीब दो करोड़ की ठगी की थी जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये करीब दस लोगों को 17 लाख 80 हजार रुपये नगदी समेत एक सोने की चैन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जेल भेजे जाने वाले लोगों में नमन से 5 लाख रुपये नगद व एक सोने की चौन, आलमपुर कालपी निवासी महेंद्र कुमार गौतम पुत्र रामबाबू के पास से 5 लाख 80 हजार रुपये एक लावा कंपनी का काला पैड बरामद किया, नया रामनगर उरई निवासी मनीष पुत्र कन्हैयालाल के पास से दो लाख 40 हजार रुपये बरामद किये, जबकि ग्राम धमना निवासी जगमोहन के पास से डेढ़ लाख नगद व दो जाली आधार कार्ड और एक मोबाइल बरामद हुआ। इसी प्रकार अन्य आरोपियों के पास से भी नकदी बरामद की गई है।

# गांधी जी की स्वतंत्रता आन्दोलन में थी अहम भूमिकाः अभिषेक आनंद



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती पर छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप जलाये। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने गांधी जयंती समारोह में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है, दोनों महानविभूतियों का योगदान था। उनका व्यक्तित्व बहुत बड़ा था, संघर्ष कर शोषितों-वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई थी।

जब महात्मा गांधी अफ्रीका से लौटे तो भारत के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। वे भारत के राष्ट्रपिता नहीं, बल्कि पूरा विश्व उनके आदर्शों को मानता है। हम लोग उनके विचारों पर चलते हैं। कई आंदोलनों में उनका नेतृत्व रहा। उनसे पहले भी आंदोलन हुए, लेकिन गांधी के रास्ते पर चलकर आजादी मिली।

उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी जब अपनी भूमिका में होते है, असहाय की सहायता सभी लोग करें। अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को हम सभी को अपनाना चाहिए।

# जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी और शास्त्री जी को अर्पित की गई पुष्पांजलि

## ●डीएम राजेश पांडेय ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर किया माल्यार्पण

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कैंप कार्यालय व कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

डीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई, सभी को देशभक्ति एवं अहिंसा का पाठ पढ़ाया। सादगी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया। वही उनके पद चिन्हों पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की विचारधारा का अनुकरण करना चाहिए उनके विचारों से समाज में परिवर्तन आएगा, गांधीगीरी एक भावना है हम सबको गांधी जी के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतार लें तो निश्चित रूप से हमें किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पद पर चलकर देश को आजादी दिलाई।

## सत्य आधारित जीवन दर्शन था गांधी जी का मूल मंत्र



**उरई, जालौन।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जनपद दीवानी न्यायालय उरई के सभागार में जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देशन में किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसी के साथ स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले न्यायिक अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) को जनपद न्यायाधीश द्वारा सजीव पौधा देकर एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, कर्मयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में उत्कृष्ट सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित



**उरई,** जालौन। मंडलायुक्त आदर्श सिंह व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट सफाई मित्रों को विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शाल उड़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जनपद में वृहद स्तर पर शहर व गांव के चारों तरफ साफ सफाई कराई गई। उन्होंने कहा कि सफाई सबका उत्तरदायित्व है एवं सफाई से सभी को जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति हम जितना सजग रहेंगे हम उतना स्वस्थ रहेंगे आज स्वच्छता और स्वास्थ्य हर लोगों की जरूरत है इसको मिलकर हमें पूरे भारत में जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों की कोरोना संक्रमण काल में इन सभी की सेवाओं को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत ऊर्जा से ही जनपद स्वच्छ रहता है आपका योगदान अतुल्य है। उन्होंने कहा कि आप से अपेक्षा करता हूं कि आप अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे और आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक व प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र समाज के अभिन्न अंग हैं। इनके कार्यों से ही लोग संक्रामक बीमारियों से बचे रहते हैं।

# अपराधियों पर नियंत्रण व महिला सुरक्षा होगी प्राथमिकताः रीता सिंह



**मानिकपुर,** चित्रकूट। अपराधियों की खैर नहीं, महिला सशक्तीकरण के तहत महिला सुरक्षा होगी प्राथमिकता। यह बात मानिकपुर थाने मे पहली बार महिला कोतवाल रीता सिंह ने एक मुलाकात के दौरान कही। सीएम योगी द्वारा प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ आनलाइन मीटिंग की गई और निर्देश दिया की हर जिले में कम से कम एक थाने में महिला अधिकारी बतौर कोतवाल पोस्ट किया जाए। शासन के निर्देश पर चित्रकूट एसपी वृंदा शुक्ला ने जिले के जंबाज मानिकपुर कोतवाली में बतौर कोतवाल महिला इंस्पेक्टर रीता सिंह को नियुक्त किया है। रीता सिंह इससे पूर्व परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी रही हैं और परिवारों को टूटने से बचाया। पूर्व में महिला थाना प्रभारी भी रह चुकी हैं।

# जनपद में श्रद्धा और कृतज्ञतापूर्वक मनाई गई देश की दो महान विभूतियों की जयंती

**संवाददाता।** कानपुर देहात





**कलेक्ट्रेट** सभागार कक्ष में जिलाधिकारी आलोक सिंह व नोडल अधिकारी निदेशक उद्योग राजेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ देश के दो महापुरूषों की जयंती मनायी गयी। जहां गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता, शालीनता का, इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात नवोदय विद्यालय के बच्चों ने महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन 'रघुपति राघव राजा राम' गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए डीएम ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक है। दोनों ने हमें यह सिखाया कि अपने अन्दर व्याप्त बुराइयों पर दृढइच्छा शक्ति से नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने गांधी के इस विचार पर जोर देकर कहा कि जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करें, क्योंकि प्रकृति मनुष्य की आवश्यकता को पूरा कर सकती है, लालच को नहीं।


## धूमधाम से मनाई गई बापू व शास्त्री जी की जयंती



**फतेहपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती प्रेक्षागृह में धूमधाम से मनाई गई। जयंती अवसर पर सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। शुभारंभ जिले की सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, प्रभारी डीएम सूरज पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर, दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। साध्वी ने कहा कि सफाई मित्रों का सम्मान करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने एक सपना देखा था एक स्वच्छ भारत का। जिसको साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाकर साकार कर रहे है। पूर्व स्व. लाल बहादुर शास्त्री राजनीति में सुचित्ता व समानता के लिए जाने जाते हैं।

## क्विक न्यूज

### जयंती पर याद किये गये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



**घाटमपुर।** अन्य जगहों की तरह घाटमपुर में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी, कई जगहों पर बिशेष कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। नगर पालिका परिषद घाटमपुर में अध्यक्ष श्रीमती गजला तबस्सुम ने राष्ट्रपिता और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प आर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की, बाद में अध्यक्ष ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया इस मौके पर उनके पति हाफिज अब्दुल अहद और कई सभासद तथा ईओ और कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा तहसील में उप जिलाधिकारी रामानुज और तहसीलदार लक्ष्मी कांन्त बाजपेयी की अगुवाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनायी गयी और रामधुन के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया गया।

### नवांगतुक जिलाधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार



फतेहपुर। नवागत जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने सोमवार को जनपद पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया तत्पश्चात पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि शासन की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। दो हजार बारह बैच की आईएएस अधिकारी सी. इंदुमती तमिलनाडु से हैं। वर्ष दो हजार तेरह में बरेली व सहारनपुर में जॉइंट मजिस्ट्रेट, फतेहपुर व मुरादाबाद में सीडीओ, वर्ष दो हजार बीस में सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी तैनाती रही। लखनऊ में स्वयं सहायता समूह के मिशन निदेशक के पद के बाद उन्हें जनपद का डीएम बनाया गया है।

### किसान की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या

हमीरपुर। जिले के मुस्करा क्षेत्र में रविवार देर रात खेत से घर आ रहे किसान पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से वार कर युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के शिवनी डेरा गांव में रविवार को देर रात मदन यादव अपने खेतों से घर लौट रहा था। तभी गांव के भूपत के दरवाजे के सामने पीछे से आकर किसी अज्ञात ने कुल्हाडी से कई वार किये और भाग गया,मदन को गंभीर हालत में सीएचसी मुस्करा में भर्ती कराया गया जहा डाक्टरों ने गंभीर हालत में इलाज के लिये जिला अस्पताल रिफर कर दिया,जहा इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### अटूट बंधन की गहन कहानियाँ

लखनऊ।. हीरे को एक लंबे अरसे से शाश्वत प्रेम शक्ति और सुंदरता के प्रतीक के रूप में जाना जाता रहा है। हीरे की परिभाषा अत्यधिक दबाव में क्रिस्टलीकृत कार्बन के टुकड़े मात्र तक ही सीमित नहीं हैं। वे रोमांस, सहनशक्ति और अटूट बंधन की गहन कहानियाँ अपने साथ लिए चलते हैं। हीरों के साथ महिलाओं का एक अनोखा रिश्ता है, जो सशक्तिकरण, आत्म.अभिव्यक्ति और जीवन के सबसे सार्थक क्षणों से होकर गुजरता है। महिला सशक्तिकरण के इस आधुनिक युग में हीरे और महिलाओं के बीच के अनूठे रिश्ते का विकास श्रृंगार की सीमाओं से परे हुआ है। हीरे के प्रमुख ब्रांडए डी बीयर्स फॉरएवरमार्क के विशेषज्ञ इस रहस्य से पर्दा उठा रहे हैं।

### भावना गुप्ता को दीक्षांत समारोह में मिले दो गोल्ड मेडल

मौदहा, हमीरपुर। नगर की एक होनहार छात्रा का बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर दीक्षांत समारोह में छात्रा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। कस्बा निवासी अजय गुप्ता की पुत्री भावना गुप्ता बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में एमए इतिहास 2023 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर दीक्षांत समारोह बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में लक्ष्मी नारायण मित्तल स्वर्ण पदक व बैद्यनाथ आयुर्वेद स्वर्ण पदक दो गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### लापरवाही बरतने पर पंचायत सहायकों की सेवाएं समाप्त

मौदहा, हमीरपुर। विकास खंड मौदहा के सात पंचायत सहायकों द्वारा सरकारी कार्यो में लापरवाही बरतने पर बीडीओ ने सभी की सेवाएं समाप्त कर दी है जिससे कर्मियों में हड़कंप मच गया है। सचिवों पर भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मौदहा ब्लाक के खंड विकास अधिकारी(बीडीओ) गोपाल यादव ने सोमवार को बताया कि पंचायत सहायकों की ई खसरा में ड्यूटी लगाई गई थी मगर समय के कार्य न किए जाने पर रविंद्र कुमार ग्राम ऊपरी, अनूप कुमार भवानी, जितेंद्र कुमार मांचा, अरविंद कुमार परछछ, आमिर खान मदारपुर, गंगाराम पिपरौंदा, मदन गोपाल छिरका के खिलाफसामूहिक कार्यवाही करते हुए इनकी सेवा समाप्ति हेतु सचिव व प्रधान को आदेश कर दिये गये है।

# कांग्रेस का आतंकवाद से समझौता करने का सवाल ही नहींः सलमान

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि यदि कुछ लोग आतंकवाद का सहारा लेते हैं तो देश की अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। कांग्रेस का तो आतंकवाद से समझौता करने का सवाल ही नहीं पैदा होता। श्री खुर्शीद ने पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश में अपने गृह जनपद एवं संसदीय फर्रुखाबाद क्षेत्र में भोजपुर विधानसभा के लोधी बाहुल्य गांव चौकिया, मझगामा, रसीदपुर, नवादा, पत्योजा, ईसेपुर आदि मे प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान नेतृत्व में आयोजित चौपाल एवं संवाद कार्यक्रमो में प्रतिभागिता करने के बाद आज सोमवार को फर्रुखाबाद शहर टाउन हॉल स्थित 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गांधी प्रतिमा एवं सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी प्रेरणाओं पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में किसी महिला के साथ कोई घटना होती है तो हम पूरी संवेदना के साथ उसके साथ होते हैं और चाहते हैं कि घटना की पूरी सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए। श्री खुर्शीद का मानना है कि यदि हम हर चीज पर बोले तो कहा जाएगा कि हम पक्षपात कर अपनी पार्टी के लिए बोल रहे हैं।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इंदिरा गांधी को हमने किसके कारण खोया। कांग्रेस का तो आतंकवाद से समझौता करने का कोई सवाल ही नहीं पैदा होता।

# जीजीआईसी की प्रधानाचार्या और छात्राओं को स्वच्छता सम्मान



अमेठी। आज स्वच्छता ही सेवा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 23 तक गौरीगंज जनपद अमेठी में आयोजित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के सुअवसर पर आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत अनवरत स्वच्छता एवं अन्य कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने हेतु राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी की प्रधानाचार्याध्जिला आयुक्त गाइड अमेठी को स्वच्छता सम्मान से नवाजा गयाएसाथ ही विद्यालय की तीन छात्राओं ईशाए कशिशए आंचल वर्मा को निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन पंकज कुमारए जिला अधिकारी अमेठीए मुख्य विकास अधिकारी अमेठीए जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी के द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# साइकिल यात्रा पर निकले सपाइयों का जिले में आगमन पर किया सम्मानित

अमेठी ।लोकतंत्र बचाओए संविधान बचाओ साइकिल यात्रा लेकर निकले समाजवादी पार्टी के सिपाही का जिले में आगमन पर जगह जगह कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। फिर साइकिल यात्रा सैफई के लिए रवाना हो गई। गौरतलब हो कि चन्दौली लोकसभा की अजगरा विधानसभा वासी गोलू यादव और रवि गुप्ता 25 सितम्बर को लोकतंत्र बचाओ साइकिल यात्रा को लेकर वाराणसी से जौनपुरए सुल्तानपुर और अमेठी जिले में पहुंचेए जहां पहुंचने पर सपा कार्यकर्ता और लोक गायक रंजीत यादव ने उनका स्वागत किया। जिला मुख्यालय पहुंचने पर आर के यादव ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित कियाए जायस पहुंचने पर महेन्द्र सोनकर ने स्वागत किया।

# गाजीपुर से विजयीपुर मार्ग नवनिर्माण के लिए सत्याग्रह व अनशन प्रारम्भ




**असोथर,** फतेहपुर। विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से प्रस्तावित अनिश्चतकालीन सड़क सत्याग्रह मानस पाठ के साथ शुरू हो गया। पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ। आसपास के ग्रामीणों का सत्याग्रह में व्यापक समर्थन दिखाई दिया। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित तथा स्वयंसेवकों ने बताया कि बीते जनवरी महीने से इस सड़क के लिए संघर्ष किया जा रहा है।

रामचरित मानस पाठ के साथ शुरू हुए शांतिपूर्वक सत्याग्रह व अनिश्चितकालीन धरने को समाप्त करने पहुंची किशुनपुर पुलिस ने अनशनकारियों को अल्टीमेटम दिया कि बिना सरकारी अनुमति के सत्याग्रह आंदोलन कर रहे हैं जिसे खत्म कराने के लिए हमें उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिए हैं जिसके बाद सड़क बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि 18 सितंबर को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री को जरिए डाक द्वारा सूचना दे चुके हैं।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, तेईस चौकी प्रभारी व 79 एसआई का तबादला

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बीती रात महकमे में बड़ा फेरबदल दिया। उन्होंने 23 चौकी इंचार्ज सहित 79 उपनिरीक्षक इधर से उधर कर दिये। बीती आधी रात के बाद एसपी नें मेरापुर की संकिसा चौकी प्रभारी अच्छे लाल पाल को वरिष्ठ उपनिरीक्षक कंपिल बनाया है । कोतवाली फ्तेहगढ़ की सरह चौकी प्रभारी अवधेश अवस्थी को संकिसा चौकी का प्रभारी बनाया है। थाना मऊदरवाजा के बजरिया चौकी प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को मोहम्मदाबाद के ताजपुर चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कायमगंज के कस्बा चौकी प्रभारी हरिओम प्रकाश त्रिपाठी को थाना जहानगंज की राजपुताना चौकी का प्रभारी बनाया है। थाना मऊदरवाजा के मेडिकल चौकी प्रभारी जितेन्द्र पटेल को शमसाबाद के फैजबाग चौकी का प्रभारी बनाया गया है। मऊदरवाजा के बीबीगंज चौकी के प्रभारी किरन पाल नागर को कमालगंज की भोजपुर चौकी का इंचार्ज बनाया गया है । घुमना चौकी प्रभारी मोहन सिंह को थाना राजेपुर भेजा गया है। कोतवाली मोहम्मदाबाद के एसएसआई मो. अकरम को थाना नवाबगंज, नीम करोरी चौकी प्रभारी मोहित मिश्रा को मेडिकल चौकी मऊदरवाजा, कायमगंज की कुआँ खेड़ा चौकी इंचार्ज राजीव कुमार को थाना राजेपुर, भोजपुर कमालगंज चौकी इंचार्ज राघवेन्द्र सिंह को मऊदरवाजा, आवास विकास चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमर को थाना जहानगंज, सेंट्रल जेल चौकी इंचार्ज शकरानंद को थाना कमालगंज, मोहम्मदाबाद की ताजपुर चौकी इंचार्ज सुनील कुमार भदौरिया को थाना कादरी गेट, मऊदरवाजा की रायपुर चौकी इंचार्ज सूर्य प्रकाश उपाध्यय नीम करोरी चौकी प्रभारी बनाया गया है। शमसाबाद की फैजबाग चौकी पर तैंनात संजय कुमार राय को थाना कम्पिल, पगा चौकी प्रभारी उदयवीर सिंह को थाना कंपिल, मोहम्मदाबाद की मदनपुर चौकी इंचार्ज विश्व नाथ आर्य को कायमगंज की कुआंखेड़ा चौकी पर भेजा गया है।

# देह व्यापार में लिप्त पूर्व इंस्पेक्टर व पुत्र गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** डीएम, एसपी आवास के साथ ही पुलिस लाइन के करीब ही कई सालों से पिज्जा हाउस में देह व्यापार फल-फूल रहा था। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के एक्शन के बाद पुलिस हरकत में आयी और देहव्यापार का खुलासा हुआ। पुलिस नें रंगे हाथों छात्राओं के साथ ही युवकों को पकड़ा। जिसके बाद पुलिस ने 10 लड़कों व 9 लड़कियों को दबोच लिया। पुलिस नें पिज्जा हॉउस के मालिक के साथ ही उसके पुत्र को भी गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। निवासी सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार अग्निहोत्री कस्बे के मोहगा बनखड़िया जिला जेल चौराहे के पास रहता है। छोटा पुत्र प्रदीप कुमार अग्निहोत्री ने कई वर्ष पहले डीएम-एसपी आवास व पुलिस लाइन के बीच मोहगा ग्वालटोली टिलियां में मकान का निर्माण कराया था। बाप-बेटे कई सालों से देह व्यापार में लिप्त थे । सीओ प्रदीप कुमार नें सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार अग्निहोत्री, उसके पुत्र प्रदीप कुमार अग्निहोत्री उनके साथी संजीब अग्निहोत्री व आयुष पुत्र संजीव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पिज्जा हाउस सील कर दिया गया है।

# सांसद मुकेश राजपूत ने सहयोगियों के साथ मिलकर सफाई और वृक्षारोपण किया

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**फर्रुखाबाद** स्टेशन पर सांसद मुकेश राजपूत ने सहयोगियों के साथ स्वच्छता सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण में प्रतिभागिता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता सफाई अभियान आवाहन के तहत आज उत्तर प्रदेश में पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर भाजपा सांसद एवं रेलवे संसदीय स्थाई सलाहकार समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर झाड़ू लेकर स्टेशन पर सफाई की तथा प्लेटफार्म पर मौजूद रेल यात्रियों को गंदगी ना करने के प्रति जागरूक किया गया।

रेल सूत्रों ने बताया कि आज के सफाई स्वच्छता अभियान में फर्रुखाबाद जिले से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत के अलावा सदर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार भाजपाजिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने फर्रुखाबाद स्टेशन पर झाड़ू लेकर सफाई की। इस दौरान वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार अपनी सफाई टीम के साथ सफाई करने में मौजूद रहे। श्री राजपूत में सफाई कर्मचारियों को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने जीआरपी समीपवर्ती रेलवे परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

## ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान


**फर्रुखाबाद।** गंगा एक्सप्रेस-वे के जनपद से जाने के बाद अब ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को जनपद में लाने को लेकर जनप्रतिनिधि नही बल्कि जनता ने प्रयास शुरू कर दिया है । शाम 3 बजे से शहर के चौक पर हस्ताक्षर अभियान हिन्दू महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, फर्रुखाबाद विकास मंच के भइयन मिश्रा आदि के नेतृत्व में शुरू हुआ। जो शाम लगभग 7 बजे तक चला। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों नें जनपद से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे निकालने पर अपनी सहमति के तौर पर हस्ताक्षर किये। जिसमे लगभग तीन हजार लोगों नें पांच घंटे तक हस्ताक्षर किये है। हस्ताक्षर अभियान के तहत ही केन्द्रीय परिवहन व सड़क राज्य मंत्री नितिन गड़करी को भी पत्र लिखा गया है। हस्ताक्षर अभियान आगामी रविवार तक चलेगा।

# सीपीएस में किया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस सम्मेलन का आयोजन

**फतेहपुर।** शहर के स्थानीय चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में दादा-दादी व नाना-नानी अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस सम्मेलन के साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उम्र की बंदिशों को तोड़ नन्हे-मुन्ने बच्चों संग दादा-दादी व नाना-नानी जमकर उछले।

मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर इंजी. प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या डॉ. पद्मालया दास चौधरी, हेड मिस्ट्रेस रीना शुक्ला, विद्यालय प्रशासक लालजी श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय ने सर्वप्रथम मां सरस्वती, गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात कार्यक्रम में आए हुए दादा दादी नाना-नानी एवं माता-पिता का भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर शुभकामना दर्शाते हुए कार्ड देकर स्वागत किया। इसके बाद नन्हें-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत स्वागत, गीत और स्वागत नृत्य के माध्यम से सभी बुजुर्गों व अभिभावकों का स्वागत किया।

## स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर हुआ नुक्कड़ नाटक



**फतेहपुर।** जीटी रोड स्थित सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के छात्रों द्वारा आज शाम शहर के पटेल नगर चौराहा स्थित गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन उप पुलिस अधीक्षक वीर सिंह ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता ने कार्यस्थल पर पहुंचकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर बिरजू शर्मा, शुभांगी त्रिपाठी समेत अमरदीप, तृप्ति मिश्रा, राजकुमार, आदि उपस्थित रहे।

# मिस्र के पुलिस मुख्यालय में भीषण आग

● 38 लोग घायल

भाषा। काहिरा



**पूर्वोत्तर मिस्र** में सोमवार को तड़के एक पुलिस मुख्यालय में आग लगने से कम से कम 38 लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता होसाम अब्देल-गफ्फार के अनुसार, आग इस्माइलिया के स्वेज नहर प्रांत में बहुमंजिला पुलिस मुख्यालय में लगी। उन्होंने बताया कि घायलों में से 12 का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया, जबकि 26 अन्य को अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से दो को छोड़कर बाकी सभी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि सात लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, फिलहाल यह स्पष्ट आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है कि घटना के समय इमारत में कितने पुलिसकर्मी मौजूद थे। इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। आग लगने के कारण का भी फिलहाल पता नहीं चल पाया है। सरकारी समाचार एजेंसी एमईएनए ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें इमारत से आग की लपटें और धुआं निकलता दिख रहा है। मिस्र में सुरक्षा मानकों और आग लगने की घटनाओं से निपटने संबंधी नियमों को लागू करने की व्यवस्था काफी लचर है, जो कि लोगों की मौत का कारण बन जाते हैं। पिछले साल अगस्त में ही काहिरा में कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स चर्च में आग लग गई थी, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी। देश की सरकारी सांख्यिकी एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2022 में मिस्र में आग लगने की 49,300 से अधिक घटनाएं हुईं, जिसमें 203 लोग मारे गए और 855 लोग घायल हो गए।

## स्पेनीश नाइट क्लब में आग : पांच लापता व्यक्तियों का पता लगाया गया, कुल 13 लोगों की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के मर्सिया शहर में एक नाइट क्लब में आग लगने की घटना में लापता हुए उन पांच लोगों का पता लगा लिया गया है, जिनकी मौत की आशंका जताई जा रही थी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार को हुई इस घटना में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 24 घायल है। दक्षिण पूर्वी क्षेत्र मर्सिया में राष्ट्रीय सरकार के प्रतिनिधि फ्रांसिस्को जिमेनेज ने स्पेनिश टेलीविजन को बताया कि और किसी व्यक्ति का शव नही पाया गया है और अब कोई भी लापता नही है। स्पेनीश सरकारी समाचार एजेंसी ईएफई ने कहा कि आग रविवार को सुबह करीब छह बजे एक नाइट क्लब में लगी और दो अन्य में फैल गई। सभी शव प्रथम नाइट क्लब में मिले है। नगर परिषद ने तीन दिनों के शोक की घोषणा की है।

# मेक्सिको में गिरजाघर की छत ढही, 10 लोगों की मौत, 60 घायल

भाषा। सिउदाद मादेरो (मेक्सिको)

**उत्तरी मेक्सिको** में रविवार को सामूहिक प्रार्थना के दौरान एक गिरजाघर की छत ढहने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और करीब 60 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने देर रात और सोमवार सुबह मलबे में लोगों की तलाश की। अधिकारियों के मुताबिक गिरजाघर की छत ढहने से करीब 30 श्रद्धालुओं के मलबे में फंसे होने की आशंका है। बचावकर्मियों ने छत के मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश की और अधिकारियों ने जीवित बचे लोगों को खोजने के लिए खोजी कुत्तों की मदद ली। तमौलिपस राज्य की पुलिस ने कहा कि घटना के वक्त करीब 100 लोग गिरजाघर में मौजूद थे और करीब 30 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। राज्य सुरक्षा प्रवक्ता के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि दस लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। बताया जाता है कि हादसा गिरजाघर के कमजोर पड़ चुके ढांचे के कारण हुआ। कार्यालय ने बताया कि घायल हुए 60 लोगों में से 23 अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर है। मेक्सिको बिशप परिषद ने एक बयान जारी कर कहा कि हम हादसे में जान गंवाने वाले लोगों और घायलों के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। घायलों में चार महीने का एक बच्चा, पांच साल के तीन बच्चे और नौ साल के दो बच्चे शामिल हैं। स्थानीय मीडिया द्वारा प्रकाशित तस्वीरों में देखा जा सकता है कि गिरजाघर कंक्रीट और ईंट से बना था और उसकी छत के कुछ हिस्से जमीन पर गिरे हुए थे।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला कूल्हे की सर्जरी के बाद आधिकारिक आवास लौटे

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। कूल्हे के प्रतिरोपण के लिए उनकी दो दिन पहले सफल सर्जरी हुई थी और पूरी तरह से स्वस्थ होने तक वह घर से काम करेंगे। लूला ने एक्स पर एक बयान में कहा कि वह राजधानी ब्रासीलिया में राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास लौट आए और आगामी हफ्तो मे वह यही से काम करेंगे। उन्होंने पूर्व मे कहा था कि पिछले साल अगस्त से उनके कूल्हे में दर्द था। लूला (77) का ऑपरेशन शुक्रवार को हुआ था।

## अमेरिका: रेडमंड में मनाया गया गणेशोत्सव

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकियो ने विश्व की अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के मुख्यालय रेडमंड मे गणेशोत्सव मनाया और इस दौरान भगवान गणेश की 15 फुट की मूर्ति की पूजा-अर्चना की। इस मूर्ति को भक्तो ने रेडमंड राजा नाम दिया है। इस कार्यक्रम मे लगभग 20,000 भारतीय-अमेरिकी शामिल हुए। यह मूर्ति रेडमंड के पार्क के बीचो-बीच एक भव्य मंच पर स्थापित की गई। इस मंच की साज-सज्जा किसी भारतीय महल की याद दिलाती है। इस मौके पर स्थानीय संगीतकारो के समूह बीट्स ऑफ रेडमंड के 150 से अधिक कलाकारों ने ढोल-ताशा बजाकर गणपति की पूजा-अर्चना की।

## यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों ने कीव में बैठक की

**कीव।** रूस के हमले के खिलाफ यूक्रेन के प्रति समर्थन जताने के लिए यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियो ने सोमवार को कीव मे बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव मे इस अनौपचारिक बैठक के बारे मे पहले से कोई घोषणा नही की गई थी। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान मंत्री यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ के समर्थन की समीक्षा करेंगे और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के प्रस्तावित शांति फॉर्मूले पर चर्चा करेंगे।

## मैक्सिको में मालवाहक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, 10 प्रवासियों की मौत

**टापाचुला (मैक्सिको)।** मैक्सिको मे ग्वाटेमाला सीमा के निकट एक राजमार्ग पर मालवाहक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमे सवार कम से कम 10 महिला प्रवासियो की मौत हो गई और 17 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे मे मारी गई सभी महिलाएं क्यूबा की नागरिक थी। राष्ट्रीय आव्रजन संस्थान ने बताया कि क्यूबा के जिन नागरिको की मौत हुई है, वे सभी महिलाएं थी और उनमे से एक की आयु 18 वर्ष से कम थी। संस्थान ने बताया कि ट्रक चालक स्पष्ट रूप से तेज गति से वाहन चला रहा था और उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। ट्रक मे 27 प्रवासी सवार थे। हादसे के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया। चियापास राज्य के नागरिक सुरक्षा कार्यालय ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को पिजिजियापन शहर के निकट एक राजमार्ग पर हुई।

## हॉलीवुड में पांच माह बाद देर रात प्रसारित होने वाले टॉक शो फिर शुरू होंगे

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड लेखको की हड़ताल के कारण पांच महीने के विराम के बाद देर रात प्रसारित होने वाले टॉक शो वापसी कर रहे है, जबकि अभिनेता भी काम पर लौटने के लिए बातचीत शुरू करने वाले है। लेखको की दो मई को शुरू हुई हड़ताल के बाद सबसे पहले सीबीएस के द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट , एबीसी के जिमी किमेल लाइव और एनबीसी के द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन का प्रसारण रुक गया था। अब ए शो सोमवार रात से वापसी कर रहे है। वही, कॉमेडियन जॉन ऑलिवर रविवार रात को एचबीओ पर अपने लास्ट वीक टुनाइट शो के साथ उत्साहपूर्वक लौटे।

# चंद्रचूड़ ने लंदन में गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया

भाषा। लंदन



**लंदन में** सोमवार को आयोजित गांधी जयंती समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और महाराष्ट्र के संस्कृति मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने महात्मा गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में गांधीजी की प्रतिमा के पास एकत्र हुए प्रवासी भारतीयों ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय उच्चायोग और इंडिया लीग द्वारा किया गया। लंदन में भारतीय विद्या भवन के छात्रों ने रघुपति राघव--- और वैष्णव जन-- सहित महात्मा गांधी के पसंदीदा भजनों को पेश किया। भारतीय समुदाय के नेता और सांसद इस समारोह में शामिल हुए, जो बौद्ध प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन में कहा, आज, महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर, हम उनकी शिक्षाओं, सीख और मानव जाति के प्रति करुणा के लिए उन्हें याद करते हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी एक ऐसा नाम है, जिसे दुनिया में हर कोई जानता है। एक नाम जो सत्य और अहिंसा के सिद्धांत का प्रतीक है। एक नाम जो सार्वभौमिक शांति का आह्वान करता है। एक ऐसा नाम जो आशा जगाता है कि हम अपनी दुनिया को पहले से बेहतर स्थान बनाएंगे। मंत्री मुनगंटीवार ने गांधी के संदेशों के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी जी द्वारा दिए गए अहिंसा के मंत्र के कारण इस दिन को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में जाना जाता है। मंत्री ने महाराष्ट्र के वर्धा में गांधी सेवाग्राम आश्रम के प्रभारी मंत्री के रूप में अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा, चरखा, हर भारतीय के हाथ में शांति का एक हथियार बन गया है। यह महत्वपूर्ण है कि अहिंसा का यह दिन हमारे लिए सिर्फ एक दिन नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी से जुड़े सभी स्थलों के रखरखाव में सहायता करेगा भारत

**जोहानिसबर्ग।** भारत दक्षिण अफ्रीका मे महात्मा गांधी से जुड़े सभी स्थलों के रखरखाव में सहायता करेगा। सोमवार को गांधीजी की 154वी जयंती के मौके पर यहां भारतीय दूत ने यह बात कही। गांधी जयंती के अवसर पर, उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने यहां संवैधानिक न्यायालय परिसर मे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, जो कभी एक जेल थी। महात्मा तथा उनके अनुयायियों ने भेदभावपूर्ण कानूनों के प्रतिरोध के दौरान उसमे सजा काटी थी। गांधी ने 1908 से 1913 के बीच यहां चार बार जेल की सजा काटी थी, जिनमे दक्षिण अफ्रीका मे उनकी पहली सजा भी शामिल थी। साल 2012 मे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने दक्षिण अफ्रीका यात्रा के दौरान गांधीजी की प्रतिमा का अनावरण किया था। कुमार ने कहा, विदेश में अपनी तैनाती के दौरान मैने हमेशा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया है और अब दक्षिण अफ्रीका मे ऐसा करते हुए बहुत खास महसूस हो रहा है क्योंकि गांधीजी 21 साल तक यहां रहे थे। कुमार ने कहा, "भारत की ओर से समर्थन जारी रहेगा... (दक्षिण अफ्रीका मे) महात्मा गांधी से जुड़े सभी स्थानो का भारत सरकार ख्याल रखेगी।

## जिम्बाब्वे में विमान हादसा, भारतीय खनन कारोबारी और उसके बेटे समेत छह लोगों की मौत

भाषा। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण-पश्चिमी** जिम्बाब्वे में एक निजी विमान तकनीकी खराबी के कारण हीरे की एक खदान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक भारतीय खनन कारोबारी और उसके बेटे सहित छह लोगों की मौत हो गई। मीडिया में प्रकाशित खबरों से यह जानकारी सामने आई है। समाचार वेबसाइट आईहरारे ने अपनी खबर में बताया कि मशावा के जवामहांडे इलाके में हुए विमान हादसे में खनन कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा, उनके बेटे और चार अन्य लोगों की मौत हो गई। रियोजिम सोने और कोयले का उत्पादन करने के साथ-साथ निकल और तांबे को परिष्कृत करने वाली एक प्रमुख खनन कंपनी है। खबर के मुताबिक, रियोजिम के स्वामित्व वाला सेसना 206 विमान शुक्रवार को हरारे से मुरोवा हीरा खदान की ओर जा रहा था, तभी यह दुखद हादसा हुआ। एकल इंजन वाला विमान मुरोवा डायमंड खदान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# वैश्विक शक्ति-साझाकरण ढांचे में जगह पाने के लिए राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लें हिंदू : विज्ञानानंद

भाषा। वाशिंगटन

**प्रभावी हिंदू** धार्मिक नेता स्वामी विज्ञानानंद ने बैंकॉक में हिंदू समुदाय की एक वैश्विक बैठक से पहले कहा है कि वैश्विक शक्ति-साझाकरण ढांचे में जगह पाने के लिए हिंदुओं को राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहिए। स्वामी विज्ञानानंद वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष हैं। यह संगठन चार साल में एक बार विश्व हिंदू कांग्रेस का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दुनिया में हिंदू केवल भांगड़ा, डांडिया और प्राणायाम (सांसों को नियंत्रित करे की प्राचीन प्रथा) के माध्यम से अपनी पहचान नहीं बना सकते। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक विज्ञानानंद ने कहा, मैं इन सभी चीजों का सम्मान करता हूं, लेकिन शक्ति साझा करने के लिए हिंदुओं को अपनी मूल शक्ति पर ध्यान केंद्रित करने और रणनीति बनाने की जरूरत है। इस दिशा में अब तक ज्यादा प्रयास नहीं किए गए हैं। भारतीय धार्मिक नेता ने कहा, हिंदुओं की आबादी वैश्विक जनसंख्या का छठा हिस्सा है, हम कई देशों में सबसे अमीर लोग हैं और हम शिक्षा और अकादमिक क्षेत्र में भी बहुत सफल हैं...। लेकिन वास्तविक सत्ता-साझाकरण में हमारी भूमिका नहीं हैं। हिंदुओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता है।

# पाकिस्तान की अदालत ने नौ मामलों में इमरान खान की जमानत बहाल की



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नौ अलग-अलग मामलों में जमानत को सोमवार को बहाल कर दिया और उसे निरस्त करने के विभिन्न निचली अदालतों के फैसलों को रद्द कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उमर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की पीठ ने नौ मई के दंगों के सिलसिले में तीन मामलों के बारे में, इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन से संबंधित तीन मामलों में और तोशाखाना मामले, धारा 144 के उल्लंघन और हत्या के प्रयास के एक-एक मामले में खान के आवेदन पर सुनवाई की। इनमें से छह मामले विभिन्न जिला और सत्र अदालतों में थे और तीन मामले आतंकवाद निरोधक अदालतों के समक्ष थे। खान (70) को सभी नौ मामलों में जमानत दे दी गई थी, लेकिन तोशाखाना मामले में उनके जेल जाने के बाद पेश नहीं हो पाने के कारण इसे निरस्त कर दिया गया था।

## अदालत ने पुलिस से इमरान के करीबी सहयोगी शेख राशिद का एक सप्ताह में पता लगाने को कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को पुलिस को एक सप्ताह के भीतर अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख और पूर्व गृह मंत्री शेख राशिद का पता लगाने का आदेश दिया, जिनके बारे मे उनके वकील ने दावा किया कि उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी राशिद (72) के वकील सरदार अब्दुल राजिक खान ने कहा था कि उन्हे 17 सितंबर को रावलपिंडी के बहरिया शहर मे उनके आवास से सादे कपड़ो मे आए लोगो ने हिरासत मे लिया था और किसी अज्ञात स्थान पर ले गए।

# 50 की उम्र के बाद व्यवहार में बदलावों पर दें ध्यान

● डिमेंशिया के शुरूआती संकेत

भाषा। कैलगरी (कनाडा)

**मनोभ्रंश ।** डिमेंशिया को अक्सर स्मृति समस्या के रूप में माना जाता है, जैसे कि जब कोई बुजुर्ग व्यक्ति एक ही सवाल बार-बार पूछता है या चीजें गलत जगह पर रख देता है। वास्तव में, मनोभ्रंश से पीड़ित व्यक्तियों को न केवल सीखने, सोचने, समझने और निर्णय लेने जैसे अनुभूति के अन्य क्षेत्रों में समस्याओं का अनुभव होता है, बल्कि उनके व्यवहार में भी बदलाव महसूस हो सकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि मनोभ्रंश यानि के डिमेंशिया क्या है और यह कैसे इंसान को अपनी चपेट में लेता है। मैंने कल्पना नहीं की थी कि मेरी दादी का अजीब व्यवहार मेरे अनुमान से कहीं गंभीर स्थिति का शुरूआती चेतावनी संकेत था। यदि उनसे खाना पकाने या बेकिंग जैसे काम ठीक से नहीं होते थे, तो वह तुरंत परेशान हो जाती थीं। वह कहती थीं कि घर के आसपास कोई औरत घूम रही है, जबकि वास्तव में कोई महिला वहां नहीं थी। वह घर के बाकी लोगों पर शक करने लगी थीं और चीज़ों को अजीब जगहों पर छुपाने लगीं। उनका यह बर्ताव कुछ समय तक जारी रहा और अंततः पता चला कि उन्हें डिमेंशिया हो गया है। संज्ञानात्मक और व्यावहारिक नुकसान - जब संज्ञानात्मक और व्यावहारिक परिवर्तन किसी व्यक्ति की कार्यात्मक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करते हैं, तो उस व्यक्ति को मनोभ्रंश से पीड़ित माना जाता है। हालाँकि, जब संज्ञानात्मक और व्यावहारिक परिवर्तन किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करते हैं, लेकिन इसके बावजूद यदि आपसी रिश्तों और कार्यस्थल पर व्यक्ति का व्यवहार नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है, तो उन्हें क्रमशः हल्की संज्ञानात्मक हानि (एमसीआई) और हल्की व्यावहारिक हानि (एमबीआई) के रूप में जाना जाता है। एमसीआई और एमबीआई एक साथ हो सकते हैं, लेकिन अल्जाइमर डिमेंशिया जिन एक तिहाई लोगों में विकसित होता है, उनमें व्यवहार संबंधी लक्षण संज्ञानात्मक गिरावट से पहले आते हैं। पाँच व्यवहार संबंधी लक्षण-ए वे पाँच प्राथमिक व्यवहार हैं, जिन्हें हम 50 वर्ष से अधिक आयु वाले मित्रों और परिवार में देख सकते हैं, जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है।

## स्वस्थ भोजन करने के लिए जागरूकता जरूरी

**आगरा।** आगरा केआरबीएल लिमिटेड का इंडिया गेट बासमती चावल दुनिया का नंबर 1 बासमती चावल ब्रांड ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई के तत्वावधान में ईट राइट इंडिया पहल के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी बासमती राइस नो कॉम्प्रमाइज जनहित शिक्षा और जागरूकता पहल के लखनऊ चरण को होस्ट किया । यहां तक कि 1 अगस्त 2023 को नियम लागू होने के बावजूद इंडिया गेट बासमती राइस ने स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने संतुलित पोषण को प्रोत्साहित करने और बासमती चावल के लिए पहचान मानकों पर हाल ही में जारी एफएसएसएआई नियमों के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाते हुए पूरे भारत में उपभोक्ताओं के बीच खाद्य सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में इस पहल के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभाई है। केआरबीएल द्वारा जनहित में एक पहल बासमती राइस नो कॉम्प्रमाइज कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में लखनऊ में किया गया था। समारोह में हरि शंकर सिंह, डेप्युटी कमिशनर ए फूड सेफ्टी एंड ड्रग्ज एडमिनिस्ट्रेशन, उत्तर प्रदेश सरकारय डॉ विद्यानंद तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसरए इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड प्रोसेसिंग , लखनऊ युनिवर्सिटी शेफनागेंद्र सिंह, एग्जीक्यूटिव शेफताज महल लखनऊ और आयुष गुप्ता, बिजनेस हेड , इंडिया मार्केट केआरबीएल लिमिटेड उपस्थित थे। आयुष गुप्ता बिजनेस हेड-इंडिया मार्केट आरबीएल लिमिटेड और बासमती चावल उद्योग के नेता ने कहा कि बासमती चावल के लिए पहचान मानक स्थापित करने में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए हम एफएसएसएआई की सराहना करते हैं।

## अकेलेपन से जूझ रहे बुजुर्गों के लिए कैसे मददगार हो सकते है वर्चुअल इंसान

**पर्थ।** सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है। अभी तक केवल साइंस फिक्शन (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ए वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। उदाहरण के लिए, 2066 तक ऑस्ट्रेलिया की कुल आबादी के करीब पांचवें हिस्से की उम्र 65 वर्ष या उससे अधिक हो जाने का अनुमान है।

## क्विक न्यूज

### लॉस एंजिलिस की मेयर ने भारत से अपने यहां वाणिज्य दूतावास खोलने का अनुरोध किया

**वाशिंगटन।** लॉस एंजिलिस के मेयर करेन बास और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत सरकार से अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े शहर और दुनिया की मनोरंजन राजधानी में एक वाणिज्य दूतावास खोलने का आग्रह किया है। वर्तमान में अमेरिका में न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, ह्यूस्टन और अटलांटा मे पांच भारतीय वाणिज्य दूतावास है। जून मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत अमेरिका मे दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा, जिनमे से एक सिएटल मे होगा। भारतीय अमेरिकी संगठनों का एक समूह और लॉस एंजिलिस (एलए) की मेयर ने आग्रह किया है कि उनके शहर मे दूसरा भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाना चाहिए। बास ने कहा, मै आपसे अनुरोध करती हूं कि आप लॉस एंजिलिस शहर मे एक नए भारतीय वाणिज्य दूतावास पर विचार करें। बास ने अमेरिका मे भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू को हाल मे पत्र लिखकर कहा था, संबद्धता और आदान-प्रदान के लिए इस महत्वपूर्ण मंच को खोलने और निरंतर समर्थन प्रदान करने के वास्ते आपके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

### तुर्किए ने अंकारा में आत्मघाती हमले के बाद उत्तरी इराक में संदिग्ध कुर्द उग्रवादियों को निशाना बनाया

**अंकारा।** तुर्किए के युद्धक विमानों ने देश की राजधानी अंकारा में एक सरकारी इमारत पर आत्मघाती हमला होने के बाद रविवार को उत्तरी इराक मे संदिग्ध कुर्द विद्रोहियो के ठिकानो पर हमला किया। तुर्किए के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के एक बयान मे कहा गया है कि हवाई हमलो मे कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के लगभग 20 ठिकानो को नष्ट कर दिया गया, जिनमे गुफाएं, आश्रय स्थल और डिपो शामिल थे। तुर्किए के गृह मंत्री ने बताया कि इससे पहले, तीन महीने का ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद तुर्किए की संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होने से कुछ घंटे पहले अंकारा मे रविवार को एक आत्मघाती हमलावर ने एक विस्फोट किया, जिसमे दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। वही, दूसरा हमलावर पुलिस मुठभेड़ मे मारा गया। पीकेके से जुड़ी एक समाचार एजेंसी ने बताया कि समूह ने आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के संबोधन के साथ संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होने थी, जिससे पहले यह हमला हुआ। गृह मंत्री अली एरलिकाया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट मे बताया कि गृह मामलो के मंत्रालय के प्रवेश द्वार के पास हुए इस हमले मे दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हुए हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने दूसरे मलेरिया रोधी टीके को मंजूरी दी

**लंदन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमवार को मलेरिया के दूसरे टीके को अधिकृत कर दिया। यह फैसला देशों को मलेरिया के पहले टीके से अधिक सस्ता और प्रभावी विकल्प उपलब्ध करा सकता है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रस अधानम घेब्रेएसस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी दो विशेषज्ञ समूहो की सलाह पर नए मलेरिया टीके को मंजूरी दे रही है। विशेषज्ञ समूहों ने मलेरिया के जोखिम वाले बच्चों में इसके इस्तेमाल की सिफारिश की है। टेड्रस ने कहा, मलेरिया के अनुसंधानकर्ता के रूप मे मै उस दिन का सपना देखता था जब हमारे पास मलेरिया के खिलाफ सुरक्षित और प्रभावी टीका हो। अब हमारे पास दो टीके है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया की मदद से तीन खुराक वाला नया टीका विकसित किया है। अनुसंधान से पता चला है कि यह 75 प्रतिशत से अधिक प्रभावी है और बूस्टर खुराक के साथ सुरक्षा कम से कम एक और वर्ष तक बनी रहती है। टेड्रस ने कहा कि इसकी एक खुराक की कीमत लगभग 2 डॉलर से 4 डॉलर होगी और यह अगले साल कुछ देशों मे उपलब्ध हो सकता है। इस साल की शुरुआत मे घाना और बुर्किना फासो के नियामक अधिकारियो ने टीके को मंजूरी दी थी।

### ब्रिटेन में नर्सों ने सिख रोगी की दाड़ी प्लास्टिक के दस्तानों से बांधी :खबर

**लंदन।** ब्रिटेन मे संस्थागत नस्लवाद की एक चौंकाने वाली घटना मे, नर्सों ने कथित तौर पर एक सिख मरीज की दाढ़ी को प्लास्टिक के दस्ताने से बांध दिया, उसे उसके मूत्र मे रहने को मजबूर किया और उसे वह भोजन दिया, जो वह धार्मिक कारणो से नही खा सकता था। एक खबर मे यह दावा किया गया है। द इंडिपेंडेंट अखबार ने ब्रिटेन की नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल (एनएमसी) से लीक हुए एक दस्तावेज के हवाले से पिछले सप्ताह खबर प्रकाशित की थी कि व्यक्ति ने अस्पताल मे मृत्यु शय्या पर लिखे एक नोट मे भेदभाव के बारे मे शिकायत की थी, इसके बावजूद नर्सों को काम करने दिया गया। एनएमसी एक नियामक है, जो नर्सिंग स्टाफ और मरीजो के खिलाफ कथित नस्लवाद के कई मामलो का ब्योरा रखता है। परिषद ने अखबार के खुलासों के बारे में जांच शुरू कर दी है। खबर मे कहा गया है कि एनएमसी के एक वरिष्ठ व्हिसलब्लोअर (खुलासा करने वाला) का दावा है कि नियामक 15 वर्षों से अपने सदस्यो मे "संस्थागत नस्लवाद" का समाधान करने मे विफल रहा है। एक सिख मरीज की दाढ़ी को प्लास्टिक के दस्तानों से बांध दिया गया, उसे अपने ही मूत्र मे रहने को छोड़ दिया गया और उसे वह खाना खाने को दिया गया, जो वह धार्मिक कारणों से नही खा सकता था। ऐसा करने वाली आरोपी नर्सों को काम करने की इजाजत दी गई, जबकि उस व्यक्ति ने अपनी मृत्यु शय्या पर एक नोट मे भेदभाव की शिकायत की थी।

### इमरान की जमानत अर्जी पर खुली सुनवाई से दूसरे देशों के साथ रिश्ते बिगड़ने का खतरा: एफआईए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी ने सोमवार को यहां एक अदालत को सूचित किया कि राज्य की गोपनीय जानकारी कथित रूप से उजागर करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत अर्जी पर खुली सुनवाई से अन्य देशों के साथ रिश्ते बिगड़ने का खतरा हो सकता है। फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने सरकारी गोपनीयता कानून के तहत स्थापित विशेष अदालत मे शनिवार को एक आरोप पत्र दायर किया जिसमे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान और उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को मामले मे प्रमुख आरोपी बनाया गया है। खान और कुरैशी दोनो इस समय न्यायिक हिरासत में है। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक एफआईए ने सोमवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय को सूचित किया कि खान की जमानत अर्जी पर खुली सुनवाई से अन्य देशो के साथ रिश्ते बिगड़ने का खतरा हो सकता है। खान और कुरैशी की गिरफ्तारी के बाद जमानत अर्जियो को विशेष अदालत ने पहले खारिज कर दिया था जिसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया।

### चीन का अगला चंद्र अभियान पाकिस्तान का भी एक पेलोड ले जाएगा

**बीजिंग।** चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि देश का अगले साल प्रस्तावित चंद्र अभियान पाकिस्तान का भी एक पेलोड लेकर जाएगा। इसे दोनो मित्र देशों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र मे सहयोग बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के हवाले से शुक्रवार को बताया कि चांग ई-6 चंद्र अभियान वर्तमान मे योजना के अनुसार अनुसंधान एवं विकास कार्य से गुजर रहा है। द ग्लोबल टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चांग ई-6 मिशन का प्रक्षेपण 2024 मे प्रस्तावित है और इस अभियान का मकसद चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने लाना है। इसके अनुसार, चंद्रमा से नमूने एकत्र करने के लिए अब तक मनुष्यो द्वारा किए गए सभी 10 अभियान चंद्रमा के नजदीकी हिस्से पर केंद्रित रहे है। सीएनएसए के हवाले से रिपोर्ट मे कहा गया है कि सुदूर हिस्से मे ऐटकेन बेसिन शामिल है, जो तीन प्रमुख चंद्र भू-आकृतियो मे से एक है और वैज्ञानिक नजरिए से यह काफी महत्वपूर्ण है। सीएनएसए ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के मद्देनजर चांग ई-6 मिशन विभिन्न देशो से पेलोड और उपग्रह परियोजनाओं को ले जाएगा, जिसमे फ्रांस का डोर्न रेडॉन डिटेक्शन उपकरण, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का नेगेटिव आयन डिटेक्टर, इटली का लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर और पाकिस्तान का छोटा उपग्रह क्यूबसैट शामिल है।

### दंत चिकित्सा योजना संबंधी विज्ञापन से मेरा कोई लेना-देना नहीं, एआई संस्करण का इस्तेमाल किया गया: टॉम हैंक्स

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स ने अपने प्रशंसकों को सूचित किया है कि दंत चिकित्सा योजना के एक विज्ञापन संबंधी वीडियो मे उनके एआई-संस्करण का इस्तेमाल किया गया है और इस वीडियो से उनका कोई लेना-देना नही है। हैंक्स ने इंस्टाग्राम के जरिए अपने फोलोवर को सूचित किया कि उनका इस विज्ञापन से कोई संबंध नही है। अभिनेता (67) ने इस वीडियो की कम्प्यूटर जनित अपनी एक तस्वीर का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा, सावधान, एक वीडियो मे मेरा एआई संस्करण किसी दंत चिकित्सा योजना का प्रचार कर रहा है। मेरा इससे कोई लेना-देना नही है।

### न्यूजीलैंड में आम चुनाव और आस्ट्रेलिया में मूल जातीय लोगों की आवाज के लिए मतदान शुरू

*वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)*। न्यूजीलैंड मे 14 अक्टूबर को होने वाले आम चुनाव को लेकर सोमवार को प्रारंभिक मतदान शुरू हो गया। कंजरवेटिव उम्मीदवार क्रिस्टोफर लक्सन ने मतपेटी में अपना वोट डाला। एक जनमत संग्रह को लेकर ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों मे भी प्रारंभिक मतदान शुरू हो गया। इस जनमत संग्रह के जरिए जातीय लोगो के जीवन को प्रभावित करने वाली नीतियों पर संसद को परामर्श देने के वास्ते ऑस्ट्रेलिया के संविधान में एक तंत्र स्थापित किया जाएगा। न्यूजीलैंड में प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस को रविवार को तब झटका लगा जब वे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। उन्होने कहा कि वह पांच दिन तक या जांच मे संक्रमण से मुक्त होने की पुष्टि होने तक पृथक-वास मे रहेंगे। लेकिन ऑनलाइन मंच जूम के लिए वह कुछ कार्यक्रमों मे हिस्सा लेते रहेंगे। हिपकिंस और उनकी लिबरल लेबर पार्टी, विपक्षी क्रिस्टोफर लक्सन के नेतृत्व वाली नेशनल पार्टी से चुनाव पूर्व सर्वेक्षणो मे पीछे है। लक्सन ने रविवार को 100 दिवसीय कार्य योजना जारी की और कहा कि वह कर राहत, अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और कानून व्यवस्था को बहाल करने की दिशा मे काम करेंगे। ऑस्ट्रेलिया मे मतदान अनिवार्य है और करीब 98 प्रतिशत पात्र ऑस्ट्रेलिया वासियों ने संसद के लिए जातीय लोगो की आवाज पर जनमत संग्रह मे मतदान किया।

# झारखंड में भारी बारिश, आठ लोगों की मौत

भाषा। रांची



**झारखंड में** भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के कारण पिछले 24 घंटे में रांची निवासी एक व्यक्ति सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। झारखंड के कई हिस्सों में शनिवार शाम से लगातार बारिश हो रही है, जिससे कई पुलिया क्षतिग्रस्त हो गईं और कई लोगों की जान भी चली गई। रांची के लालपुर इलाके में रविवार को एक 28 वर्षीय युवक उफनते नाले में गिर गया और उसका शव सोमवार की सुबह घटनास्थल से लगभग 2.5 किमी दूर बरामद किया गया। मृतक की पहचान देव प्रसाद उर्फ छोटू के रूप में हुई गोंडा पुलिस थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने पीटीआई-भाषा को बताया, व्यक्ति का शव आज सुबह बरामद किया गया। वह रविवार को भारी बारिश के कारण उफनते नाले में गिर गया था। पुलिस ने बताया कि झारखंड के जामताड़ा जिले में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला और तीन बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की उम्र डेढ़ से सात साल बताई जा रही है। नारायण पुलिस थाने के प्रभारी दिलीप कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह घटना चंदाडीह लखनपुर की है। पुलिस ने बताया कि बोकारो जिले में एक मिट्टी के घर की दीवार गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि पलामू जिले के मायापुर गांव में नौ और 12 साल की दो बच्चियां एक तालाब में डूब गईं।भारी बारिश में कई पुलिया भी बह गई हैं। लगातार बारिश के कारण रविवार रात रांची के तुतु इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर रांची-डाल्टनगंज मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। राज्य की कई नदियां का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। राज्य की राजधानी रांची में भले ही बारिश की तीव्रता कम हो गई है, लेकिन मौसम विभाग ने सोमवार को लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा के कुछ हिस्सों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव के प्रभाव से झारखंड में बारिश जारी है।

## केरल में भारी बारिश जारी, आईएमडी का तीन जिलों के लिए एलो अलर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के विभिन्न इलाकों में सोमवार को भी भारी बारिश जारी रही जिससे लोगों को सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तीन जिलों पत्तनमथिट्टा, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम में एलो अलर्ट जारी किया है।आईएमडी छह से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश के पूर्वानुमान पर एलो अलर्ट जारी करता है। वहीं, विभागने पांच अक्टूबर तक बारिश होने का अनुमान जताया है। राज्य में बीते तीन चार दिन से भारी बारिश जारी है जिससे कई स्थानों पर पेड़ों केउखड़ने, जलभराव और दीवारों केगिरने की घटनाएं सामने आई है। हालांकि, इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने बताया कि बीते 24 घंटों में सबसे अधिकप्रभावित जिले पत्तनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और कोझिकोड रहे। प्राधिकरण ने रविवार को बताया कि अलाप्पुझा और कोट्टायम में एकएक शिविर स्थापित किया गया है। बीते 24 घंटों में बारिश से संबंधित हादसों में 26 लोग प्रभावित हुए। भारी बारिश से पूर्व में अलाप्पुझा जिले के कुट्टनाड क्षेत्र के एक छोटे से गांव एडथुआ में सैकड़ों एकड़ में फैले धान के खेत जलमग्न हो गए थे।आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लगातार बारिश के चलते पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने का आग्रह किया है।

## ओडिशा के छह जिलों के लिए भारी बारिश का पूर्वानुमान

**भुवनेश्वर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को ओडिशा के छह जिलों के लिए भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया। आईएमडी के क्षेत्रीय केंद्र ने अपने बुलेटिन में कहा, निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम झारखंड और इससे सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ पर सक्रिय है। आईएमडी ने मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कहा कि झारसुगुड़ा, बरगढ़, संबलपुर, सोनपुर, देवगढ़ और अंगुल जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश (7 से 20 सेमी) की संभावना है।इसके अलावा बलांगीर, बौध, कटक, ढेंकनाल, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर, मयूरभंज, क्योंझर और सुंदरगढ़ जिलों के लिए भारी बारिश (7 से 11 सेमी) का एलो अलर्ट (अलर्ट) जारी किया गया है।इसके अलावा मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे से बुधवार की सुबह साढ़े आठ बजे तक के पूर्वानुमान में आईएमडी ने बरगढ़, सोनपुर, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, संबलपुर, अंगुल, देवगढ़, मयूरभंज, क्योंझर, ढेंकनाल और जाजपुर जिलों के लिए भारी वर्षा (7 से 20 सेमी) का एलो अलर्ट जारी किया है।

## पश्चिम बंगाल में पांच अक्टूबर तक भारी बारिश की संभावना

**कोलकाता।** झारखंड और छत्तीसगढ़ के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण पश्चिम बंगाल के कई जिलों में पांच अक्टूबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक, राज्य के अधिकतर स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसने एक बयान में कहा कि चार अक्टूबर तक पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, झारग्राम, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिलों के अलावा दक्षिण 24 परगना तथा पूर्वी मेदिनीपुर के तटीय जिलों में भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पांच अक्टूबर को पश्चिम बर्धमान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिलों में भी भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग कार्यालय ने कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे उत्तरी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश जबकि अन्य उप-हिमालई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। पिछले 24 घंटों में, कोलकाता में राज्य में सबसे अधिक 40.6 मिमी बारिश हुई।

## केंद्र को ओपीएस लागू करनी ही होगीः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार को सामाजिक सुरक्षा व कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करनी ही होगी। गहलोत ने ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर रविवार को नई दिल्ली में हुए प्रदर्शन का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राजस्थान में मानवीय दृष्टिकोण से सर्वप्रथम ओपीएस लागू किया गया। कैग, मानवाधिकार आयोग और अन्य न्यायिक संस्थाएं एनपीएस (नई पेंशन योजना) पर प्रश्नचिन्ह लगा चुकी हैं। गहलोत ने यह भी कहा कि विडंबना है कि सेना, नौसेना, वायुसेना में तो ओपीएस है जबकि बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ समेत तमाम अर्द्धसैनिक बलों में एनपीएस है। उन्होंने सवाल किया कि देश की सुरक्षा में संलग्न इकाइयों में ए भेदभाव क्यों? उन्होंने लिखा, सामाजिक सुरक्षा व कर्मचारी हित में केंद्र को ओपीएस लागू करना ही होगा।

## क्विक न्यूज

### ई-सिगरेट रखना कानून का उल्लंघन : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण में कहा है कि ई-सिगरेट और इसी तरह के उपकरणों को किसी भी रूप या मात्रा में रखना इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 का उल्लंघन है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्टीकरण पिछले महीने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा जा चुका है, जिससे प्रतिबंध के कार्यान्वयन को मजबूती मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि, पीईसीए में ई-सिगरेट के व्यक्तिगत उपयोग पर प्रतिबंध का कोई स्पष्ट उल्लेख नही है, लेकिन ई-सिगरेट के उत्पादन, निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर रोक लगाने के लिए कानून बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के उप सचिव डॉ पुलकेश कुमार ने कहा, इसलिए, पीईसीए, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन किए बिना देश के भीतर किसी भी मात्रा में ई-सिगरेट रखना संभव नही है। प्रतिबंध में ई-हुक्का और इसी तरह के उपकरणों पर रोक शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि यह कानून सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित मे और लोगों को नुकसान से बचाने के लिए बनाया गया है। भारी जुर्माने और कारावास के प्रावधान बावजूद ई-सिगरेट तंबाकू विक्रेताओं, जनरल स्टोर और ऑनलाइन मंचों सहित विभिन्न स्रोतों में व्यापक रूप से उपलब्ध होने की सूचना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पीईसीए के तहत उल्लंघनों के बारे में सूचित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है।

### त्रिपुरा में टिपरा मोथा के कांग्रेस में विलय का अनुरोध

**अगरतला।** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सुदीप रॉय बर्मन ने सोमवार को टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा से मूल निवासियों की भलाई के लिए उनकी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का अनुरोध किया।इस साल की शुरुआत मे विधानसभा चुनाव से पहले टिपरा मोथा में जाने वाले पूर्व मंत्री मणिंद्र रियांग और टिपरा मोथा व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के 7,000 से अधिक कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने के मौके पर रॉय बर्मन ने यह अनुरोध किया। उन्होंने पार्टी के एक कार्यक्रम मे कहा, कांग्रेस ने ही शाही महल को उचित मान्यता दी थी। महाराजा (किरीट बिक्रम माणिक्य) और महारानी (बिबू कुमारी देवी) को कांग्रेस ने सांसद बनाया था। टिपरा मोथा के प्रमुख को एआईसीसी का सचिव और त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस का प्रमुख बनाया था। रॉय बर्मन ने कहा कि वह टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर का सम्मान करते है। उन्होने कहा कि वह अब भी प्रद्योत किशोर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी)का सदस्य मानते है। रॉय बर्मन ने कहा, मै टिपरा मोथा के प्रमुख से उनकी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने और प्रदेश कांग्रेस में अहम भूमिका लेने का अनुरोध करता हूं। हम हर संभव मदद करेंगे। प्रद्योत किशोर ने सितंबर 2019 मे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था और 2021 मे अपनी खुद की पार्टी टिपरा मोथा बनाई थी। उनकी पार्टी ने उसी साल हुए त्रिपुरा आदिवासी क्षेत्र स्वशासी जिला परिषद (टीटीएडीसी) का चुनाव जीता।

### ओडिशा में विपक्षी भाजपा, कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रहीं: नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य में विपक्षी पार्टी भाजपा और कांग्रेस झूठी सूचना के जरिए लोगों को गुमराह कर रही है। पटनायक ने कहा कि इन दलो को पहले भी खारिज किया गया है और ऐसा फिर से होगा। बीजू जनता दल (बीजद) की जनसंपर्क पदयात्रा की शुरुआत करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पटनायक ने आरोप लगाया कि राज्य में विपक्षी दल पुरी के जगन्नाथ मंदिर और भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर के आसपास विकास परियोजनाओ मे रोड़े अटकाने की साजिश रच रहे है। उन्होने कहा, वे झूठी सूचना के जरिए लोगो को गुमराह कर रहे है। जब कभी चुनाव नजदीक आता है वे इस तरह की चीजे करते है, लेकिन हमेशा ही लोगो द्वारा खारिज कर दिए जाते है। उन्होने दावा किया कि लोग विपक्ष के जन-विरोधी और विकास-विरोधी नीतियो से अवगत है। उन्होने कहा, लोग उन्हे (विपक्षी दलो को) कभी माफ नही करेंगे। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावो को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई पदयात्रा के हिस्से के रूप में, बीजद राज्य के सभी 314 ब्लॉक में लोगो से संपर्क करेगा। कार्यक्रम 11 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पटनायक ने अपनी सरकार की उपलब्धियो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीजद महिलाओ, गरीबो, युवाओ, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सशक्तीकरण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन, विपक्षी दल राज्य मे किए गए विकास कार्यों से खुश नही है। उन्होने कहा, ओडिशा ने खाद्य सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, खेल और आईटी मे अन्य राज्यो के लिए एक मानक स्थापित किया है। राज्य ने निवेश आकर्षित करने मे देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री के दावे को खारिज करते हुए भाजपा ने सरकार से औद्योगिकीकरण, रोजगार सृजन, किसानो की आय और सिंचाई सुविधाओ पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अनिल बिस्वाल ने आरोप लगाया, विकास के नाम पर बीजद दुष्प्रचार कर रहा है।

### एनआईए ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 62 स्थानों पर छापे मारे, माओवादी नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) षडयंत्र मामले में सोमवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना मे 62 स्थानों पर छापे मारकर एक शीर्ष माओवादी नेता को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि आंध्र प्रदेश मे दिन भर चली छापेमारी के दौरान हथियार, नकदी और अपराध मे इस्तेमाल होने वाले दस्तावेज बरामद हुए। प्रवक्ता ने कहा कि प्रगतिशील कर्मिका समाक्या (पीकेएस) की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य चंद्र नरसिम्हुलु को आंध्र प्रदेश के सत्य साई जिले से गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने कहा कि इस दौरान 14 कारतूस और एक पिस्तौल जब्त की गई। एजेंसी ने कहा कि कडप्पा जिले के एक परिसर से 13 लाख की राशि जब्त की गई, अन्य स्थानों से माओवादी साहित्य और दस्तावेज जब्त किए गए। आंध्र प्रदेश के गुंटूर, पलानाडु, विजयवाड़ा, राजमुंदरी, प्रकाशम, बापटला, एलुरु, पूर्वी गोदावरी, डीआर अंबेडकर कोनासीमा, विशाखापत्तनम, विजयनगरम, नेल्लोर, तिरुपति, कडप्पा, सत्य साई, अनंतपुर और कुरनूल जिलों में 53 स्थानों पर छापे मारे गए।

### भारतीय संगीत की यादों को संजोएंगा मनमानी

**मुंबई।** भारत की संगीत सनसनी और युवा आइकन अकासा अपने अपकमिंग एल्बम के लेटेस्ट रिलीज टाइटल ट्रैक मनमानी के साथ अपनी म्यूजिकल जर्नी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए तैयार है। यह भावपूर्ण ट्रैक अकासा के सिग्नेचर डांस बैंगर्स से हटके है, जो एक कोमल, सुंदर धुन पेश करता है जो दिल को छू जाती है। अकासा द्वारा स्वयं लिखित संगीत और गाया गया, मनमानी एक दिल को छूने वाला गीत है जो किसी के दिल में सजी यादों को संजोते हुए आगे बढ़ने और जीवन में एक नई शुरुआत करने की एक मार्मिक कहानी बताता है। यह गाना अपने खट्टे-मीठे भावनात्मक और प्रासंगिक बोलों से गूंजता है। यह ट्रैक हमें याद दिलाता है कि कभी-कभी जीवन में सबसे अच्छी चीजें क्षणभंगुर होती हैंए और हमें जाने देने की कला सीखनी चाहिए। म्यूजिक वीडियो में अकासा के साथ प्रतिभाशाली अभिनेता रोहन खुराना हैं। यह एक कपल को अपने रिश्ते की जटिलताओं से निपटने के तरीके को नाजुक ढंग से चित्रण करता है। जो चीज इस वीडियो को अलग करती हैए वह एक सम्मोहक कहानी बताने के लिए इसमें इमर्सिव श्लुमा एआईश् का उपयोग है। मोशन में वीडियो कैप्चर करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुएए श्लुमा एआई एक शानदार 3डी इफेक्ट प्रदान करता है, जिससे श्मनमानीश् इस अभूतपूर्व टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करने वाला भारत का दूसरा म्यूजिक वीडियो बन गया है।

# कई दक्षिणपंथी नीतियां लागू करने पर यूडीएफ, भाजपा का रुख एक जैसा : केरल के मुख्यमंत्री

भाषा। कन्नूर (केरल)



**केरल में** सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र और राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर आरोप लगाया कि देश में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में विनिवेश जैसी कई चरम दक्षिणपंथी नीतियों के कार्यान्वयन के संबंध में दोनों का रुख एक जैसा है।केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने तर्क दिया कि चूंकि राज्य में वामपंथी सरकार ऐसी नीतियों के कार्यान्वयन का विरोध कर रही है, इसलिए इसे एक दुश्मन के तौर पर देखा जा रहा है और केंद्र सरकार बदले की राजनीति के तहत वित्तीय प्रतिबंध लगा रही है और दबाव बनाया जा रहा है। माकपा के दिग्गज नेता कोडिएरी बालाकृष्णन की पहली पुण्यतिथि पर रविवार को यहां आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में विजयन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और भाजपा दोनों ने वामपंथी शासन से बदला लेने के लिए हमेशा केरल की प्रगति और विकास के खिलाफ रुख अपनाया है।उन्होंने कहा कि इस समय भाजपा शासित केंद्र देश में दक्षिणपंथी नीतियों को लागू करने की कोशिश कर रहा है और देश की एकमात्र कम्युनिस्ट सरकार (वाम मोर्चा सरकार) उन्हें लागू करने के पक्ष में नहीं है। विजयन ने कहा कि ऐसी ही एक नीति पीएसयू में विनिवेश की है। इसे शुरुआत में केंद्र में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लागू किया था और उस समय विपक्ष में रही भाजपा भी इससे सहमत थी। उन्होंने दावा किया कि न केवल अब, बल्कि पिछली भाजपा सरकारें भी इस नीति से सहमत थीं।मुख्यमंत्री तर्क दिया, सत्ता में अपने वर्तमान दो कार्यकालों के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार विनिवेश नीति को बड़े पैमाने पर लागू करने की कोशिश कर रही है। यह एक श्रमिक विरोधी कदम है। वे पीएसयू को पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं, जबकि हम उनकी रक्षा करना चाहते हैं। विजयन ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता, संसदीय लोकतंत्र के साथ-साथ वित्तीय नीतियों सहित कई अन्य मामलों में वाम मोर्चा का रुख भाजपा से अलग रहा है, इसलिए केंद्र ने राज्य और यहां के लोगों के खिलाफ प्रतिशोधपूर्ण रुख अपनाया है।उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित केंद्र को यह भी मनोरंजक लग रहा है कि राज्य गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए काफी समय और पैसा खर्च कर रहा है। उन्होंने दावा किया, उन्हें (केंद्र सरकार को) यह मनोरंजक लगता है। वे इसे एक मजाक के तौर पर देखते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे वामपंथी सरकार की तरह ऐसे कल्याणकारी उपायों के बारे में सोचने में असमर्थ हैं।

# सरकार खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए चीन सीमा के पास चौकियां स्थापित करेगी

भाषा। मागो (अरुणाचल प्रदेश)

**लद्दाख से** अरुणाचल प्रदेश तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की चौकियों पर निगरानी और सूचना एकत्र करने के लिए खुफिया अधिकारियों की एक अतिरिक्त टीम तैनात की जाएगी। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार ने उन चौकियों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे बॉर्डर इंटेलिजेंस पोस्ट (बीआईपी) के नाम से जाना जाएगा। सीमा पर बढ़ती चीनी गतिविधियों और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सीमा उल्लंघन को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय सेना और पीएलए के बीच जून 2020 से लद्दाख में गतिरोध जारी है। एक सूत्र ने बताया कि प्रत्एक बीआईपी पर खुफिया ब्यूरो के चार-पांच अधिकारी तैनात रहेंगे और आईटीबीपी के जवान उनकी सुरक्षा करेंगे। सूत्र ने बताया कि जिन कर्मियों को बीआईपी पर तैनात किया जाएगा, वे सीमा पार की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उच्च अधिकारियों एवं सरकार के साथ अद्यतन सूचनाएं साझा करेंगे। सूत्र ने योजना की संवेदनशील प्रकृति का हवाला देते हुए केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए स्वीकृत राशि का खुलासा करने से इनकार कर दिया। भारत-चीन की संपूर्ण सीमा पर आईटीबीपी की लगभग 180 सीमा चौकियां हैं तथा 45 और बनाने के लिए हाल ही में मंजूरी दी गई है। जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में पीएलए के साथ झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे।

# यह सही इतिहास लिखने का समय : होसबाले



भाषा। नागपुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** (आरएसएस) के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को कहा कि एक समय था कि देश के बारे में बोलना नफरत की नजर से देखा जाता था, लेकिन यह औपनिवेशिक सोच अब समाप्त हो गई है और भारत बौद्धिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा है। वह यहां अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, जब अंधेरा छंटता है तो विरोधी शक्तियां शोर मचाती हैं क्योंकि वे सूर्य नहीं देखना चाहतीं। हम प्रकाश के पक्षधर हैं और रोशनी लाने में भरोसा करते हैं। समाज को विरोधी ताकतों से न तो डरना चाहिए, ना ही उनके आगे झुकना चाहिए। होसबाले ने कहा, भारत के स्व को जागृत करने का पवित्र समय आ गया है। इसलिए भारत का सही इतिहास सामने रखना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जब छात्रों को राष्ट्र और राष्ट्र संस्कृति से जुड़े विषयों पर पीएचडी करने से रोका गया, वहीं कुछ को भारत के सही इतिहास पर पीएचडी नहीं करने दी गई। संघ पदाधिकारी ने कहा, मैं ऐसी अनेक घटनाएं जानता हूं। एक समय था जब देश में, देश के बारे में बोलने को नफरत भरी नजर से देखा जाता था। देश में राष्ट्र के बारे में बोलना सही नहीं माना जाता था। दशकों तक बनी रही यह औपनिवेशिक सोच अब समाप्त हो गई है।

# भारत वैश्विक सड़क सुरक्षा लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्धः गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत स्टॉकहोम घोषणा में निर्धारित वैश्विक सड़क सुरक्षा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक गडकरी ने चेक गणराज्य के प्राग में 27वीं विश्व सड़क कांग्रेस में मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न संबद्ध पक्षों द्वारा व्यापक नजरिया अपनाने पर जोर दिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने नियमों को पूरी तरह लागू करने के लिए जागरूकता फैलाने पर पर भी जोर दिया। स्टॉकहोम घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़कों पर होने वाली मौतों और गंभीर चोटों की संख्या को घटाकर आधा करना है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर सभी दलों की राय ली जाएगीः आजाद

भाषा। श्रीनगर

**एक साथ चु**नाव की व्यवहार्यता की पड़ताल करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव पर निर्णय से पहले सभी राजनीतिक दलों से परामर्श किया जाएगा। आजाद ने यहां पत्रकारों से कहा, केवल एक प्रारंभिक बैठक हुई है। यह एक परिचयात्मक बैठक थी। मुझे नहीं लगता कि इसे लागू करने में कोई जल्दबाजी है, जैसा कि कुछ लोग कह रहे हैं। राष्ट्रीय दलों, क्षेत्रीय दलों, मान्यता प्राप्त दलों से विचार-विमर्श किया जाना है...। (परामर्श के लिए) कई लोगों को बुलाया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति के सदस्य आजाद ने कहा, यह सोचना भी गलत है कि समिति अपने आप निर्णय लेगी। सभी की राय ली जाएगी। महिला आरक्षण विधेयक पर, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष ने कहा कि विधेयक 30 साल देरी से आया, लेकिन संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित करने के वास्ते हठधर्मिता छोड़ने के लिए राजनीतिक दलों की सराहना की।उन्होंने कहा, देर हो गई है. इसे 15 से 20 साल पहले आना चाहिए था... इसे 30 साल पहले भी आना चाहिए था। पहले की कोशिशों जैसे संप्रग के दौरान भी कुछ घटक दल इसके खिलाफ थे।उन्होंने कहा, "कोई सर्वसम्मति नहीं थी। अब, कम से कम सर्वसम्मति है, और इसे लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पारित किया गया। सरकार और सभी दल, जो अपने रुख पर अड़े नहीं रहे और इस बार विधेयक का समर्थन किया, वे इसके लिए बधाई के हकदार हैं" जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने में देरी पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सार हैं और चुनाव होने चाहिए, भले ही इनमें देरी हुई हो।

## उत्तराखंड के पीर कलियर सूफी दरगाह ने पाकिस्तान के श्रद्धालुओं को भेंट की भगवद गीता, गंगाजल

भाषा। देहरादून

**सूफी** संत साबिर पाक के उर्स में पीर कलियर की जियारत के लिए पाकिस्तान से आए जायरीनों को भगवद गीता की प्रतियां और गंगाजल भेंट किया गया।
3वीं सदी के सूफी संत अलाउद्दीन अली अहमद साबिर कलियरी की दरगाह को सरकार साबिर पाक के नाम से भी जाना जाता है। यहां मुस्लिम और हिंदू दोनों ही समुदाय के लोग माथा टेकने आते हैं। यह दरगाह गंगा के तट पर रुड़की के पास कलियर गांव में स्थित है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने रविवार को कहा कि यह पीर कलियर के इतिहास में पहली बार है कि पाकिस्तान के जायरीनों को भगवद गीता की प्रतियां और गंगाजल भेंट किया गया। वार्षिक उर्स शनिवार को संपन्न हो गया।

# विजयवर्गीय बोले, मैं लोगों को लखपति-करोड़पति बनाने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने तेज रफ्तार विकास के वादे के साथ अपने लिए वोट मांगते हुए सोमवार को कहा कि वह लोगों को लखपति और करोड़पति बनाने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। विजयवर्गीय 10 साल के लम्बे अंतराल के बाद विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस के कब्जे वाली इंदौर-1 सीट से उम्मीदवार बनाया है। विजयवर्गीय ने भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहा कि उनके चुनाव जीतने पर इस क्षेत्र का इतना विकास होगा कि पांच साल बाद लोगों के मकान की कीमत तीन गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा, मैं आपको लखपति और करोड़पति बनाने आया हूं। उन्होंने कहा कि वह इंदौर-2 विधानसभा क्षेत्र के नंदा नगर के जिस घर में रहते हैं, उसकी कीमत कभी 10 लाख रुपए थी जो आज बढ़कर डेढ़ करोड़ रुपए हो गई है क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा सुदृढ़ बुनियादी सुविधाएं प्रदान किए जाने के बाद इस इलाके का काफी विकास हुआ है। विजयवर्गीय ने इंदौर-1 के मौजूदा कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला द्वारा पिछले पांच बरसों में कई धार्मिक कार्यक्रमों व भंडारों के आयोजन और महिलाओं को कथित रूप से साड़ियां बांटने पर निशाना साधा। उन्होंने बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, आपके मोहल्ले में जो लोग अब तक कांग्रेस को वोट देते आए हैं, आप उन्हें समझाइए कि वे भले ही (कांग्रेस विधायक के आयोजित कार्यक्रमों में) भोजन करें, धार्मिक कथा सुनें और साड़ी भी रख लें, पर (आगामी विधानसभा चुनावों में) वोट भाजपा को ही दें।

## भाजपा ने अजय आलोक, प्रत्युष कंठ को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसी साल अप्रैल महीने मे जनता दल (यूनाइटेड) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वाले अजय आलोक को सोमवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया।इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली के नेता प्रत्युष कंठ को भी राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। कंठ पहले कांग्रेस मे थे। उन्होने साल 2017 मे कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति मे कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बिहार के अजय आलोक और दिल्ली के प्रत्युष कंठ को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। जद(यू) से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले अजय आलोक को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष आर सी पी सिंह के साथ कथित निकटता के कारण निष्कासित कर दिया गया था।




गांधी जंयती पर भोपाल में सामाजिक समरसता एवं गौ रक्षा संकल्प कार्यक्रम में भाग लेती उमा भारती

## पंजाब ने मान सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रत्एक क्षेत्र में क्रांति देखी: केजरीवाल

पटियाला। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया कि पंजाब ने भगवंत मान सरकार के शासनकाल में प्रत्एक क्षेत्र में क्रांति देखी है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर भ्रष्टाचार और लूट का आरोप लगाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल राज्य के सरकारी अस्पतालों के पुनरुद्धार अभियान सेहतमंद पंजाब की शुरुआत के लिए पटियाला में थे। केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यहां माता कौशल्या अस्पताल में एक सघन देखभाल इकाई और अन्य सुविधाओं की शुरुआत की। केजरीवाल ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि जिला अस्पतालों में गहन देखभाल इकाइयां नहीं हैं। गांधी जयंती के अवसर पर राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति आ रही है और आपको अगले दो से तीन वर्षों में इसका प्रभाव दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि आप ने स्वास्थ्य क्षेत्र सहित कई गारंटी का वादा किया था। अब पंजाब के 40 सरकारी अस्पतालों

# पारुल और प्रीति ने दौड़ कर कांसे व चांदी को लपका






**भाषा।** हांगझोउ

## ● 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत और कांस्य
## ● ऐंसी ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता

**भारत की** पारुल चौधरी और प्रीति ने सोमवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते जबकि युवा ऐंसी सोजन ने महिला लंबी कूद में रजत पदक अपने नाम किया। भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का कांस्य पदक भी रजत पदक में बदल गया जब श्रीलंका की टीम को लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई कर दिया गया। श्रीलंका ने स्पर्धा में दूसरा जबकि भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया था। पारुल और प्रीति हालांकि बहरीन की विनफ्रेड मुतिले यावी से काफी पीछे रहीं जिन्होंने नौ मिनट 18.28 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और अपने खिताब का बचाव किया। पारुल ने नौ मिनट 27.63 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने बहरीन की धाविका से नौ सेकेंड से भी अधिक समय लिया। प्रीति ने नौ मिनट 43.32 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। प्रीति ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले खेलों का रिकॉर्ड बहरीन की ही जेबेट रुथ के नाम था जिन्होंने दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 2014 एशियाई खेलों के दौरान नौ मिनट 31.36 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। पारुल भी एशियाई खेलों के रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहीं लेकिन यह उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड के आसपास भी नहीं था। उन्होंने इस साल अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के दौरान नौ मिनट 15.31 सेकेंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया था। प्रीति भी अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बावजूद पारुल से लगभग 16 सेकेंड पीछे रही। उनके और बहरीन की मेकोनेन टिगेस्ट के बीच कांस्य पदक के लिए करीबी मुकाबला था। मेकोनेन नौ मिनट 43.71 सेकेंड के साथ चौथे स्थान पर रहीं। महिला लंबी कूद में ऐंसी ने दो बार अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 6.63 मीटर के प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की शियोंग शिकी ने 6.73 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। वियतनाम की एनगा यान युई 6.50 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। ऐंसी ने तीसरे प्रयास में 6.56 मीटर का अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें वह अपने पांचवें प्रयास में सुधार करने में सफल रहीं। स्पर्धा में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय शैली सिंह ने निराश किया और 6.48 मीटर के प्रयास के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। मोहम्मद अजमल वारियाथोडी, विथ्या रामराज, राजेश रमेश और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में तीन मिनट 14.34 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारतीय धावकों की खुशी हालांकि उस समय बढ़ गई जब तीन मिनट 14.25 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही श्रीलंका की टीम को लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई कर दिया गया। बहरीन के धावकों ने तीन मिनट 14.02 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चौथे स्थान पर रहे कजाखस्तान को अंतत: कांस्य पदक मिला जिसके खिलाड़ियों ने तीन मिनट 24.85 सेकेंड में रेस पूरी की थी। तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में कीनिया में जन्मीं 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता बहरीन की मावी ने जल्द ही बाकी खिलाड़ियों पर मजबूत बढ़त बना ली और उन्होंने पारुल को कम से कम 50 मीटर के अंतर से पछाड़ा। पुरुष 200 मीटर फाइनल में भारत के अमलान बोरगोहेन 20.98 सेकेंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।

## स्केटर्स को कांस्य, रोलर्स का उम्दा प्रदर्शन


**हांगझोउ।** भारतीय रोलर स्केटर्स ने एशियाई खेलों में सोमवार को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरूष और महिला 3000 मीटर टीम रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। संजना बथूला, कार्तिका जगदीश्वरन , हीरल साधू और आरती कस्तूरी राज की भारतीय चौकड़ी ने 4 : 34 . 861 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया। चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला। पुरूष वर्ग में आर्यनपाल सिंह घुमन, आनंद कुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले और विक्रम इंगले ने 4 : 10 . 128 सेकंड के समय के साथ कांसे का तमगा अपने नाम किया। चीनी ताइपै को स्वर्ण और दक्षिण कोरिया को रजत पदक मिला। भारतीय रोलर स्केटर्स ने ग्वांग्झू में 2010 एशियाई खेलों में पुरूषों की फ्री स्केटिंग और पेयर्स स्केटिंग में कांस्य पदक जीते थे। उस समय पहली बार एशियाई खेलो में रोलरस्केटिंग को शामिल किया गया था। भारतीय क्रिकेटर संदीप वारियर की पत्नी डॉक्टर आरती ने जीत के बाद कहा , कांस्य जीतने के बाद हमारे लिए कई मौके खुलेंगे क्योंकि भारत में यह खेल प्राथमिकता में नही है। यह दुखद है कि यह ओलंपिक खेल नही है। कांबले ने कहा , हम आज पदक की उम्मीद कर रहे थे। चीनी ताइपै और कोरिया के साथ पोडियम पर रहना बड़ी बात है। वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमे हैं और हम अभी उस स्तर पर नही है। हम दुनिया के शीर्ष 15 खिलाड़ियों में होंगे। बीस वर्ष के वेलकुमार ने कहा , यह सीनियर वर्ग मे मेरी पहली रेस थी और अच्छा अनुभव रहा। पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। भारत में लोग बहुत खुश होंगे। वही 17 वर्ष की साधू ने कहा , यह मेरे पहले एशियाई खेल है। मै सिर्फ 17 वर्ष की हूं और मुझे खुशी है कि टीम पदक जीता।




## भारतीय तीरदांज छह टीम स्पर्धाओं के क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ।** भारतीय तीरंदाजो ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सोमवार को एशियाई खेलो मे सभी छह टीम स्पर्धाओं मे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गो मे पांच टीम एलिमिनेशन दौर खेले और सिर्फ एक सेट गंवाया। वही महिला कंपाउंड टीम को क्वालीफिकेशन मे शीर्ष रहने के कारण क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था। भारत कंपाउंड में पांच स्वर्ण पदकों की दौड़ मे बना हुआ है क्योंकि उसके चार तीरंदाज ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और अदिति स्वामी अपनी व्यक्तिगत स्पर्धाओ के क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए है। रिकर्व वर्ग मे धीरज बोम्मदेवरा और अतनु दास पुरूष वर्ग मे आगे बढ़ने मे सफल रहे लेकिन महिलाओ के व्यक्तिगत वर्ग मे भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। पांचवी वरीयता प्राप्त अतनु दास और अंकिता भक्त ने मलेशिया के स्याकिरा बिटी एम और मुहम्मद जरीफ स्याहिर बिन जोकेप्ली को 39 -38, 37-36, 39-33 से हराया। मलेशिया की जोड़ी ने पहले सेट में तीन 10 स्कोर करके 2-0 की बढत बना ली थी। लेकिन भारत की अनुभवी जोड़ी ने दो 10 स्कोर करके वापसी की। मलेशियाई टीम ने दूसरा सेट एक अंक के अंतर से गंवा दिया।

## श्रीकांत, सात्विक-चिराग दूसरे दौर में



**हांगझोउ।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत एशियाई खेलो की बैडमिंटन स्पर्धा मे वियतनाम के फाट ले डुक को हराकर पुरूष एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने 29 मिनट मे 21-10, 21-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना कोरिया के ली युन जियु से होगा। राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए जिन्होने हांगकांग के चो हिन लोंग और लुइ चुन वेइ को 21-11, 21-16 से मात दी। दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी का सामना अब इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नाडो और डेनियल मार्टिन से होगा। मिश्रित युगल मे के साइ प्रतीक और तनीषा क्रास्टो ने मकाउ के लियोंग लोग चोंग और वेंग चि एंग को 21-18, 21 -14 से हराया। अब उनका सामना मलेशिया के चेन तांग जि और तो ई वेइ से होगा।

## घोषाल जीते, कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी से हारी जोशना

**हांगझोउ।** स्टार भारतीय खिलाड़ी जोशना चिनप्पा सोमवार को यहां एशियाई खेलो की स्क्वाश स्पर्धा के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल मे हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई जबकि अनुभवी सौरभ घोषाल ने पुरूष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सबसे पहले कोर्ट पर उतरी जोशना को दक्षिण कोरिया की अपने से कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी हियो मिंगयिओंग के खिलाफ1-3 से हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर मे इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को बाई मिली थी। दूसरे दौर मे उन्हे 158वे नंबर की दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट मे 4-11 12-10 9-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी।जोशना की हार को बड़ा उलटफेर माना जा रहा है क्योंकि वह पदक की दावेदार थी। चेन्नई की खिलाड़ी ने 2018 एशियाई खेलो मे एकल वर्ग का कांस्य पदक जीता था। जोशना के नाम एशियाई खेलो की टीम स्पर्धा मे दो रजत और दो कांस्य पदक भी है जिसमें पिछले हफ्ते जीता पदक भी शामिल है। जोशना पिछले कुछ समय से चोटो से परेशान रही है और विश्व रैंकिंग मे 70वे स्थान पर गिर चुकी है।

## भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे से ड्रॉ खेला



**हांगझोउ।** भारतीय महिला कबड्डी टीम की एशियाई खेलो में शुरूआत अपेक्षित नही रही जब ग्रुप ए मे चीनी ताइपे ने उसे 34-34 से बराबरी पर रोक दिया।चीनी ताइपे ने पूरे मुकाबले के दौरान भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी और अंतिम रेड पर बोनस अंक के साथ मुकाबले को ड्रॉ कराया।महिला टीम अपने अगले मैच में मंगलवार को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि पुरूष टीम ग्रुप ए मे बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी।भारतीय महिला टीम ने धीमी शुरूआत की लेकिन वापसी करते हुए पहले हाफ के बाद बढ़त बनाने मे सफल रही।डिफेंड सियु चेन फेंग ने भारतीय को परेशान किया लेकिन इसके बावजूद टीम पहले हाफ के बाद 17-15 से आगे थी। दूसरे हाफ मे भारत अपनी बढ़त को 23-17 करने मे सफल रहा लेकिन चीनी ताइपे की टीम ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

## भारत घुड़सवारी इवेंटिंग जंपिंग टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आखिरी स्थान पर

**हांगझोउ।** भारतीय घुड़सवारो ने एशियाई खेलो मे सोमवार को टीम और व्यक्तिगत जंपिंग फाइनल मे निराशाजनक प्रदर्शन किया और आखिरी स्थान पर रहे। कुल 1077 . 20 पेनल्टी अंक के साथ भारतीय टीम पांचवे और आखिरी स्थान पर रही। चीन ने 86 . 80 पेनल्टी अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। जापान (92.70) को रजत और थाईलैंड (93 . 90) को कांस्य पदक मिला। भारतीय टीम मे विकास कुमार, अपूर्व दाभाडे और आशीष लिमए थे। आशीष शनिवार को क्रॉसकंट्री में दो जंप चूकने के कारण बाहर हो गए थे। व्यक्तिगत वर्ग मे विकास मामूली अंतर से शीर्ष तीन मे जगह बनाने से चूके और चौथे स्थान पर रहे। उन पर ड्रेसेज मे 32 . 40 और क्रॉसकंट्री में 8 . 80 पेनल्टी अंक लगे। दाभाडे 12वे स्थान पर रहे।

## एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश- | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 146 | 81 | 42 | 269 |
| कोरिया | 33 | 44 | 45 | 122 |
| जापान | 31 | 39 | 63 | 133 |
| भारत | 13 | 24 | 23 | 60 |
| ताइपै | 12 | 10 | 17 | 39 |
| उज्बेकिस्तान | 11 | 14 | 18 | 43 |

## सेपकटकरॉ में महिलाएं बाहर, पुरूष टीम दौड़ में

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष टीम ने एशियाई खेलों की सेपकटकरॉ स्पर्धा में लगातार दो मैच जीतकर अपनी उम्मीदे कायम रखी है जबकि महिला वर्ग में चुनौती समाप्त हो गई। पुरूष टीम ने सिंगापुर को 21-7, 21-15 से हराया जबकि फिलीपीस को 21-16, 21-15 से मात दी। अब भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में दक्षिण कोरिया से होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। जापान इस समय तीन जीत के साथ शीर्ष पर है। महिला टीम को लगातार तीसरी पराजय का सामना करना पड़ा। उसे फिलीपीस ने 21-18, 21-15 से मात दी।

## कुराश से खाली हाथ लौटेगा भारत

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों की कुराश स्पर्धा से भारत को खाली हाथ लौटना पड़ेगा क्योंकि ज्योति टोकस और यश कुमार चौहान को अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एकतरफा पराजय झेलनी पड़ी। चौहान को 90 किलो वर्ग में ईरान के सादेग अजारंग ने 10-0 से हराया। यह मुकाबला ज्यादा देर तक नही चला क्योंकि ईरानी खिलाड़ी ने खलोल के जरिए चौहान को चित कर दिया। अगर खिलाड़ी अपने विरोधी को मजबूत तरीके से थ्रो करता है तो उसे खलोल कहा जाता है और वह उस बाउट का विजेता बन जाता है।

## केनोइंग व क्याकिंग में भारत के लिए निराशाजनक दिन

**हांगझोउ।** भारतीय खिलाड़ियों के लिए केनोइंग और क्याकिंग मे सोमवार का दिन निराशाजनक रहा और चार फाइनल में उतरने के बावजूद वे पदक नही जीत सके। नीरज वर्मा पुरूषो के एकल केनोए 1000 मीटर में 4 : 36 . 314 सेकंड का समय निकालकर सातवे स्थान पर रहे। रीबासन सिंह एन और फिलेम ज्ञानेश्वर सिंह की भारतीय टीम पुरूष केनोए युगल 500 मीटर फाइनल मे। : 54 . 723 सेकंड के समय के साथ आठवे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम क्याक युगल 500 मीटर और केनोए युगल 500 मीटर फाइनल मे आखिरी स्थान पर रही।

## हिंदुस्तान टाइम्स व कम्बाइंड मीडिया इलेवन जीते

**लखनऊ ।** कप्तान रोहित सिंह-3 विकेट की उपयोगी गेंदबाजी से हिंदुस्तान टाइम्स ने इकाना टी-20 मीडिया कप-2023 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मान्यता प्राप्त पत्रकार को 18 रन से हराया। दिन के दूसरे मैच में कम्बाइंड मीडिया इलेवन ने डीडीएआईआर इलेवन को 2 विकेट से पराजित किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए। जवाब में मान्यता प्राप्त पत्रकार की टीम निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 89 रन ही बना सकी। इससे पहले खेले गए दिन के पहले मैच में कम्बाइंड मीडिया इलेवन ने डीडीएआईआर इलेवन को 2 विकेट से शिकस्त दी। डीडीएआईआर से अमित शुक्ला ने पांच विकेट हासिल किए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। जवाब में कम्बाइंड मीडिया इलेवन ने 14.5 ओवर में 8 विकेट पर 89 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# भारतीय पुरूष हॉकी टीम सेमीफाइनल में





## ● बांग्लादेश को 12-0 से हराया

**भाषा।** हांगझोउ

**कप्तान हरमनप्रीत** सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में पूल ए के मैच में बांग्लादेश को 12-0 से हराकर पूल में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
भारतीय टीम ने पूल चरण के पांच मैचों में 58 गोल किए और सिर्फ पांच गोल गंवाए। इससे पहले भारतीय टीम ने उज्बेकिस्तान को 16-0 से , सिंगापुर को 16-। से, पाकिस्तान को 10-2 से और जापान को 4-2 से हराया था। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत (दूसरा, चौथा और 32वां मिनट) और मनदीप सिंह (18वां, 24वां और 46वां मिनट) ने तीन तीन गोल दागे। वहीं अभिषेक (41वां और 57वां) ने दो गोल किए जबकि अमित रोहिदास (28वां) , ललित उपाध्याय (23वां), गुरजंत सिंह (56वां) और नीलाकांता शर्मा (47वां) ने एक एक गोल किया। बांग्लादेश की टीम भारतीय गोल पर हमले नहीं कर सकी और एक बार फिर भारतीय गोलकीपर मूक दर्शक बने रहे। अब चार अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना पूल बी की दूसरे नंबर की टीम से होगा। भारत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में सफलता हासिल की जबकि मैदानी गोल भी दागे। भारतीय टीम ने सात मैदानी गोल दागने के अलावा 11 में से पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने पूरे मैच के दौरान लगातार हमले किए और दोनों हाफ में छह-छह गोल दागे। हरमनप्रीत ने दूसरे ही मिनट में मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर भारत को बढ़त दिलाई। कप्तान ने दो मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। युवा अभिषेक और मनदीप ने मिलकर मैदानी गोल किए। अभिषेक ने मनदीप और ललित के गोल में मदद भी की। भारत को इसके बाद तीसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत के प्रयास को बांग्लादेश के गोलकीपर मोहम्मद नोयोन ने रोका लेकिन रिबाउंड पर मनदीप ने गोल दाग दिया। रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जिससे भारत मध्यांतर तक 6-0 से आगे था। दूसरे हाफ में भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले।

## शतरंज: चौथे दौर में भारतीय टीमों को मिश्रित सफलता



**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष टीम ने एशियाई खेलो की शतरंज प्रतियोगिता के चौथे दौर में सोमवार को यहां किर्गिस्तान को 3.5-0.5 से हराया लेकिन महिला टीम को अपनी पहली पराजय का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम की तरफ से डी गुकेश, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा ने अपनी बाजियां जीती जबकि अर्जुन एरिगैसी ने अपनी बाजी ड्रॉ कराई।गुकेश ने एल्डियार ओरोज़बाएव को, गुजराती ने टोलोगोन टेगिन सेमेतेई को और अनुभवी हरिकृष्णा ने जरान ज़वशाइलीकोव को हराया। एरिगैसी को रसलन सेजबेकोव ने बराबरी पर रोका। चार दौर के बाद ईरान आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है जबकि भारत के सात अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। महिला वर्ग मे दूसरी वरीयता प्राप्त भारत को शीर्ष वरीय चीन से 1.5-2.5 से हार का सामना करना पड़ा। रमेशबाबू वैशाली की झोंगई तान से हार ने मुकाबले का निर्णय किया, क्योंकि बाकी तीन बाजियां ड्रॉ रही। कोनेरू हम्पी ने पूर्व विश्व चैंपियन यिफान होउ से, डी हरिका ने जिनर झोउ से और वंतिका अग्रवाल ने मो झाई से बाजी ड्रॉ खेली।चीन सात अंक लेकर चोटी पर पहुंच गया है जबकि भारत और कजाखस्तान के समान छह छह अंक है।

## गोताखोर लंदन सिंह पुरूष एक मीटर स्प्रिंग बोर्ड में 12वें स्थान पर

**हांगझोउ।** भारत के लंदन सिंह हेम्माम सोमवार को यहां एशियाई खेलो की पुरूष एक मीटर स्प्रिंगबोर्ड गोताखोरी स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 12वे स्थान पर रहे। लंदन ने 207.80 अंक बनाए।चीन के जोंगयुआन वैंग ने 459.50 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन के जियानफेंग पेंग ने 442.45 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। कोरिया के हेरान वू ने 395.95 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। लंदन मंगलवार को पुरूष तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा में हिस्सा लेंगे जिसमें भारत के सिद्धार्थ सिंह परदेसी भी चुनौती पेश करेंगे।

## भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

**हांगझोउ।** भारत की महिला बास्केटबॉल टीम एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां उत्तर कोरिया से 57-96 से हार गई।
भारतीय टीम का उत्तर कोरिया की टीम के सामने कोई मुकाबला नही था जिसके कारण उसे 20-26, 6-26, 17-22, 14-22 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में उत्तर कोरिया को चुनौती दी लेकिन अगले तीन क्वार्टर में उसकी एक नही चली। इससे पहले भारत ग्रुप ए मे दूसरे स्थान पर रहा था। उसने इंडोनेशिया को 66-46 और मंगोलिया को 68-61 से हराया था लेकिन गत चैंपियन चीन से उसे 53-111 से हार झेलनी पड़ी थी। उत्तर कोरिया सेमीफाइनल में चीन का सामना करेगा।

# सुतीर्था-अहिका की जोड़ी को टेटे में कांसा



**हांगझोउ।** विश्व चैम्पियन को हराने वाली सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी की जोड़ी को एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया से कड़े मुकाबले में 3-4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सुतीर्था और अहिका ने 2-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन कोरिया की सुगियोंग पाक और सुयोग चा ने निर्णायक गेम में बाजी मार ली। उन्होंने एक घंटे तक चला मुकाबला 7-11, 11 -8, 7-11, 11-8, 11-9, 5-11, 11-2 से जीता। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन चीन की चेन मेंग और यिडि वांग को हराया था। इसके साथ ही टेबल टेनिस में अब भारत की चुनौती समाप्त हो गई। इस बार भारत ने टेबल टेनिस में यही एक पदक जीता है। भारत ने जकार्ता में 2018 में पुरूष टीम और मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते थे। सुतीर्था ने मैच के बाद कहा , हम धीरज नहीं रख सके जो उन्होंने रखा। आखिरी गेम में हम नर्वस हो गए थे।

# अभ्यास सत्र से दूर रहे कोहली, खेल सकते हैं मैच

## ● नीदरलैंड से अभ्यास मैच आज

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**भारत के** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने निजी कारणों से सोमवार को यहां वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया, लेकिन वह नीदरलैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले टीम के दूसरे अभ्यास मैच में हिस्सा ले सकते हैं। कोहली 30 सितंबर को निजी करणों से गुवाहाटी से मुंबई चले गए थे तथा यहां स्थानीय कॉलेज के मैदान पर शाम के अभ्यास सत्र के लिए उपलब्ध नहीं थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, यह वैकल्पिक अभ्यास सत्र था। उनके जल्द ही टीम से जुड़ने की संभावना है और अगर जरूरत पड़ी तो वह अभ्यास मैच में खेलेंगे। कप्तान रोहित शर्मा, बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने अभ्यास सत्र में भाग लिया। भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अपनी तैयारी को परखने का आखिरी मौका होगा। टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से शुरू होगा जबकि भारत अपना पहला मैच आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। अभ्यास मैच सूर्यकुमार के पास अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत करने का आखिरी मौका भी होगा। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, अगर भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आप सूर्यकुमार या श्रेयस अय्यर में से किसी एक को खिला सकते हो। अगर सभी खिलाड़ी रन बना रहे हो तो यह बल्लेबाज (सूर्यकुमार) आपके लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकता है। भारतीय परिस्थितियों में हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को बमुश्किल ही संघर्ष करना पड़ता है और ऐसे में सूर्य मेरी अंतिम एकादश में शामिल होगा।

## नहीं चले पुजारा, शेष भारत पहली पारी में बड़ी बढ़त के करीब

**राजकोट।** विद्युत करिअप्पा और सौरभ कुमार के तीन-तीन विकेट की मदद से शेष भारत ने सोमवार को यहां चेतेश्वर पुजारा की अगुवाई वाले सौराष्ट्र के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर कर ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट मैच मे पहली पारी मे बड़ी बढ़त हासिल करने की तरफ कदम बढ़ाए। सौराष्ट्र ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी मे नौ विकेट पर 212 रन बनाए है और वह शेष भारत से 96 रन पीछे है। शेष भारत ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 298 रन से आगे बढ़ाई और उसकी टीम इस स्कोर में केवल 10 रन जोड़कर 308 रन पर आउट हो गई।इसके बाद हालांकि शेष भारत के गेंदबाजो ने सौराष्ट्र के बल्लेबाजो को भी नही टिकने दिया। भारतीय टेस्ट टीम मे वापसी की कवायद मे लगे पुजारा ने केवल 29 रन बनाए। उनके अलावा समर्थ व्यास (29), प्रेरक मांकड़ (29) और पार्थ भुत (20) ने भी 20 रन की संख्या को छुआ लेकिन कोई भी बड़ी पारी नही खेल पाया।सौराष्ट्र यदि 200 रन के पार पहुंच पाया तो उसका श्रेय अर्पित वासवदा को जाता है जिन्होंने 54 रन की पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय कप्तान जयदेव उनादकट 17 रन पर खेल रहे थे जबकि युवराज सिंह डोढ़िया को अभी अपना खाता खोलना है। शेष भारत की तरफ से करिअप्पा और सौरभ के अलावा शम्स मुलानी ने दो जबकि पुलकित नारंग ने एक विकेट लिया है।

# डीएएससीबी क्रिकेट टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से

## लीग कम नाकआउट आधार पर मुकाबले
## महिला वर्ग में राउंड रॉबिन फार्मेट से मैच



**लखनऊ।** डिफेंस एकाउंट डिर्पाटमेंट से संबद्ध देश की चुनिंदा टीमें लखनऊ में होने वाली 11वीं ऑल इंडिया डीएएससीबी क्रिकेट टूर्नामेंट में पुरुष व महिला वर्ग में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी। डिफेंस एकाउंट स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (डीएएससीबी) के तत्वावधान में आईएफए सीसी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के मुकाबले आगामी 4 से 8 अक्टूबर तक लखनऊ के विभिन्न मैदानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के बारे में सोमवार को हरिहर मिश्रा आईडीएएसए आईएफए-सीसी ने बताया कि टी.20 फार्मेट में होने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में आठ टीमें और महिला वर्ग में चार टीमें उतरेंगी। इसमें पुरुष वर्ग की टीमों को दो पूल में बांटा जाएगा। टूर्नामेंट के मैच सीएसडी सहारा क्रिकेट स्टेडियम गोमतीनगर, एनआर स्टेडियम चारबाग और जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड कानपुर रोड पर खेले जाएंगे। उन्होनें बताया कि पुरुष व महिला वर्ग वर्ग में लीग मैचों की शुरुआत चार अक्टूबर से होगी और 6 अक्टूबर तक प्रतिदिन 6 मैच ;ार पुरुष वर्ग, दो महिला वर्ग खेले जाएंगे। मैच लीग कम नाकआउट आधार पर होने वाले पुरुष वर्ग के मुकाबलों में दोनों पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। पुरुष वर्ग का सेमीफाइनल 7 अक्टूबर को और फाइनल 8 अक्टूबर को होगा। दूसरी ओर राउंड रॉबिन फार्मेट पर होने वाले महिला वर्ग के मुकाबलों में शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। महिला वर्ग का फाइनल 7 अक्टूबर को होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती देविका रघुवंशी एडीशनल सीजीडी एवं उपाध्यक्ष डीएएससीबी करेंगे। दूसरी ओर 8 अक्टूबर को होने वाले समापन व पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती रसिका चौबे आईडीएएस फाइनेंसियल एडवाइजरए डिफेंस सर्विसेजद्ध होंगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ इस टूर्नामेंट की तीसरी बार मेजबानी कर रहा है। पुरुष वर्ग में पिछली विजेता सीडीए जबलपुरए मेजबान पीसीडी सीसीद्ध लखनऊ और आईडीएस इलेवन की टीम को टूर्नामेंट में सीधे इंट्री मिली है जबकि जोनल टूर्नामेंट की विजेता टीमों ने आल इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। इस अवसर पर एसके चौधरी आईडीएएसए सीडीए सीसी श्रीमती नीलांशु गुप्ता आईडीएएसए सीनियर डिप्टी आईएफए सीसीद्ध भी मौजूद थी।

# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से हराया

## अभ्यास मैच

**गुवाहाटी।** मोईन अली के तूफानी अर्ध शतक की मदद से इंग्लैड ने विश्व कप के अभ्यास क्रिकेट मैच मे बांग्लादेश को 77 गेंद शेष रहते हुए चार विकेट से हराया।बा ंग्लादेश ने मेहदी हसन मिराज के 74 रन की मदद से जब 37 ओवर मे 9 विकेट पर 188 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल शुरू होने पर इंग्लैड को डकवर्थ लुईस पद्धति के आधार पर 37 ओवर मे 197 रन बनाने का लक्ष्य मिला जो उसने 24.1 ओवर मे छह विकेट खोकर हासिल कर दिया। मोईन अली ने 39 गेंद पर दो चौको और छह छक्को की मदद से 54 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने 34 और कप्तान जोस बटलर ने 30 रन का योगदान दिया।

## न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया



**तिरुवनंतपुरम।** डेवोन कॉनवे और टॉम लैथम के अर्धशतक से न्यूजीलैड ने वर्षा से प्रभावित अभ्यास मैच में सोमवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत सात रन से हराकर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम दिया।पहले अभ्यास मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद न्यूजीलैड ने दक्षिण अफ्रीका को भी हराया। न्यूजीलैड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉनवे (78) और लैथम (52) के अर्धशतक से 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कॉनवे ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 73 गेंद का सामना करते हुए 11 चौके और एक छक्का मारा। लैथम की 56 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्का शामिल रहा।ग्लेन फिलिप्स (43) और कप्तान केन विलियमसन (37) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।